

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 4 अंक: 206 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) बुधवार 06 मई 2026 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया


## जालंधर BSF हेडक्वार्टर के पास धमाका हादसा नहीं, ग्रेनेड हमला निकला

एक्टिवा ब्लास्ट की जांच में खुलासा— आतंकी साजिश के संकेत, सीमा पार कनेक्शन पर शक

समाज जागरण

जालंधर, 05 मई 2026: पंजाब के जालंधर स्थित BSF (सीमा सुरक्षा बल) हेडक्वार्टर के गेट के पास मंगलवार सुबह हुए धमाके को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। प्रारंभिक जांच में जिसे एक्टिवा में तकनीकी खराबी या हादसा माना जा रहा था, अब उसे सुनियोजित ग्रेनेड हमला बताया जा रहा है।

### जांच में आतंकी साजिश की पुष्टि

सुरक्षा एजेंसियों और शीर्ष खुफिया सूत्रों के अनुसार यह विस्फोट किसी सामान्य दुर्घटना का परिणाम नहीं था, बल्कि एक टारगेटेड आतंकी हमला था। जांच में यह भी सामने आया है कि यह पूरी घटना एक सोची-समझी साजिश का हिस्सा थी। सूत्रों के मुताबिक इस हमले के पीछे पाकिस्तान स्थित हैंडलर्स और प्रतिबंधित आतंकी संगठनों की भूमिका होने की आशंका है।

### बब्बर खालसा इंटरनेशनल पर शक

खुफिया एजेंसियों ने इस हमले के तार प्रतिबंधित संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल से जुड़े होने का संदेह जताया है। सुरक्षा एजेंसियां अब पूरे नेटवर्क की जांच में जुट गई हैं।

### सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

इस घटना ने एक बार फिर पंजाब की सुरक्षा व्यवस्था और सीमा पार से होने वाली आतंकी गतिविधियों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जांच एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि विस्फोटक सामग्री कैसे और किन रास्तों से पहुंचाई गई।

समाज जागरण ब्यूरो पंजाब डेस्क

# पश्चिम बंगाल भाजपा का सख्त संदेश:

## चुनाव बाद किसी भी तरह की हिंसा में शामिल न हों कार्यकर्ता, उल्लंघन पर होगी निष्कासन की कार्रवाई

समाज जागरण

पश्चिम बंगाल में हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों में भाजपा की निर्णायक जीत के बाद राज्य की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। इसी बीच मंगलवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने पार्टी कार्यकताओं को स्पष्ट और सख्त संदेश दिया है कि वे किसी भी प्रकार की चुनाव बाद हिंसा में शामिल न हों।

भट्टाचार्य ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कोई भी भाजपा कार्यकर्ता चुनाव के बाद हिंसक गतिविधियों में लिप्त पाया जाता है तो उसे पार्टी से तुरंत निष्कासित कर दिया जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया



कि भाजपा, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के कथित तरीकों को नहीं अपनाएगी।

### भाजपा ने दर्ज की बड़ी जीत

राज्य विधानसभा चुनावों में भाजपा ने 206 सीटों के साथ शानदार प्रदर्शन करते हुए बहुमत के साथ जीत दर्ज की है। वहीं तृणमूल कांग्रेस को 81 सीटें प्राप्त हुईं। अन्य दलों में कांग्रेस को 2 सीटें, सीपीआई-एम को 1 सीट, जबकि एआईएसएफ और आम जनता उन्नयन पार्टी को क्रमशः 1-1 और 2 सीटें मिली हैं।

### हिंसा और प्रशासन पर गंभीर आरोप

समाचार एजेंसी से बातचीत में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस ने जो किया, भाजपा उसे नहीं दोहराएगी। उन्होंने प्रशासन से अपील की कि किसी भी प्रकार की चुनाव बाद हिंसा को सख्ती से रोका जाए, अन्यथा इसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

भट्टाचार्य ने आरोप लगाया कि दमदम, आसनसोल और राजा-रहाट-गोपालपुर में तृणमूल के भीतर गुटबाजी खुलकर सामने आई है, जहां एक गुट ने भाजपा का झंडा इस्तेमाल कर दूसरे गुट के कार्यालय में तोड़फोड़ की।

### जबरन वसूली के आरोप भी लगाए

उन्होंने ई-रिक्शा चालकों और स्थानीय बाजारों में कथित जबरन वसूली को लेकर भी तृणमूल कार्यकताओं पर गंभीर आरोप लगाए। भट्टाचार्य ने कहा कि कोई भी रिक्शा चालक किसी को पैसे देने के लिए बाध्य नहीं होगा और न ही बिना अनुमति सड़क किनारे व्यापार करने वालों से वसूली की जाएगी।

### मछली-मांस प्रतिबंध के आरोपों पर प्रतिक्रिया

भाजपा की जीत के बाद मछली और मांस पर संभावित प्रतिबंध लगाए जाने के तृणमूल कांग्रेस के आरोपों को खारिज करते हुए भट्टाचार्य ने कहा कि ऐसे मुद्दे केवल राजनीतिक रूप से दिवालिया लोग ही उठाते हैं।

उन्होंने यह भी बताया कि नए मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह की तारीख पर अंतिम निर्णय पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व करेगा।

# पश्चिम एशिया तनाव से वैश्विक दबाव, भारतीय शेयर बाजार में गिरावट

समाज जागरण

नई दिल्ली, 05 मई 2026: सेंसेक्स 251 अंक टूटा, निफ्टी भी लाल निशान में बंद; बैंकिंग और ऑयल-गैस सेक्टर में सबसे ज्यादा दबाव

पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव का असर मंगलवार को भारतीय शेयर बाजार पर साफ दिखाई दिया। वैश्विक अनिश्चितता और ऊर्जा बाजार में बढ़ती अस्थिरता के बीच निवेशकों ने बिकवाली का रुख अपनाया, जिससे सेंसेक्स और निफ्टी दोनों गिरावट के साथ बंद हुए। दिनभर के कारोबार के बाद निफ्टी 86.50 अंक गिरकर 24,032.80 पर बंद हुआ, जबकि सेंसेक्स 251.61 अंक टूटकर 77,017.79 के स्तर पर



आ गया। शुरूआती मजबूती के बाद बाजार में लगातार दबाव बढ़ता गया और पिछले सत्र की बढ़त भी समाप्त हो गई।

सेक्टोरल दबाव गहराया

बैंकिंग, रियल्टी और ऑयल एंड गैस सेक्टर में सबसे अधिक बिकवाली देखने को मिली।

विशेषज्ञों का मानना है कि वैश्विक विकास को लेकर बढ़ती चिंताओं और कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव ने निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया है। हालांकि ऑटो और एफएमसीजी सेक्टर में हल्की खरीदारी से बाजार को कुछ सहारा मिला। वहीं, मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में मिला-जुला रुख देखने को मिला।

निफ्टी मिडकैप: 0.17% की बढ़त

निफ्टी स्मॉलकैप: 0.28% की बढ़त

### वैश्विक तनाव का असर

रिपोर्ट्स के अनुसार, अमेरिका और ईरान के बीच स्ट्रेट ऑफ होर्मुज क्षेत्र में झड़प की खबरों ने वैश्विक बाजारों में चिंता बढ़ा दी है। पहले से लागू युद्धविराम के बावजूद बढ़ते तनाव ने निवेशकों को सतर्क कर दिया है, जिसका सीधा असर भारतीय बाजार पर भी देखने को मिला।

# बिहार में तूफान और बिजली गिरने से भारी तबाही, 20 से अधिक लोगों की मौत

पूर्वी चंपारण, गया और औरंगाबाद सबसे ज्यादा प्रभावित; कई घायल, सरकार ने मुआवजे की घोषणा की

समाज जागरण

नई दिल्ली, 05 मई 2026: बिहार में पिछले 24 घंटों के दौरान खराब मौसम ने भारी तबाही मचाई है। तेज आंधी, तूफान, भारी बारिश और बिजली गिरने की घटनाओं में 20 से अधिक लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हुए हैं। सबसे अधिक नुकसान पूर्वी चंपारण, गया और औरंगाबाद जिलों में दर्ज किया गया है।

मुख्यमंत्री सचिवालय की ओर से मृतकों के परिजनों को 4 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की गई है। यह अचानक मौसम परिवर्तन एक दिन की भीषण गर्मी और उमस के बाद हुआ, जिसने राज्य के कई हिस्सों को प्रभावित कर दिया।



### कई जिलों में जान-माल का नुकसान

सोमवार देर दोपहर से ही आसमान में घने बादल छाने लगे और शाम तक तेज हवाओं के साथ बारिश और बिजली गिरने का सिलसिला शुरू हो गया। इसके बाद कई जिलों से लगातार जान-माल के नुकसान की खबरें सामने आईं।

पटना (बाढ़): पेड़ गिरने और दीवार ढहने से 2 की मौत

पूर्वी चंपारण: 5 लोगों की मौत

गया: 3 लोगों की मौत

औरंगाबाद: बिजली गिरने से 3 की मौत

वैशाली: 1 की मौत

सीतामढ़ी: 2 की मौत

भोजपुर: 1 की मौत

सीतामढ़ी में तूफान के दौरान बिजली का खंभा गिरने से दो महिलाओं की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।

### ग्रामीण इलाकों में आक्रोश

रोहतास में बिजली गिरने से एक युवक की मौत और चार लोग घायल हो गए। वहीं स्थानीय लोगों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए नाराजगी जताई है।

### रेलवे स्टेशन पर बड़ा हादसा टला

कटिहार रेलवे मंडल के आजमनगर स्टेशन पर एक बड़ा हादसा टल गया, जब पेड़ की भारी डाल हाईटेंशन तार पर गिर गई और आग लग गई। धुआं फैलने से यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई।

ट्रेन संख्या 55708 (कटिहार-राधिकापुर पैसेंजर) को करीब एक घंटे तक रोकना पड़ा, जिसके बाद स्थिति नियंत्रित कर परिचालन बहाल किया गया।

### जनजीवन अस्त-व्यस्त

तूफान और बारिश के कारण कई इलाकों में पेड़ और बिजली के खंभे गिर गए, जिससे सड़कों पर यातायात बाधित हो गया और घंटों तक बिजली आपूर्ति ठप रही।

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने पहले ही पूरे बिहार में आंधी, बारिश और बिजली गिरने का अलर्ट जारी किया था। प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने और सुरक्षा निर्देशों का पालन करने की अपील की है, क्योंकि मौसम की स्थिति अभी भी अस्थिर बनी हुई है। (इनपुट-आईएएनएस)

# एडमिरल त्रिपाठी की म्यांमार में अहम बैठक, भारत-म्यांमार नौसेना सहयोग को मजबूत करने पर जोर

## समुद्री सुरक्षा, प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण पर व्यापक चर्चा; बंगाल की खाड़ी में सहयोग बढ़ाने पर सहमति

समाज जागरण

नई दिल्ली, 05 मई 2026: भारतीय नौसेना के चीफ ऑफ नेवल स्टाफ (सीएनएस) एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने म्यांमार की राजधानी नेप्यीडॉ में म्यांमार नौसेना के कमांडर-इन-चीफ एडमिरल ह्टिन विन से महत्वपूर्ण मुलाकात की। इस दौरान दोनों देशों के बीच समुद्री सहयोग को और मजबूत करने तथा क्षेत्रीय सुरक्षा ढांचे को सुदृढ़ बनाने पर विस्तार से चर्चा हुई।

मुलाकात के दौरान प्रशिक्षण, क्षमता निर्माण, मोबाइल ट्रेनिंग टीम्स, हाइड्रोग्राफी और आपसी तालमेल (इंटरऑपरेबिलिटी) बढ़ाने जैसे अहम मुद्दों पर सहमति बनी। दोनों पक्षों ने बंगाल की खाड़ी क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा को मजबूत करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

### गार्ड ऑफ ऑनर के साथ हुआ स्वागत

भारतीय नौसेना के प्रवक्ता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर जानकारी देते हुए बताया कि म्यांमार दौरे के दौरान



एडमिरल त्रिपाठी को नेप्यीडॉ में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उन्होंने कहा कि यह बैठक दोनों नौसेनाओं के बीच सहयोग को नई दिशा देने और समुद्री सुरक्षा ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### रक्षा मंत्री से भी हुई मुलाकात

इस दौरे के दौरान एडमिरल त्रिपाठी ने म्यांमार के रक्षा मंत्री जनरल ह्टुन आंग से भी मुलाकात की। बैठक में दोनों देशों के रक्षा संबंधों की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई और भविष्य की प्राथमिकताओं पर चर्चा हुई। क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए भारत-म्यांमार रक्षा सहयोग की अहम भूमिका पर भी जोर दिया गया।

### नौसेना स्तर पर गहन सहयोग

इसके अलावा एडमिरल त्रिपाठी ने म्यांमार नौसेना के सेंट्रल नेवल कमांड और ट्रेनिंग कमांड के वरिष्ठ अधिकारियों से भी मुलाकात की। इस दौरान समुद्री सुरक्षा, ऑपरेशनल तालमेल, प्रशिक्षण सहयोग और भविष्य की संयुक्त गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा हुई।

भारतीय नौसेना प्रवक्ता के अनुसार, एडमिरल त्रिपाठी ने यांगून स्थित नेवल ट्रेनिंग कमांड का भी दौरा किया, जहां भारत की सहायता से विकसित किए गए कुछ महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स—जैसे कंटेनराइज्ड स्मॉल आर्म्स सिम्युलेटर और रिजिड इन्फ्लेटेबल बोट—म्यांमार नौसेना को सौंपे गए।

### क्षेत्रीय सुरक्षा पर साझा दृष्टिकोण

भारतीय नौसेना ने कहा कि यह दौरा दोनों देशों के बीच लंबे समय से चले आ रहे मैत्रीपूर्ण संबंधों को और मजबूत करता है। यह सहयोग आपसी विश्वास, सम्मान और हिंद महासागर क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता बनाए रखने की साझा प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

(इनपुट-आईएएनएस)

सीएम सम्राट चौधरी का बड़ा फैसला, सत्ता को सेवा से जोड़ने की पहल

# अब '1 अणे मार्ग' नहीं, 'लोक सेवक आवास' कहलाएगा बिहार का मुख्यमंत्री आवास

समाज जागरण

पटना, 05 मई 2026: बिहार की राजधानी पटना से एक बड़ा प्रशासनिक और राजनीतिक निर्णय सामने आया है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मंगलवार को ऐतिहासिक फैसला लेते हुए मुख्यमंत्री आवास '1 अणे मार्ग' का नाम बदलकर अब 'लोक सेवक आवास' कर दिया है।

इस निर्णय के बाद राज्य के राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में चर्चा तेज हो गई है। लंबे समय से '1 अणे मार्ग' के नाम से पहचाना जाने वाला यह मुख्यमंत्री आवास अब नई पहचान के साथ जाना जाएगा।

### 'जनसेवा' की सोच से लिया गया फैसला

सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का मानना है कि मुख्यमंत्री पद पर आसीन व्यक्ति वास्तव में जनता का सेवक होता है। इसी विचार को व्यवहारिक रूप देने के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री आवास का नाम बदलकर 'लोक सेवक आवास' रखने का निर्णय लिया। सरकारी स्तर पर इस बदलाव को प्रतीकात्मक लेकिन महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, जिसका उद्देश्य सत्ता और जनसेवा के बीच की दूरी को कम करना बताया जा रहा है।



### राजनीतिक गलियारों में चर्चा तेज

इस फैसले के बाद बिहार की राजनीति में नई बहस शुरू हो गई है। जहां सरकार इसे जनसेवा आधारित प्रशासन की दिशा में कदम बता रही है, वहीं विपक्ष इस पर अपनी प्रतिक्रिया देने की तैयारी में है।

### प्रशासनिक इतिहास में महत्वपूर्ण बदलाव

'1 अणे मार्ग' का नाम बदलकर 'लोक सेवक आवास' करना बिहार के प्रशासनिक इतिहास में एक उल्लेखनीय परिवर्तन माना जा रहा है। माना जा रहा है कि इस कदम से सरकारी पदों की गरिमा के साथ-साथ जनसेवा की भावना को भी बढ़ावा मिलेगा।

# घर में चल रही थी 'जहर की फैक्ट्री', ISIS Bio-Terror मॉड्यूल का खौफनाक खुलासा

## हजारों लोगों को निशाना बनाने की साजिश का पदार्फाश, NIA ने तीन आरोपियों पर दाखिल की चार्जशीट

समाज जागरण

नई दिल्ली, 05 मई 2026: राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने एक बेहद गंभीर और खतरनाक आतंकी साजिश का खुलासा करते हुए देश में सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क कर दिया है। जांच में सामने आया है कि कुछ आरोपी घर के भीतर ही "जहर की फैक्ट्री" संचालित कर रहे थे, जिसका उद्देश्य बड़े पैमाने पर जनहानि करना था।

### ISIS से जुड़े 'बायो-टेरर' मॉड्यूल का खुलासा

NIA की जांच में यह मामला ISIS से जुड़े एक बायो- टेरर मॉड्यूल से संबंधित पाया गया है। आरोपियों की योजना भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में जहरीले रसायनों का उपयोग कर हजारों लोगों को निशाना बनाने की थी।

### तीन आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल

इस मामले में NIA ने तीन आरोपियों के खिलाफ अहमदाबाद स्थित विशेष अदालत में चार्जशीट दाखिल की है। मुख्य आरोपी की पहचान हैदराबाद निवासी डॉ. सैयद अहमद मोहिउद्दीन के रूप में हुई है, जबकि उत्तर प्रदेश के दो अन्य आरोपी आजाद और मोहम्मद सुहेल भी इस साजिश में शामिल पाए गए हैं।

# नई सरकार, नई उम्मीदें: क्या बदलेगा बंगाल का भविष्य?

**संजय अग्रवाला, जलपाईगुड़ी, पश्चिम बंगाल**

पश्चिम बंगाल में हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण और अपेक्षाकृत हिंसामुक्त वातावरण में आयोजित हुए, जो अपने आप में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जानी चाहिए। इस सफलता का श्रेय मुख्य रूप से चुनाव आयोग को दिया जाना उचित है। चुनाव की निष्पक्षता, सुरक्षा व्यवस्था की सख्ती और प्रशासनिक नियंत्रण ने यह सुनिश्चित किया कि मतदाता बिना भय या दबाव के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। इस चुनाव ने कई मायनों में 2006 के चुनावों की याद दिलाई, जब चुनाव आयोग ने राज्य सरकार की कथित पक्षपातपूर्ण भूमिका के कारण चुनाव प्रक्रिया को लगभग अपने नियंत्रण में ले लिया था। 2005 में, वाम शासन के दौरान, तत्कालीन सांसद ममता बनर्जी ने बांग्लादेश से अवैध प्रवासियों को मतदाता सूची में शामिल किए जाने का आरोप लगाया था। इसके बाद चुनाव आयोग ने मतदाता सूची की गहन समीक्षा करवाई और लगभग 13 लाख फर्जी नामों को हटाया गया। 2006 के चुनाव में केंद्रीय बलों की तैनाती और बाहरी सुरक्षा व्यवस्था के कारण चुनाव पूरी तरह शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। 2026 का चुनाव भी इसी तरह की सख्ती और निष्पक्षता के साथ आयोजित हुआ, जिसने लोकतंत्र के प्रति जनता के विश्वास को और मजबूत किया।

चुनाव परिणामों से पहले ह्लपरिवर्तन या पुनरावृत्तिह्व का सवाल केवल पश्चिम बंगाल ही नहीं, बल्कि पूरे देश में चर्चा का विषय बना हुआ था। एग्जिट पोल और विभिन्न सर्वेक्षणों ने स्थिति को और उलझा दिया था। हर सर्वेक्षण किसी न किसी राजनीतिक दल के पक्ष में झुकाव दिखा रहा था, जिससे स्पष्ट तस्वीर सामने नहीं आ रही थी। लेकिन 29 अप्रैल को मतगणना के बाद सभी अटकलों पर विराम लग गया और एक स्पष्ट जनादेश सामने आया। इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने अभूतपूर्व सफलता हासिल करते हुए 293 में से 200 से अधिक सीटों पर विजय प्राप्त की। यह केवल साधारण बहुमत नहीं, बल्कि दो-तिहाई से अधिक सीटों के साथ एक ह्लसुपर मेजोरिटीह्व थी। इसके विपरीत, 2021 में 215 सीटें जीतने वाली तृणमूल कांग्रेस इस बार तीन अंकों तक भी नहीं पहुँच पाई। यह परिणाम पश्चिम बंगाल की राजनीतिक संस्कृति की एक विशेषता को दर्शाता है—जब भी सत्ता परिवर्तन होता है, जनता सत्तारूढ़ दल को पूरी तरह नकार देती है। इतिहास पर नजर डालें तो 1977 में कांग्रेस को हराकर वाम मोर्चा ने 231 सीटें जीती थीं, जबकि कांग्रेस मात्र 20 सीटों पर सिमट गई थी। 2011 में तृणमूल कांग्रेस ने वाम मोर्चा को पराजित कर 184 सीटें जीतीं, जबकि वाम मोर्चा 40 सीटों तक सीमित रह गया। 2026 में भी यही प्रवृत्ति देखने को मिली—एक दल की भारी जीत और दूसरे की करारी हार। बंगाली मतदाता भावनात्मक रूप से राजनीति से जुड़ा होता है। जब वह किसी दल से मोहभंग करता है, तो पूरी तरह से संबंध समाप्त कर देता है। इस बार भी कुछ ऐसा ही हुआ। हालांकि, इस बार एक नई बात यह रही कि यह मोहभंग अपेक्षाकृत कम समय में हुआ। तृणमूल कांग्रेस का शासन लगभग डेढ़ दशक तक चला, जो कि कम नहीं है, लेकिन कांग्रेस और वाम मोर्चा के लंबे शासनकाल की तुलना में छोटा था।

आज के डिजिटल युग में सूचना का प्रवाह बहुत तेज हो गया है। टेलीविजन और इंटरनेट के माध्यम से भ्रष्टाचार या प्रशासनिक विफलताओं की खबरें तुरंत जनता तक पहुँचती हैं। किसी मंत्री या नेता के खिलाफ वित्तीय अनियमितताओं की खबरें तेजी से फैलती हैं, जिससे जनता का विश्वास जल्दी टूट जाता है। यही कारण है कि अब सरकारों के लिए ह्लहनीमून पीरियडह्व बहुत छोटा हो गया है। तृणमूल सरकार पर व्यापक भ्रष्टाचार के आरोप लगे। यद्यपि इन मामलों की जांच और न्यायिक प्रक्रिया अभी जारी है, लेकिन जनमानस में यह धारणा मजबूत हो गई कि शासन में पारदर्शिता की कमी थी। कुछ लोग यह भी कहते हैं कि भ्रष्टाचार अब सामान्य बात हो गई है, लेकिन यह मानना कठिन है कि विवेकानंद और विद्यासागर की विरासत वाले समाज ने इसे पूरी तरह स्वीकार कर लिया हो। जनता अब केवल वादों से संतुष्ट नहीं होती, बल्कि ह्लक्या मिलाह्व इसका हिसाब मांगती है। लोग अब लंबे समय तक इंतजार करने के बजाय त्वरित और ठोस परिणाम चाहते हैं। इस चुनाव में यह स्पष्ट संकेत मिला कि बंगाल की जनता केवल जीवित रहना नहीं चाहती, बल्कि देश के अन्य प्रगतिशील राज्यों के साथ प्रतिस्पर्धा करना चाहती है। राज्य सरकार को अब केवल राहत वितरण तक सीमित नहीं रहना चाहिए। बाढ़, तूफान या अन्य आपदाओं के समय राहत देना जरूरी है, लेकिन यह सरकार का मुख्य कार्य नहीं हो सकता। सरकार का असली दायित्व है, स्थायी समाधान प्रदान करना, रोजगार सृजन करना, उद्योगों को बढ़ावा देना और बुनियादी ढांचे का विकास करना।

तृणमूल सरकार ने लक्ष्मी भंडार, युवा साथी जैसी कई योजनाएं शुरू कीं, लेकिन ये योजनाएं स्थायी विकास का विकल्प नहीं बन सकीं। जनता ने यह समझ लिया कि केवल आर्थिक सहायता से जीवन स्तर में दीर्घकालिक सुधार नहीं हो सकता। यही कारण है कि इस बार उन्होंने एक नए विकल्प को चुना। विकास के क्षेत्र में भी पश्चिम बंगाल अन्य राज्यों से पीछे रह गया। प्रति व्यक्ति आय के मामले में गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु और यहां तक कि ओडिशा भी आगे निकल गए। इसका सीधा असर रोजगार पर पड़ा और बड़ी संख्या में लोग काम की तलाश में दूसरे राज्यों की ओर पलायन करने लगे। चुनाव के समय हावड़ा और सियालदह स्टेशनों पर प्रवासी मजदूरों की भीड़ इसका स्पष्ट प्रमाण थी। शिक्षा व्यवस्था की स्थिति भी चिंताजनक रही। प्राथमिक स्तर के कई छात्र पढ़ने-लिखने और साधारण गणित करने में सक्षम नहीं हैं। गरीब और निम्न मध्यम वर्ग के परिवार अपने बच्चों को निजी स्कूलों और ट्यूशन पर भेजने के लिए मजबूर हैं, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है। स्वास्थ्य सेवाओं की हालत भी बेहतर नहीं रही। कई प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र 24 घंटे खुले नहीं रहते और डॉक्टरों की भारी कमी है। यह स्थिति ग्रामीण क्षेत्रों में और भी गंभीर है। नई सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था को सुधारना, बुनियादी ढांचे को विकसित करना और रोजगार के अवसर बढ़ाना है। इसके साथ ही भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन और कानून व्यवस्था को मजबूत करना भी जरूरी है। नई सरकार ने अपने घोषणापत्र में गहरे समुद्री बंदरगाह के निर्माण और सुंदरबन से दार्जिलिंग तक एक राष्ट्रीय राजमार्ग बनाने का वादा किया है, जिससे राज्य के उत्तर और दक्षिण के बीच बेहतर संपर्क स्थापित हो सकेगा। यदि ये योजनाएं सफल होती हैं, तो राज्य के आर्थिक विकास को नई दिशा मिल सकती है।

अंततः, यह समझना जरूरी है कि जनता का समर्थन स्थायी नहीं होता। नई सरकार के सामने केवल प्रशासन चलाने की ही नहीं, बल्कि अपने वादों को जमीन पर उतारने की बड़ी चुनौती भी है। चुनाव के दौरान प्रस्तुत घोषणापत्र में कई महत्वपूर्ण वादे किए गए हैं - जैसे सरकार बनने के छह महीने के भीतर गुलाबी मैनिफेस्टो को लागू करने का आश्वासन, महिलाओं और बेरोजगार युवाओं को हर महीने ₹ 3000 की आर्थिक सहायता देने की योजना, राज्य सरकार की सभी नौकरियों (पुलिस सहित) में महिलाओं के लिए 33% आरक्षण, सरकारी कर्मचारियों के लिए 7वें वेतन आयोग को 45 दिनों के भीतर लागू करने का वादा और पीएम किसान योजना के तहत राज्य के किसानों को ङ्र3000 अतिरिक्त सहायता देने की घोषणा। ये सभी वादे जनता की आकांक्षाओं को सीधे संबोधित करते हैं और अगर इन्हें प्रभावी रूप से लागू किया जाता है, तो राज्य के सामाजिक और आर्थिक ढांचे में सकारात्मक बदलाव आ सकता है। लेकिन इसके साथ ही यह भी याद रखना होगा कि जनता अब केवल वादों से संतुष्ट नहीं होती - वह ठोस परिणाम चाहती है। इसलिए नई सरकार के लिए असली परीक्षा अब शुरू होती है, जहां उसे अपने हर वादे को कार्यरूप में बदलकर जनता के विश्वास को बनाए रखना होगा। कुल मिलाकर, इस आज की तारीख में यूपी की चुनावी जंग में भाजपा का पलड़ा भारी लग रहा है। पश्चिम बंगाल की जीत ने पूरे देश में संदेश दिया है। उत्तर प्रदेश के ग्रामीण इलाकों से लेकर शहरों तक हिंदू समाज में उत्साह है। धार्मिक उत्सवों में राजनीतिक बहसें हो रही हैं। लोग कह रहे हैं, अब जात-पात नहीं, हिंदू एकता ही जीतेगी। अखिलेश अगर नहीं चेते, तो सपा का सफर मुश्किल होगा।

# परिवर्तन की बयार और सत्ता के बदलते समीकरण

**– महेन्द्र तिवारी**




वर्तमान विधानसभा चुनावों के परिणाम केवल सत्ता के हस्तांतरण की कहानी नहीं कहते, बल्कि वे भारतीय लोकतंत्र के विकसित होते स्वरूप का एक जीवंत दस्तावेज हैं। भारत के राजनीतिक मानचित्र पर पूरब से दक्षिण तक जो लहर दिखाई दी है, उसने स्थापित मान्यताओं को ध्वस्त करते हुए एक नई वैचारिक धरातल तैयार की है। पश्चिम बंगाल से लेकर तमिलनाडु और केरल से लेकर असम तक, मतदाताओं ने जिस प्रकार का विवेक प्रदर्शित किया है, वह यह स्पष्ट करता है कि अब भारतीय राजनीति केवल प्रतीकों के सहारे नहीं, बल्कि ठोस परिणामों और नए विकल्पों के आकर्षण पर आधारित हो चुकी है। इन चुनावों में सबसे चौंकाने वाला और ऐतिहासिक परिवर्तन पश्चिम बंगाल की धरती पर देखा गया। भारतीय जनता पार्टी ने यहाँ पहली बार पूर्ण बहुमत प्राप्त कर राज्य में अपनी सरकार बनाने की स्थिति हासिल की है। यह परिवर्तन साधारण नहीं है क्योंकि इसने ममता बनर्जी के नेतृत्व वाले लगभग 15 वर्ष लंबे शासन का अंत कर दिया है। बंगाल की राजनीति, जो दशकों तक वामपंथी और फिर तृणमूल कांग्रेस के इर्द-गिर्द घूमती रही, अब एक बिल्कुल नई दिशा में मुड़ गई है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यहाँ सत्ता-विरोधी लहर के साथ-साथ सांस्कृतिक और संगठनात्मक बदलाव की जो प्रक्रिया वर्षों से चल रही थी, उसने 2026 में अपना पूर्ण स्वरूप प्राप्त कर लिया। यह जीत केवल एक राज्य की जीत नहीं है, बल्कि इसे पूर्वी भारत में एक बड़ी राष्ट्रीय विचारधारा के विस्तार के रूप में देखा जा रहा है। बंगाल के मतदाताओं ने इस बार भ्रष्टाचार और प्रशासनिक जड़ता के विरुद्ध विकास और नई कार्यसंस्कृति को प्राथमिकता दी है। तृणमूल कांग्रेस के लिए यह एक बड़ा झटका है क्योंकि उनकी पकड़ न केवल ग्रामीण क्षेत्रों में कमजोर हुई, बल्कि शहरी मध्यम वर्ग ने भी इस बार परिवर्तन के पक्ष में मतदान किया।

दक्षिण की ओर रुख करें तो तमिलनाडु ने पूरे देश को अपनी राजनीतिक परिपक्वता और नए नेतृत्व के प्रति उत्साह से विस्मित कर दिया है। अभिनेता विजय की नवगठित पार्टी तमिलगा वेत्री कझगम ने अपने पहले ही चुनाव में जो प्रदर्शन किया है, वह किसी चमत्कार से कम नहीं है। तमिलनाडु की राजनीति दशकों से द्रविड़ मुनेत्र कझगम और अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कझगम जैसी दो पारंपरिक पार्टियों के वर्चस्व में बंधी हुई थी। विजय की पार्टी ने इस द्विपक्षीय चक्र को तोड़कर स्वयं को एक सशक्त विकल्प के रूप में स्थापित किया। आंकड़ों की दृष्टि से देखें तो उनकी पार्टी ने 100 से अधिक सीटों पर अपनी प्रभावी उपस्थिति दर्ज कराई है, जिससे वह राज्य की राजनीति में केवल तीसरी ताकत नहीं, बल्कि एक नई धुरी बनती दिख रही है। यह परिणाम इस बात का संकेत है कि तमिलनाडु का युवा वर्ग अब पुरानी द्रविड़ राजनीति के पारंपरिक ढांचों से बाहर निकलकर कुछ नया और आधुनिक देख रहा है। विजय ने अपनी रैलियों में जिस तरह से सामाजिक न्याय और सुशासन की बात की, उसने युवाओं और पहली बार मतदान करने वाले नागरिकों को गहराई से प्रभावित किया। यह बदलाव आने वाले समय में दक्षिण भारत की पूरी राजनीति को प्रभावित करने की क्षमता रखता है।

केरल में भी इस बार परिवर्तन की परंपरा अक्षुण्ण रही। संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा यानी यूडीएफ ने 10 वर्ष के अंतराल के बाद सत्ता में वापसी की है। पिछले चुनाव में वामपंथी लोकतांत्रिक मोर्चा यानी एलडीएफ ने लगातार दूसरी बार सरकार बनाकर जो इतिहास रचा था, उसे इस बार मतदाताओं ने दोहराने नहीं दिया। केरल के चुनावी इतिहास में यह देखा गया है कि जनता प्रायः हर 5 वर्ष में सरकार बदल देती है, परंतु पिछले कार्यकाल में इस परंपरा के टूटने के बाद यह माना जा रहा था कि वामपंथ की जड़ें और गहरी हो गई हैं। लेकिन 2026 के परिणामों ने सिद्ध कर दिया कि प्रशासनिक थकान और सत्ता के प्रति असंतोष किसी भी शासन के लिए घातक हो सकता है। यूडीएफ की इस जीत में कांग्रेस के नेतृत्व वाले गठबंधन ने अपनी पुरानी ताकत को फिर से संकलित किया। अल्पसंख्यकों और बहुसंख्यक समुदाय के बीच एक नए प्रकार के संतुलन और विकास के वादों ने यूडीएफ को पुनः सत्ता की दहलीज तक पहुँचाया। वामपंथी दलों के लिए यह आत्ममंथन का समय है क्योंकि उनका यह गढ़ अब ढह चुका है।

असम की स्थिति इन तीनों राज्यों से बिल्कुल भिन्न रही। यहाँ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने लगातार तीसरी बार सरकार बनाने की दिशा में जीत दर्ज कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के नेतृत्व में भाजपा ने अपनी पकड़ न केवल बनाए रखी, बल्कि उसे और अधिक मजबूत किया। असम का यह परिणाम स्थिरता की मांग को दर्शाता है। जहाँ अन्य राज्यों में परिवर्तन की लहर थी, वहीं असम के मतदाताओं ने मौजूदा नेतृत्व की नीतियों और सुरक्षा संबंधी दृष्टिकोण पर अपना विश्वास जताया। विकास कार्यों की गति और सीमावर्ती मुद्दों पर सरकार की सक्रियता ने जनता के बीच एक सकारात्मक संदेश भेजा। भाजपा के लिए असम पूर्वोत्तर भारत का वह प्रवेश द्वार बना हुआ है, जहाँ से उसकी नीतियां पूरे क्षेत्र को प्रभावित कर रही हैं। यह जीत यह भी दर्शाती है कि यदि नेतृत्व सक्रिय हो और विकास के जमीनी कार्य दिख रहे हों, तो सत्ता-विरोधी लहर का प्रभाव कम किया जा सकता है।

राष्ट्रीय स्तर पर यदि इन चार राज्यों के परिणामों का निचोड़ निकाला जाए, तो कई महत्वपूर्ण संकेत मिलते हैं। मतदाताओं ने इस बार 'परिवर्तन' को एक अनिवार्य आवश्यकता के रूप में देखा है। यह प्रवृत्ति उन राज्यों में अधिक स्पष्ट रही जहाँ सत्ता लंबे समय से एक ही दल के पास थी। भारतीय मतदाता अब बहुत अधिक गतिशील हो गया है। वह केवल पुराने संबंधों या भावनाओं के आधार पर वोट नहीं दे रहा, बल्कि वह परिणामों की समीक्षा कर रहा है। नए नेतृत्व और विकल्पों के लिए खुलापन इस चुनाव की सबसे बड़ी विशेषता रही। तमिलनाडु में विजय की पार्टी का उदय इसका सबसे सटीक उदाहरण है। वहीं दूसरी ओर, जहाँ स्थिरता और सुरक्षा का अनुभव हुआ, वहाँ मतदाताओं ने यथास्थिति को बनाए रखने में संकोच नहीं किया, जैसा कि असम में देखा गया। क्षेत्रीय दलों और राष्ट्रीय दलों के बीच का संतुलन भी बदल रहा है। जहाँ बंगाल में राष्ट्रीय दल ने क्षेत्रीय शक्ति को विस्थापित किया, वहीं तमिलनाडु में एक नई क्षेत्रीय शक्ति ने राष्ट्रीय स्तर के गठबंधनों को चुनौती दी।

इन चुनावों का एक और महत्वपूर्ण पहलू महिलाओं और युवाओं की भागीदारी रही। सभी राज्यों में मतदान प्रतिशत में वृद्धि देखी गई, जो लोकतंत्र की मजबूती का प्रतीक है। डेटा के अनुसार, पश्चिम बंगाल में महिला मतदाताओं का झुकाव इस बार निर्णायक साबित हुआ, जिन्होंने सुरक्षा और रोजगार के मुद्दों पर अधिक ध्यान दिया। केरल में शिक्षित युवाओं ने भ्रष्टाचार के मुद्दों पर वामपंथ के विरुद्ध मतदान किया। तमिलनाडु में सिनेमाई लोकप्रियता का राजनीतिक प्रभाव एक बार फिर सिद्ध हुआ, लेकिन इस बार इसके पीछे एक व्यवस्थित संगठन और नीतिगत ढांचा भी मौजूद था। यह चुनाव यह भी स्पष्ट करते हैं कि भारत की राजनीति अब अधिक गतिशील और प्रतिस्पर्धात्मक हो रही है। अब कोई भी राजनीतिक किला अभेद्य नहीं रह गया है। मतदाताओं की आकांक्षाएं बढ़ रही हैं और वे अब शासन से जवाबदेही की मांग कर रहे हैं।

निष्कर्ष के रूप में यह कहा जा सकता है कि 2026 के ये चुनाव परिणाम आने वाले 2029 के आम चुनावों के लिए एक बड़ी आधारभूमि तैयार कर रहे हैं। इन परिणामों ने यह संदेश दिया है कि भारतीय राजनीति में नए चेहरों और नए विचारों के लिए पर्याप्त स्थान है। क्षेत्रीय अस्मिता और राष्ट्रीय आकांक्षाओं के बीच एक नया सामंजस्य बनता दिख रहा है। बंगाल की जीत भाजपा के लिए एक बड़ी वैचारिक विजय है, जबकि तमिलनाडु में विजय का उदय द्रविड़ राजनीति के भविष्य पर प्रश्नचिह्न लगाता है। केरल और असम के परिणाम बताते हैं कि सुशासन और विकल्प की उपलब्धता ही सत्ता की कुंजी है। यह संपूर्ण प्रक्रिया भारतीय लोकतंत्र की उस जीवंतता को दर्शाती है, जिसमें जनता ही अंतिम निर्णायक है और उसकी चुप्पी में ही सबसे बड़े परिवर्तन के बीज छिपे होते हैं। 2026 का यह साल भारतीय राजनीतिक इतिहास में एक बड़े प्रस्थान बिंदु के रूप में याद किया जाएगा, जिसने पुराने दिग्गजों को विश्राम दिया और नए नायकों को मंच प्रदान किया।

(पुणे का कलंक)

# लखनऊ का महापर्व 'बड़ा मंगल' के भंडारों की गैस किल्लत ने फीकी की रौनक

**अजय कुमार, वरिष्ठ पत्रकार**







लखनऊ एक ऐसा शहर है जो अपनी तहजीब, नवाबी विरासत और धार्मिक सौहार्द के लिए पूरी दुनिया में जाना जाता है। यहाँ की गंगा-जमुनी तहजीब में जहाँ ईद की सेवइयाँ गली-मोहल्लों में बँटती हैं, वहीं जेठ के महीने में बड़े मंगल का उत्सव पूरे शहर को एक अलग ही रंग में रंग देता है। जेठ माह के पहले मंगल पर आज भंडारों का नजारा काफी बदला-बदला नजर आया।लखनऊ में बड़ा मंगल केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं है, यह लखनऊ की सामूहिक आत्मा का उत्सव है, जिसमें जाति, धर्म और वर्ग का कोई भेद नहीं रहता। हर गली, हर चैराहे पर भंडारे लगते हैं और हर आने-जाने वाले को प्रसाद मिलता है। जेठ माह के प्रत्येक मंगलवार को बड़ा मंगल कहा जाता है। हिंदू पंचांग के अनुसार जेठ का महीना भगवान हनुमान को विशेष रूप से प्रिय माना गया है और मंगलवार का दिन तो वैसे भी बजरंगबली का दिन होता है। इसलिए जेठ के मंगलवार को हनुमान जी की पूजा-अर्चना का विशेष महत्व है। मान्यता है कि इस दिन हनुमान जी की आराधना करने से मनोकामनाएँ शीघ्र पूर्ण होती हैं और भक्तों के संकट दूर होते हैं।

बड़े मंगल की परंपरा की शुरूआत के बारे में लखनऊ में एक बड़ी रोचक ऐतिहासिक कथा प्रचलित है। कहा जाता है कि यह परंपरा नवाबी काल में शुरू हुई। अवध के नवाब नासिर-उद-दीन हैदर के शासनकाल में एक बार लखनऊ में भीषण गर्मी और अकाल जैसे हालात पैदा हो गए थे। उस समय अलीगंज स्थित हनुमान मंदिर के महंत ने भगवान हनुमान से प्रार्थना की और जेठ के मंगलवारों को विशेष भंडारे आयोजित करने का संकल्प लिया। कहते हैं कि नवाब स्वयं इस आयोजन से इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने न केवल इसमें सहयोग दिया बल्कि इसे प्रोत्साहित भी किया। तभी से अलीगंज का पुराना हनुमान मंदिर बड़े मंगल का केंद्र बन गया और धीरे-धीरे यह परंपरा पूरे लखनऊ में फैल गई। आज भी अलीगंज मंदिर में बड़े मंगल पर लाखों श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं और वहाँ का भंडारा सबसे भव्य माना जाता है। बड़े मंगल की खासियत यह है कि यह केवल मंदिरों तक सीमित नहीं रहता। पूरा शहर इसमें शामिल हो जाता है। व्यापारी, उद्योगपति, राजनेता, समाजसेवी संस्थाएँ और आम नागरिक कृ सभी अपनी श्रद्धा और सामर्थ्य के अनुसार भंडारे लगाते हैं। गली-गली में पंडाल सजते हैं, भजन-कीर्तन की धुनें वातावरण को भक्तिमय बना देती हैं और पूड़ी-सब्जी, कढ़ी, छोले-चावल, लस्सी, आइसक्रीम जैसे पकवानों की सुगंध हर तरफ फैली रहती है। प्रसाद पाने के लिए किसी की जाति नहीं पूछी जाती, किसी का धर्म नहीं देखा जाता। यह सामूहिकता और समभाव ही बड़े मंगल को लखनऊ का सबसे लोकप्रिय लोकपर्व बनाती है।

लेकिन इस बार जेठ के पहले बड़े मंगल पर वह चिर-परिचित रौनक कुछ फीकी नजर आई। इसकी एक बड़ी वजह है रसोई गैस की किल्लत और बढ़ती कीमतें। भंडारे लगाने वाले आयोजकों का कहना है कि पूड़ी-सब्जी बनाने में गैस की खपत सबसे अधिक होती है। कड़ाही में लगातार तेल गर्म करके पूड़ियाँ तलना और सब्जी पकाना एक लंबी और गैस-गहन प्रक्रिया है। इस बार गैस सिलेंडर की कीमतें और उपलब्धता दोनों ने आयोजकों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। नतीजा यह हुआ कि जो भंडारे लगे, उनमें से अधिकतर में पूड़ी-सब्जी की जगह कढ़ी-चावल और छोले-चावल ने ले ली। ये व्यंजन एक बार बनने के बाद गर्म रखने में कम ऊर्जा लगती है और स्वाद में भी श्रद्धालुओं को संतुष्ट करते हैं, लेकिन बड़े मंगल की पारंपरिक थाली जिसमें गरमागरम पूड़ी और आलू की सब्जी का जो आनंद था, वह इस बार कम दिखा। भंडारों की संख्या में भी उल्लेखनीय कमी देखी गई। जो मोहल्ले हर साल दर्जनों भंडारे लगाने के लिए जाने जाते थे, वहाँ इस बार दो-चार ही आयोजन हो पाए। कुछ आयोजकों ने बताया कि गैस की व्यवस्था न होने पर वे लकड़ी या कोयले का उपयोग करने में असमर्थ थे क्योंकि शहरी इलाकों में यह व्यावहारिक नहीं है।

इस बार एक और कारण भी है जिसने पहले बड़े मंगल की भव्यता को कुछ विभाजित किया। इस वर्ष जेठ माह के साथ-साथ अधिकमास यानी लौंज का महीना भी पड़ रहा है। इस कारण इस बार जेठ में चार की बजाय आठ बड़े मंगल पड़ेंगे। श्रद्धालुओं और आयोजकों का उत्साह आठ मंगलों में बँट गया है। पहले जब चार ही मंगल होते थे तो हर एक पर पूरी ताकत और उत्साह लगाया जाता था, अब आठ मंगलों की श्रृंखला को देखते हुए लोगों ने शायद बाद के मंगलों के लिए अपनी तैयारी सुरक्षित रखी है। हालाँकि उत्सव का भाव पूरी तरह मंद नहीं पड़ा। शहर में जगह-जगह हनुमान जी के जयकारे गूँजते रहे और भक्तों की आस्था में कोई कमी नहीं दिखी। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय के बाहर पश्चिम बंगाल में पार्टी की जीत के जश्न के रूप में एक भव्य भंडारा आयोजित किया गया जो शहर में चर्चा का विषय रहा। इससे यह भी स्पष्ट होता है कि बड़े मंगल का भंडारा अब केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह सामाजिक और राजनीतिक उपलब्धियों के उत्सव का माध्यम भी बन गया है। बड़ा मंगल लखनऊ की उस विशिष्ट पहचान का हिस्सा है जो इसे देश के अन्य शहरों से अलग करती है। गैस की किल्लत और बदलती परिस्थितियाँ भले ही इस बार कुछ रुकावट बनी हों, लेकिन जिस शहर की आत्मा में यह पर्व सदियों से बसा हो, वहाँ आस्था की लौ बुझने वाली नहीं है। आने वाले मंगलों पर लखनऊवासी फिर उसी जोश और उल्लास के साथ बजरंगबली के जयकारे लगाएँगे और भंडारों की रौनक शहर की फिजाँ में घुल जाएगी।

### गजल

*नजर से नजर की जो 'मुलाकात' हो गई,*
*खामोश थी वो बस एक ही बात हो गई।*
*चाय की 'महक' में घुल-सा गया इकरार,*
*लब कुछ न बोले, मगर शुरूआत हो गई।*

*जाने उसकी हँसी में जैसे कोई राग छुपा,*
*दिल की धड़कनों में नई 'सौगात' हो गई।*

*आँखों ने ही पूछ लीं हर अनकही कहानी,*
*बिना 'अल्फाज' के ही सारी बात हो गई।*

*वो सामने बैठा था, वक्त यूं ठहर सा गया,*
*लम्हों की यह मुलाकात, जज्बात हो गई।*
*कहना तो बहुत था, मगर हम कह न सके,*
*वो चुप्पी ही जैसे दिल की जुबान हो गई।*

*ये इश्क भी बड़ा अजीब है 'संजय', देखो,*
*एक नजर में ही पूरी ये कायनात हो गई।*



*संजय एम तराणेकर*

*(कवि, लेखक व समीक्षक)*

*इन्दौर-452011 (मध्य प्रदेश)*

**7 मई: गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर जयंती**

# राष्ट्रगान के रचयिता राष्ट्र कवि रवीन्द्रनाथ टैगोर

भारत के सांस्कृतिक और साहित्यिक इतिहास में रविन्द्र नाथ टैगोर का नाम अत्यंत गौरव के साथ लिया जाता है। वे न केवल महान कवि, दार्शनिक और शिक्षाविद् थे, बल्कि भारत को पहला नोबेल पुरस्कार दिलाने वाले साहित्यकार भी थे। वर्ष 1913 में उन्हें उनकी काव्य कृति गीतांजलि के लिए साहित्य का नोबेल पुरस्कार प्राप्त हुआ, जिससे भारत को विश्व पटल पर नई पहचान मिली।

रवीन्द्रनाथ टैगोर भारत के राष्ट्रगान ह्लजन गण मनह्व के रचयिता हैं। यही नहीं, वे विश्व के ऐसे अद्वितीय व्यक्तित्व हैं जिन्होंने दो देशों के राष्ट्रगान की रचना की—भारत के साथ-साथ बांग्लादेश का राष्ट्रगान ह्लआमार सोनार बांग्लाह्व भी उनकी ही देन है। उनके नाम पर विकसित संगीत की विशिष्ट धारा को ह्लरवीन्द्र संगीतह्व कहा जाता है, जो आज भी भारतीय संगीत परंपरा का अमूल्य हिस्सा है। 13 अप्रैल 1919 को हुए जलियांवाला बाग कांड ने पूरे देश को झकझोर दिया। इस अमानवीय घटना से आहत होकर टैगोर ने ब्रिटिश सरकार द्वारा प्रदत्त ह्लसरह्व की उपाधि लौटा दी। उन्होंने तत्कालीन वायसराय को पत्र लिखकर कहा कि ऐसे सम्मान अब उनके लिए शर्म और अपमान का प्रतीक बन चुके हैं। यह कदम न केवल उनके आत्मसम्मान का प्रतीक था, बल्कि स्वतंत्रता संग्राम में एक नई चेतना का संचार भी था।

टैगोर के साहित्य में राष्ट्रप्रेम, मानवीय संवेदना और सामाजिक चेतना की गहरी छाप दिखाई देती है। उन्होंने समाज में व्याप्त अन्याय, शोषण और अधिकारों के हनन के विरुद्ध लोगों को जागरूक किया। उनकी रचनाओं ने स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान जनमानस में आत्मसम्मान और राष्ट्रीयता की भावना को प्रबल किया।

कला के क्षेत्र में भी उनका योगदान अतुलनीय रहा। उन्होंने भारतीय चित्रकला की पारंपरिक शैली को पुनर्जीवित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसे ह्लबंगाल स्कूल ऑफ आर्टह्व के रूप में जाना जाता है। उनके प्रयासों से भारतीय कला को नई दिशा और पहचान मिली।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# 09 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु समीक्षा बैठक आयोजित

## जनपद न्यायाधीश ने न्यायिक अधिकारियों को दिए अधिकतम वाद निस्तारण के निर्देश

**समाज जागरण**

गौतमबुद्धनगर, 05 मई 2026: जनपद गौतमबुद्धनगर में आगामी 09 मई 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर न्यायिक स्तर पर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इस संबंध में माननीय जनपद न्यायाधीश अतुल श्रीवास्तव की अध्यक्षता में न्यायालय सभागार में न्यायिक अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक का मुख्य उद्देश्य लोक अदालत के माध्यम से अधिक से अधिक मामलों का आपसी सुलह एवं समझौते के आधार पर त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करना रहा।




### विभिन्न श्रेणियों के मामलों का होगा निस्तारण

राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना प्रतिकर अधिनियम, वैवाहिक वाद, उत्तराधिकार अधिनियम, दीवानी वाद, एमवी एक्ट, ई-चालान, आर्बिट्रेशन, लघु शमनीय अपराध, धारा 138 एनआई एक्ट, विद्युत अधिनियम, भू-राजस्व, सेवा एवं पेंशन से जुड़े मामलों सहित अनेक प्रकार के मामलों का निस्तारण किया जाएगा।

इसके साथ ही प्री-लिटीगेशन स्तर पर बैंक ऋण, विद्युत एवं बीएसएनएल बिल जैसे मामलों को भी शामिल किया जाएगा।

### जनपद न्यायाधीश ने दिए निर्देश

माननीय जनपद न्यायाधीश ने न्यायिक अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक वादों का निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा पक्षकारों को समय से पूर्व सूचित किया जाए, जिससे लोक अदालत का अधिकतम लाभ जनता तक पहुंच सके।

### न्यायिक अधिकारियों की उपस्थिति

बैठक में श्री सुनील कुमार (प्रथम अपर जिला जज), श्रीमती सोमप्रभा मिश्रा (नोडल अधिकारी लोक अदालत), श्री अभिषेक पांडेय (अपर जिला जज पॉक्सो), श्री मयंक त्रिपाठी (अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट), श्रीमती शिवानी रावत (सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण) सहित कई न्यायिक अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार पर भी विशेष जोर दिया गया ताकि अधिक से अधिक मामलों को इसमें शामिल कर त्वरित न्याय सुनिश्चित किया जा सके।

# शिक्षामित्र सम्मान एवं बढ़ा हुआ मानदेय वितरण समारोह भव्यता के साथ संपन्न

## गोरखपुर कार्यक्रम का सजीव प्रसारण, जनपद में भी उत्साहपूर्ण आयोजन; मंत्री ने किए प्रतीकात्मक चेक वितरित

**समाज जागरण**

गौतमबुद्धनगर, 05 मई 2026: जनपद गौतमबुद्धनगर में शिक्षामित्र सम्मान एवं बढ़ा हुआ मानदेय वितरण समारोह सोमवार को भव्यता के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में गोरखपुर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम का सजीव प्रसारण प्रदेशभर के साथ जनपद में भी उत्साहपूर्वक देखा एवं सुना गया।

जनपद स्तर पर यह कार्यक्रम जीएनआईओटी कॉलेज, ग्रेटर नोएडा के ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया, जहां बड़ी संख्या में शिक्षामित्र, जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य मंत्री (संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास विभाग) जसवंत सिंह सैनी उपस्थित रहे। उनके साथ जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी, विधायक जेवर धीरेंद्र सिंह, विधायक दादरी तेजपाल नागर, जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा एवं महानगर अध्यक्ष महेश चौहान सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।




प्रशासनिक स्तर पर जिलाधिकारी मेधा रूपम, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. शिवाकांत द्विवेदी, उप शिक्षा निदेशक अर्चना गुप्ता, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार सिंह तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पवार सहित अधिकारी उपस्थित रहे।

### शिक्षामित्रों को मिला बढ़े हुए मानदेय का लाभ

कार्यक्रम के दौरान माननीय मंत्री जसवंत सिंह सैनी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त करते हुए शिक्षामित्रों को बढ़े हुए मानदेय के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि सरकार शिक्षामित्रों के हितों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है और यह निर्णय उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर मंत्री द्वारा शिक्षामित्रों को 18,000 रुपये मानदेय के प्रतीकात्मक चेक वितरित कर सम्मानित किया गया। जनपद में कुल 628 शिक्षामित्रों एवं 38 अनुदेशकों को इस योजना का लाभ मिला।

### शैक्षिक नवाचारों का हुआ अवलोकन

कार्यक्रम में शिक्षा विभाग द्वारा लगाए गए विभिन्न स्टॉलों का भी अतिथियों द्वारा अवलोकन किया गया। इन स्टॉलों पर शैक्षिक नवाचार, डिजिटल शिक्षण तकनीक एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रस्तुत की गई, जिसे सभी ने सराहा।

सौजन्य: सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर

# हीट वेव प्रबंधन को लेकर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न

## सभी विभागों को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश, सिटी हीट एक्शन प्लान प्रभावी रूप से लागू करने पर जोर

**समाज जागरण**

गौतमबुद्धनगर, 05 मई 2026: जनपद गौतमबुद्धनगर में भीषण गर्मी और संभावित लू (हीट वेव) के प्रभाव से आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की महत्वपूर्ण बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में हीट वेव प्रबंधन की तैयारियों की समीक्षा करते हुए सभी संबंधित विभागों को समन्वित एवं प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) ने अवगत कराया कि शासन के निर्देशानुसार जनपद का सिटी हीट एक्शन प्लान तैयार कर लिया गया है, जिसे प्रभावी रूप से लागू किया जाएगा।




### स्वास्थ्य एवं आपात सेवाओं पर विशेष जोर

जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि सभी प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर 24 घंटे चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। साथ ही पर्याप्त मात्रा में दवाएं, ओआरएस और आवश्यक तरल पदार्थों का स्टॉक बनाए रखने के निर्देश दिए गए। 108 एवं 102 एम्बुलेंस सेवाओं को पूरी तरह सक्रिय रखने तथा हीट स्ट्रोक से बचाव हेतु व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने पर भी जोर दिया गया।

### अन्य विभागों को भी दिए सख्त निर्देश

बैठक में विभिन्न विभागों को निम्न निर्देश दिए गए– परिवहन विभाग: बस अड्डों पर छाया एवं पेयजल की व्यवस्था

पशुपालन विभाग: मवेशियों के लिए पानी, टीकाकरण एवं छाया

वन विभाग: वनीकरण को बढ़ावा

अग्निशमन विभाग: 24 घंटे अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश

शिक्षा विभाग: विद्यालयों में पेयजल, पंखे और जागरूकता

नगर निकाय/पंचायती राज: प्याऊ एवं कूलिंग सेंटर संचालन

विद्युत विभाग: निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश

श्रमिकों और आमजन की सुरक्षा पर विशेष ध्यान

जिलाधिकारी ने निर्माण स्थलों पर कार्यरत श्रमिकों के लिए विशेष एडवाइजरी जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दोपहर के समय कार्य नहीं कराया जाए तथा इस अवधि को विश्राम एवं भोजन के लिए रखा जाए। साथ ही कार्यस्थलों पर शीतल जल एवं छाया की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया।

### गैस पाइपलाइन सुरक्षा पर निर्देश

बैठक में गेल (इंडिया) लिमिटेड द्वारा प्राकृतिक गैस पाइपलाइन सुरक्षा को लेकर प्रस्तुतीकरण दिया गया। जिलाधिकारी ने पाइपलाइन सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने तथा किसी भी प्रकार के अनधिकृत निर्माण या खुदाई पर पूर्ण प्रतिबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### अनुपस्थिति पर जताई नाराजगी

जिलाधिकारी ने बैठक में तीनों प्राधिकरणों से किसी एसीईओ की अनुपस्थिति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए गंभीरता से उपस्थित रहने के निर्देश दिए। बैठक में विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बाढ़ समिति की समीक्षा बैठक सम्पन्न

## बाढ़ प्रबंधन की तैयारियों की समीक्षा, सभी विभागों को समयबद्ध कार्ययोजना प्रस्तुत करने के निर्देश

**समाज जागरण**

गौतमबुद्धनगर, 05 मई 2026: जनपद गौतमबुद्धनगर में संभावित बाढ़ परिस्थितियों को देखते हुए कलेक्ट्रेट सभागार में बाढ़ समिति की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जनपद की भौगोलिक स्थिति के आधार पर बाढ़ से निपटने की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई।




जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि बाढ़ की स्थिति में की जाने वाली कार्रवाई हेतु अपनी-अपनी विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर शीघ्र जिला आपदा प्रबंधन को उपलब्ध कराएं।

### सिंचाई विभाग ने दिया संभावित क्षेत्रों का विवरण

बैठक में सिंचाई विभाग द्वारा यमुना नदी से प्रभावित होने वाले संभावित ग्रामों एवं क्षेत्रों का विवरण प्रस्तुत किया गया। जिलाधिकारी ने सिंचाई, पशु चिकित्सा, कृषि, स्वास्थ्य, लोक निर्माण, विद्युत, अग्निशमन, जल निगम एवं आपूर्ति विभाग की तैयारियों की समीक्षा की।

उन्होंने कहा कि सुव्यवस्थित योजना और समन्वित कार्यप्रणाली से बाढ़ जैसी आपदाओं के प्रभाव को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है।

### अवैध अतिक्रमण पर सख्त कार्रवाई के निर्देश

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि अधिसूचित क्षेत्रों में सरकारी भूमि पर अवैध अतिक्रमण और जनहानि की आशंका वाली गतिविधियों पर धारा 10 के अंतर्गत नोटिस जारी किए जाएं। साथ ही पुलिस विभाग को नियम विरुद्ध निर्माण पर कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

तीनों विकास प्राधिकरणों के एसीईओ की अनुपस्थिति पर जिलाधिकारी ने नाराजगी भी व्यक्त की।

बाढ़ नियंत्रण को लेकर दिए महत्वपूर्ण निर्देश

बैठक में बाढ़ नियंत्रण के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए–

पूर्वानुमान एवं चेतावनी प्रणाली को मजबूत किया जाए

तटबंधों का समयबद्ध निरीक्षण व मरम्मत हो

बाढ़ चौकियों की स्थापना सुनिश्चित की जाए

नालों की सफाई एवं जल निकासी व्यवस्था दुरुस्त की जाए

राहत एवं बचाव कार्यों के लिए प्रभावी रणनीति तैयार की जाए

विभागवार तैयारियों पर जोर

पशु चिकित्सा विभाग: गौशालाओं की मैपिंग व भूसे की पर्याप्त व्यवस्था

कृषि विभाग: फसलों को बचाने की कार्ययोजना तैयार

स्वास्थ्य विभाग: रैपिड रिस्पांस टीम व मेडिकल टीमों की तैनाती

लोक निर्माण विभाग: बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सड़कों की मरम्मत

विद्युत विभाग: वैकल्पिक बिजली आपूर्ति व्यवस्था

जल निगम: हैंडपंपों की मरम्मत एवं नए हैंडपंप की स्थापना

समन्वय पर विशेष जोर

जिलाधिकारी ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और समय रहते सभी तैयारियां पूर्ण करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी विभाग के पास संसाधनों की कमी हो तो उसकी सूचना तत्काल दी जाए, ताकि आवश्यक व्यवस्था की जा सके।

सौजन्य: सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर

# नोएडा-ग्रेटर नोएडा में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर डीडी आरडब्लूए की महत्वपूर्ण बैठक

## हाईराइज सोसाइटी, औद्योगिक इकाइयों और फार्म हाउस में फायर सेफ्टी मजबूत करने की मांग

**समाज जागरण**

गौतमबुद्धनगर, 05 मई 2026: डीडी आरडब्लूए अध्यक्ष श्री एन. पी. सिंह के नेतृत्व में नोएडा, ग्रेटर नोएडा एवं यमुना क्षेत्र में आग लगने की घटनाओं की रोकथाम, सुरक्षा उपायों एवं आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता को लेकर एक महत्वपूर्ण गोष्ठी आयोजित की गई।

इस दौरान जनपद गौतमबुद्धनगर के मुख्य अग्निशमन अधिकारी श्री प्रदीप कुमार चौबे से विस्तृत चर्चा की गई तथा संगठन की ओर से एक औपचारिक पत्र भी सौंपा गया।

### हाईराइज सोसाइटी में फायर सेफ्टी उपकरणों की कमी पर चिंता

बैठक में अवगत कराया गया कि नोएडा-ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में सेक्टरों, सोसाइटियों, हाईराइज अपार्टमेंट (40-50 मंजिल तक), औद्योगिक इकाइयों, कम्युनिटी सेंटर, वेडिंग हॉल और फार्म हाउस में लाखों लोग निवास करते हैं।



डीडी आरडब्लूए ने चिंता जताई कि इन ऊंची इमारतों के अनुरूप अग्निशमन विभाग के पास पर्याप्त आधुनिक उपकरण एवं हाइड्रोलिक सिस्टम की कमी है। संगठन ने मांग की कि भवन की ऊंचाई के अनुसार फायर सेफ्टी उपकरण अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराए जाएं।

### अनुमति से पहले सुरक्षा व्यवस्था अनिवार्य करने की मांग

आरडब्लूए ने सुझाव दिया कि किसी भी हाईराइज बिल्डिंग को अनुमति तभी दी जाए जब बिल्डर द्वारा सभी आवश्यक अग्नि सुरक्षा उपाय पूर्ण कर लिए जाएं। साथ ही औद्योगिक इकाइयों, शादी स्थलों, फार्म हाउस एवं कम्युनिटी सेंटर में फायर एक्सटिंग्विशर एवं अन्य सुरक्षा उपकरणों की अनिवार्य व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

### ग्रामीण क्षेत्रों में भी सुरक्षा व्यवस्था की आवश्यकता

बैठक में यह भी कहा गया कि ग्रामीण क्षेत्रों में बने बड़े अपार्टमेंट में संकरी सड़कों के कारण फायर ब्रिगेड की गाड़ियों का पहुंचना कठिन होता है, ऐसे में बेहतर शहरी नियोजन और आपात पहुंच मार्गों की व्यवस्था जरूरी है।

### ऊंची इमारतों पर नियंत्रण की मांग

संगठन ने यह भी सुझाव दिया कि जल संकट और भूजल स्तर में गिरावट को देखते हुए 10झ12 मंजिल से अधिक ऊंची इमारतों के निर्माण की अनुमति पर पुनर्विचार किया जाना चाहिए।

### जागरूकता अभियान पर सहमति

डीडी आरडब्लूए ने अनुरोध किया कि अग्निशमन विभाग द्वारा सेक्टरों एवं सोसाइटियों में नियमित बैठकें कर नागरिकों को अग्नि सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक किया जाए।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी श्री प्रदीप कुमार चौबे ने संगठन के प्रयासों की सराहना करते हुए आश्वासन दिया कि विभाग आरडब्लूए के साथ मिलकर जागरूकता अभियान चलाएगा तथा सभी सोसाइटियों में फायर सेफ्टी मीटिंग आयोजित की जाएगी।

इस अवसर पर डीडी आरडब्लूए अध्यक्ष एन. पी. सिंह, उपाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, महासचिव शेर सिंह भाटी, ममता तिवारी, राजू प्रधान सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। फायर सर्विस ऑफिसर श्री विनोद पांडे भी मौजूद रहे।

# गौतमबुद्धनगर में अवैध शराब पर बड़ी कार्रवाई, 50 पव्वा देशी शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**समाज जागरण/संदीप गर्ग**

नोएडा, 05 मई 2026: उत्तर प्रदेश शासन एवं आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के आदेशों के अनुपालन में जिलाधिकारी एवं पुलिस आयुक्त गौतमबुद्धनगर के निर्देशन तथा जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में अवैध शराब की बिक्री एवं परिवहन पर रोक लगाने हेतु विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है।




इसी क्रम में दिनांक 04-05-2026 को आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-6 एवं थाना दनकौर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा थाना दनकौर क्षेत्र में छापेमारी कर अवैध शराब की बिक्री करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया।

### 50 पव्वा देशी शराब बरामद

कार्रवाई के दौरान अभियुक्त नितिन कुमार पुत्र ओमप्रकाश के कब्जे से कुल 50 पव्वा मिस इंडिया ब्रांड देशी शराब (उत्तर प्रदेश मार्का, 200 एमएल) बरामद की गई, जिसकी कुल मात्रा लगभग 10.00 बीएल बताई गई है।

### मामला दर्ज कर कार्रवाई जारी

गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना दनकौर में संयुक्त प्रांत आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### विभाग का सख्त संदेश

आबकारी विभाग ने स्पष्ट किया है कि जनपद में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं परिवहन पर पूर्ण अंकुश लगाने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा तथा ऐसे मामलों में कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# थाना बीटा-2 पुलिस की बड़ी कार्रवाई, चेन स्नैचिंग का वांछित आरोपी गिरफ्तार

## ग्रीन बेल्ट गामा-2 से गिरफ्तारी, नकदी, चोरी की बाइक और अवैध चाकू बरामद

**समाज जागरण/संदीप गर्ग**

नोएडा, 05 मई 2026: थाना बीटा-2 पुलिस ने मैनुअल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए चेन स्नैचिंग के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

पुलिस ने अभियुक्त मोनू श्रीवास्तव पुत्र तुलसी को ग्रीन बेल्ट, गामा-2 क्षेत्र से गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से स्नैचिंग की गई चेन के लॉकेट की बिक्री से प्राप्त ₹5,500 नकद, एक चोरी की मोटरसाइकिल (मुकदमा संख्या 203/2023, थाना सूरजपुर से संबंधित) तथा एक अवैध चाकू बरामद किया गया है।

शातिर अपराधी है आरोपी

पुलिस के अनुसार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जो राह चलते लोगों से चेन स्नैचिंग की घटनाओं को अंजाम देता था। आरोपी ने अपने साथी (भाई) सोनू श्रीवास्तव के साथ मिलकर दिनांक 11.04.2026 को जगतफार्म मार्केट में एक महिला से चेन छीनने की घटना को अंजाम दिया था।



उसका साथी सोनू श्रीवास्तव पूर्व में पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार होकर जेल भेजा जा चुका है, जबकि मोनू श्रीवास्तव फरार चल रहा था।

आपराधिक इतिहास भी सामने आया

गिरफ्तार अभियुक्त मूल रूप से जिला हमीरपुर के थाना मौदहा क्षेत्र के घटकना गांव का निवासी है और वर्तमान में भंगेल, थाना फेस-2, गौतमबुद्धनगर में रह रहा था। पुलिस जांच में उसके खिलाफ विभिन्न थानों में 11 से अधिक आपराधिक मुकदमे दर्ज होने की जानकारी सामने आई है।

पुलिस कार्रवाई जारी

थाना बीटा-2 पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# पश्चिम बंगाल, असम एवं पुडुचेरी में भाजपा की ऐतिहासिक विजय पर डा. महेश शर्मा को कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

## गौतमबुद्धनगर में उत्साह का माहौल, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की सराहना

**समाज जागरण/संदीप गर्ग**

नोएडा, 05 मई 2026: पश्चिम बंगाल, असम एवं पुडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक विजय के बाद गौतमबुद्धनगर में कार्यकर्ताओं और नागरिकों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों ने अपने लोकप्रिय सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री डा. महेश शर्मा को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

कार्यकर्ताओं ने इस विजय के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व, कुशल रणनीति एवं संगठनात्मक क्षमता की सराहना की।

### "सबका साथ, सबका विकास" की नीति को मिली मजबूती

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि यह जीत केवल चुनावी परिणाम नहीं है, बल्कि "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास" की नीति पर जनता के भरोसे की पुष्टि है। देशभर में भाजपा की यह सफलता जनकल्याणकारी योजनाओं और मजबूत शासन व्यवस्था के प्रति जनता के समर्थन का प्रतीक है।

### डा. महेश शर्मा के योगदान की सराहना

इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने डा. महेश शर्मा के संगठनात्मक योगदान की विशेष सराहना की। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में पार्टी संगठन को मजबूत करने, चुनावी रणनीति के समन्वय और कार्यकर्ताओं के बीच संवाद स्थापित करने में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही। जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं के साथ निरंतर संवाद और मार्गदर्शन से चुनावी अभियान को गति मिली, जिसका परिणाम इस ऐतिहासिक विजय के रूप में सामने आया।



### भव्य स्वागत एवं उत्साह

विजय के उपरांत विभिन्न स्थानों पर डा. महेश शर्मा का कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं में उत्साह, जोश और सम्मान का वातावरण देखने को मिला।

### प्रमुख नेताओं एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति

इस अवसर पर दादरी विधायक तेजपाल नागर, नोएडा महानगर अध्यक्ष महेश चौहान, महिला मोर्चा अध्यक्ष शारदा चतुर्वेदी, जिला महामंत्री चंदगीराम यादव, ओमवीर अवाना, अमित त्यागी, सांसद प्रतिनिधि संजय बाली सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# थाना दनकौर पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त गिरफ्तार, 111 पव्वे अवैध देशी शराब बरामद

**समाज जागरण / संदीप गर्ग**

नोएडा, 05 मई 2026: थाना दनकौर पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस एवं गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए अवैध शराब के विरुद्ध अभियान के तहत एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 111 पव्वे अवैध देशी शराब (उत्तर प्रदेश मार्का) बरामद किए गए हैं।

पुलिस ने अभियुक्त निखिल उर्फ रॉकी पुत्र राजू को ग्राम ननुआ की ओर जाने वाले सर्विस रोड से गिरफ्तार किया।



गिरफ्तार अभियुक्त निखिल उर्फ रॉकी, निवासी ग्राम नवादा, थाना दनकौर, जनपद गौतमबुद्धनगर का रहने वाला है, जिसकी उम्र लगभग 19 वर्ष बताई जा रही है।

पुलिस द्वारा अभियुक्त के विरुद्ध धारा 60 आबकारी अधिनियम में मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है।

समाज जागरण ब्यूरो गौतमबुद्धनगर

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करे।
न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रुपये रोज मे।

# नवागत जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल ने संभाला कार्यभार, कल्कि मंदिर में की पूजा-अर्चना

**समाज जागरण, संभल।**
जनपद के नवागत जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल ने संभल पहुंचने के बाद सर्वप्रथम मोहल्ला कोट पूर्वी स्थित प्राचीन कल्कि मंदिर में पूजा-अर्चना कर भगवान कल्कि के दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने मंदिर परिसर में पौधारोपण भी किया तथा जनकल्याण एवं जिले की सुख-समृद्धि की कामना की।
इसके उपरांत जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल पुरानी तहसील स्थित वरिष्ठ कोषाधिकारी कार्यालय पहुंचे, जहां द्वितालक कक्ष में आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण कर उन्होंने विधिवत रूप से पदभार ग्रहण किया।



पदभार ग्रहण करने के बाद जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की प्राथमिकताओं एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से जमीनी स्तर तक पहुंचाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों से समन्वय बनाकर पारदर्शी एवं संवेदनशील प्रशासन देने की बात कही।
इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप वर्मा, सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार, वरिष्ठ कोषाधिकारी प्रवीण कुमार, उप जिलाधिकारी संभल निधि पटेल, डिप्टी कलेक्टर आशुतोष तिवारी, तहसीलदार संभल धीरेन्द्र सिंह, लेखाकार अपूर्व वंसल सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# स्मार्ट मीटर के खिलाफ संघर्ष में पहली जीत, आम आदमी पार्टी सम्भल ने जताई खुशी

**समाज जागरण**
संभल।आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता आतिर हुसैन के नेतृत्व में तीन मई को स्मार्ट मीटर व बिजली समस्याओं के खिलाफ सम्भल बिजलीघर पर जोरदार विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया था। यह प्रदर्शन राज्यसभा सांसद संजय सिंह के निर्देश पर पूरे उत्तर प्रदेश में आयोजित किए गए थे।
आम आदमी पार्टी और उत्तर प्रदेश की जनता के संघर्ष की बदौलत स्मार्ट मीटर के नाम पर जनता की जेब पर डाका डालने की साज़िश को बड़ा झटका लगा है।
हालांकि यह सिर्फ अधूरी जीत है। मीटर को प्रीपेड से पोस्टपेड करना कोई स्थायी समाधान नहीं है। जब तक उत्तर प्रदेश में स्मार्ट मीटर के जरिए जनता का आर्थिक शोषण पूरी तरह बंद नहीं होता, तब तक आम आदमी पार्टी का संघर्ष लगातार जारी रहेगा।
स्मार्ट मीटर के खिलाफ पहली जीत की खुशी में आम आदमी पार्टी, सम्भल के वरिष्ठ नेता मोहम्मद अयूब और सैयद दानिश ने बदायूं दरवाजा, चौधरी सराए में मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की।



# सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए सीएचसी नगीना में 14-15 वर्ष के बच्चों को फ्री मे लगेंगे टीके

**दैनिक समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**
जनपद बिजनौर नगीना। सामुदायिक स्वास्थ केंद्र नगीना पर एएनएम की समीक्षा की गई जिसमे टीडी वैक्सीन, एनसीडी, एचपीवी वैक्सीन, नियमित टीकाकरण, एएनसी चेकअप आदि कि समीक्षा कि गई एचपीवी वैक्सीन के बारे में जानकारी दी गई सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ केंद्र नगीना सीएचसी के मीटिंग हल में प्रभारी विशाल दिवाकर की अध्यक्षता में एएनएम की समीक्षा बैठक की गई जिसमे टीडी वैक्सीन, एनसीडी, एचपीवी वैक्सीन, नियमित टीकाकरण, एएनसी चेकअप आदि कि समीक्षा कि गई एचपीवी वैक्सीन के लिए बताया गया की सभी 14 से 15 वर्ष की बच्चों के यह वैक्सीन लगाने के लिए जागरूक करे यह सर्वाइकल कैंसर से बचाती है मार्केट मैं इसका मूल्य 5000/ रुपये तक है जो नगीना हॉस्पिटल में फ्री लगायी जा रही है , सभी स्कूलों से एंड जन मानस से प्रभारी डॉ विशाल दिवाकर द्वारा अपील की गई की यह वैक्सीन जरूर लगवाए जिससे होने वाले सर्वाइकल कैंसर से बचाव हो सके साथ ही उन्होंने इस समय मौसम के बदलते हुए सभी से आग्रह किया कि लू हीट वेव से बचे और शादी विवाह में या बाहर के खाने के प्रति भी सचेत रहे फूड पॉइजनिंग कि शिकायत इन मौसम मैं होती है किसी भी बीमारी का इलाज झोला छाप या मेडिकल आदि से दवाई ना ले स्वास्थ केंद्र आए सभी दवाई और जांच मुफ्त मे उपलब्ध है टीबी के लिए अपने नजदीक आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर जांच कराते हुए सीएचसी पर एक्सरे आदि जांच करायें और समय से इलाज कराये। इसके अलावा एक और महत्वपूर्ण जानकारी दी गई कि सभी जन मानस अपनी अपनी आभा आईडी जरूर बन वा ले इस आईडी से ही अब प्राइवेट या सरकारी हॉस्पिटल मैं इलाज होगा इस आईडी का फायदा यह है की सभी हेल्थ से संबंधित रिकॉर्ड इस पर सेव होंगे पूरे देश मैं एक ही आईडी पर इलाज संभव होगा किसी कों कोई हेल्थ डॉक्यूमेंट रखने की आवश्यकता नहीं होगी जो एएनएम सोमवार की बैठक में अनुपस्थित थी उनका एक दिन का वेतन काटने कि संस्तुति कि गई और यदि आगे भी इस प्रकार की पुनरावृति कि जाती है तो उनका प्रमोशन ना करने कि संस्तुति उच्च अधिकारियों को कर दी जाएगी कड़े शब्दों मे कहा गया किसी भी कर्मचारी कि अनुशाहन हीनता बरदास्त नहीं कि जाएगी मीटिंग में राजेश, विपुल बीपीएम हर्षित , ए आर ओ अमन बंसल, बीसीपीएम खुर्शीद, सभी सीसी एच, एएनएम,एल एच बी , मगन सिंह रावत फार्मासिस्ट, आदि उपास्थित थे



# नगीना में एम्स बनवाने की मांग पर लगा ग्रहण

**समाज जागरण मुस्कान खान**
जनपद बिजनौर नगीना :----- केंद्रीय बजट में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिए स्वीकृत अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान(एम्स) की स्थापना नगीना में कराए जाने की मांग को लेकर भाजपा के स्थानीय नेताओं ने क्षेत्र की आम जनता के साथ मिलकर एक अभियान शुरू कर रखा है।नगीना सहकारी कताई मिल की करीब 265 बीघा अप्रयुक्त पड़ी जमीन पर एम्स बनवाने की मांग को लेकर पोस्टकार्ड अभियान भी चल रहा है।लोग प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पोस्टकार्ड भेज कर एम्स बनवाने की मांग कर रहे हैं।नगर पालिका परिषद नगीना में भाजपा के नामित सभासदों डॉक्टर भूपेश चौहान,नीरज विश्नोई,मनोज टंडन,सोहन सैनी,लाला विनोद अग्रवाल व अन्य भाजपा नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन एसडीएम विजय शंकर मिश्रा को सौंप चुके हैं।मुख्य चिकित्साधिकारी भी बिजनौर में एम्स की स्थापना के लिए शासन को प्रस्ताव भेज चुके हैं।भाजपा के क्षेत्रीय मंत्री अनूप वाल्मीकि भी भाजपा के प्रदेश महासचिव (संगठन) धर्मपाल सिंह सैनी से मुलाकात कर व उन्हें नगीना में एम्स बनवाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंप चुके हैं।लेकिन कताई मिल की जमीन पर संत कबीर टेक्सटाइल पार्क विकसित करने के सरकार के निर्णय के बाद अब इस मुहिम पर ग्रहण लगता हुआ दिखाई दे रहा है।

# नजीबाबाद विधानसभा के दो दिग्गज नेताओं ने बसपा छोड़ थामा आजाद समाज पार्टी का दामन

**दैनिक समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**
जनपद बिजनौर नजीबाबाद के पूर्व ब्लाक प्रमुख अबरार आलम अंसारी एडवोकेट और जलालाबाद के पूर्व अध्यक्ष लियाकत अली अंसारी ने जो बसपा के कदावान नेता थे। उन्होंने बसपा का दामन छोड़ असपा का दामन थाम लिया सदस्यता ग्रैंड कार्यक्रम नार्थ एवेन्यू दिल्ली में पार्टी के मंडल प्रभारी व सहानपुर नगर अध्यक्ष खुर्शीद मंसूरी के नेतृत्व में संपन्न हुआ दोनों नेताओं ने सांसद चंद्रशेखर आजाद में आस्था जताते हुए सामाजिक न्याय की लड़ाई को आगे बढ़ने का संकल्प लिया खास तौर पर अबरार आलम अंसारी एडवोकेट का सियासी सफर रहता है। कुछ समय पहले ही वह बसपा में शामिल हुए थे। राजनीतिक विशेषज्ञों का मानना है। यह कदम पश्चिम उत्तर प्रदेश की सियासत में नए समीकरणों का इशारा है। नजीबाबाद विधानसभा में लगातार कई दिग्गज चेहरे आजाद समाज पार्टी में शामिल हो चुके हैं ।अब आगे विधानसभा चुनाव में सपा का गढ़ माने जाने वाली विधानसभा में सपा प्रत्याशी के लिए बेहद मुश्किल हो गया है।



# नवागत जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल ने अधिकारियों संग की समीक्षा बैठक

**समाज जागरण, बहजोई।**
कलक्ट्रेट सभागार बहजोई में नवागत जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल की अध्यक्षता में जनपद के समस्त जिलास्तरीय अधिकारियों, उप जिलाधिकारियों एवं खंड विकास अधिकारियों के साथ प्रशासनिक व्यवस्था, विकास कार्यों तथा आगामी कार्य योजनाओं को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।
बैठक में सर्वप्रथम जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। इसके उपरांत उन्होंने विभिन्न विभागों के विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि शासन द्वारा समीक्षा की जाने वाली प्रमुख योजनाओं की विभागवार पीपीटी तैयार की जाए।
जिलाधिकारी ने विभागों से संबंधित जनपद की उपलब्धियों एवं लंबित समस्याओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं पर विशेष ध्यान देते हुए उन्हें समयबद्ध एवं प्रभावी तरीके से क्रियान्वित किया जाए।




जनगणना 2027 को लेकर भी जिलाधिकारी ने अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की तथा निर्देश दिए कि इसकी तैयारियों की नियमित समीक्षा की जाएगी।
आईजीआरएस शिकायतों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता जनसुनवाई है, इसलिए सभी अधिकारी इस कार्य को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ करें।
जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के विकास कार्यों को गति देने के लिए सभी अधिकारी टीम भावना के साथ कार्य करें, जिससे शासन की योजनाओं का लाभ आमजन तक प्रभावी रूप से पहुंच सके।
इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप वर्मा, प्रभागीय वनाधिकारी प्रीति यादव, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सौरव कुमार पाण्डेय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. तरुण पाठक, सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार सहित समस्त उप जिलाधिकारी, खंड विकास अधिकारी एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# विधायक ओम कुमार ने 71.70 करोड़ की सड़क परियोजनाओं का किया शिलान्यास

**दैनिक समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**
जनपद बिजनौर नगीना लोकसभा क्षेत्र की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करते हुए नहटौर विधायक ओम कुमार ने विभिन्न महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया। करीब 71.70 करोड़ रुपये की लागत से होने वाले इन कार्यों से क्षेत्र में आवागमन सुगम होगा और विकास को नई गति मिलेगी सोमवार को हुरनंगला में आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। विधायक ओम कुमार के प्रयासों से स्वीकृत इन परियोजनाओं को क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।
विधायक ओम कुमार ने बताया कि नहटौर से नगीना मार्ग तक 12.75 किलोमीटर लंबी सड़क का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण किया जाएगा, जिससे दोनों प्रमुख कस्बों के बीच संपर्क और बेहतर होगा। इसके अलावा नेशनल हाईवे-734 से पखनपुर, सैदपुरी, हुरनंगला, नैनपुर सराय और बिजनौर कोतवाली मार्ग होते हुए नेशनल हाईवे-709 तक जाने वाली सड़क का भी चौड़ीकरण किया जाएगा उन्होंने कहा कि ये सभी परियोजनाएं क्षेत्र की जनता की लंबे समय से चली आ रही जायज मांगों का परिणाम हैं, जिन्हें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में स्वीकृति मिली है। इन सड़कों के निर्माण से न केवल यातायात व्यवस्था सुदृढ़ होगी, बल्कि क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।



# कृषकों, इनपुट डीलर्स एवं कृषि विभाग के कर्मचारियों का संयुक्त रूप से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**दैनिक समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**
जनपद बिजनौर जनपद बिजनौर नगीना कृषि विज्ञान केंद्र पर आयोजित उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में कृषि मंत्रालय भारत सरकार द्वारा गठित टीम के सदस्यों डॉ आर. एस.एच. श्रीवस्त, डॉ एस. बरुआ एवं देवदत्त द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों से कृषि मंत्रालय भारत सरकार से नामित सदस्यों द्वारा उर्वरकों का संतुलित उपयोग कैसे हो या जनपद में उर्वरकों की मात्रा का उपयोग अधिक क्यों हुआ उसके बारे विस्तृत रूप एक सर्वे के कार्य किया गया।
उक्त कार्यक्रम में जनपद के जिला कृषि अधिकारी जसवीर तेवतिया ने उपस्थित प्रतिभागियों को बताते हुए कहा कि जनपद में इस वर्ष मृदा की उर्वरता बनाए रखने के लिए एवं रासायनिक का उर्वरकों का उपयोग कम हो इसके लिए ढैंचा का बीज 500 कुंतल के ऊपर किसानों को 50% अनुदान पर सरकार द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा साथ ही साथ विभाग द्वारा विभाग द्वारा जैविक उर्वरकों के प्रयोग, जैविक उर्वरकों के किसानों के प्रक्षेत्र पर उत्पादन, वर्मीकम्पोस्ट इकाई की स्थापना एवं राईजोबियम कल्चर, एजोटोवैक्टर की उपलब्धता विभाग द्वारा सुनिश्चित करने हेतु कहा गया।
कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी डॉक्टर के के सिंह ने उपस्थित सभी प्रतिभागियों को बताते हुए कहा कि कृषि विज्ञान केंद्र की टीम वर्तमान समय में जनपद के कृषि विभाग, आईसीएआर के संस्थान, सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय मेरठ, जनपद के गन्ना विभाग एवं कृषि से संबंधित अन्य विभागों के साथ मिलकर उर्वरकों के संतुलित उपयोग प्रबंधन विषय पर कार्यक्रम आयोजित कर रहा है।
उक्त कार्यक्रमों में विशेष रूप से कृषको को गन्ना, धान, गेहूँ में संतुलित उपयोग कैसे करना है उसका चार्ट बताया जा रहा है साथ ही साथ अपने खेत पर अजोला, हरी खाद एवं प्राकृतिक रुप से उच्च गुणवत्ता खाद कैसे बनाई जा सकती है इसके बारे में विस्तृत रूप से बताया जा रहा है।




# जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा विकासखंड स्योहारा क्षेत्र का भ्रमण किया गया

**दैनिक समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**
जनपद बिजनौर जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा कल तहसील धामपुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के उपरांत विकास खंड स्योहारा क्षेत्र का भ्रमण किया गया। इस दौरान क्षेत्र में संचालित विभिन्न नवाचारपूर्ण एवं प्रेरणादायी गतिविधियों का अवलोकन किया गया। जिलाधिकारी द्वारा भ्रमण के दौरान श्री जमाल अहमद के आवास पर स्थित ह्यगौरेया की हवेलीह्न का निरीक्षण किया गया। श्री अहमद द्वारा अवगत कराया गया कि प्रतिदिन लगभग 3000 गौरेया यहाँ आती हैं। पक्षियों के संरक्षण के लिए उन्होंने अपने घर की छत एवं आंगन में पेड़-पौधे लगाकर अनुकूल वातावरण विकसित किया है, जिससे गौरेया शाम के समय हवेली में लगे पेड़ों पर आकर विश्राम करती हैं। इस अवसर पर जनपदवासियों से अपील की गई कि भीषण गर्मी को देखते हुए पशु-पक्षियों के लिए घरों की छतों एवं बाहर दाना, पानी, रोटी तथा बचा हुआ भोजन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
इसके पश्चात जिलाधिकारी द्वारा स्योहारा क्षेत्र में संचालित श्री सलीम की विग फैक्ट्री का निरीक्षण किया गया, जहाँ मुख्यतः महिलाओं द्वारा कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि विभिन्न स्थानों से महिलाओं के बाल एकत्रित कर उनकी साफ-सफाई एवं प्रसंस्करण के बाद विशेष तकनीक से विग तैयार की जाती है, जिन्हें देश-विदेश में विक्रय के लिए भेजा जाता है। यह इकाई महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।
भ्रमण के दौरान ह्यदेवरा एग्रोटेक इंडस्ट्रीजह्न का भी निरीक्षण किया गया, जहाँ ह्यकैक्टस एंड सक्युलेंट्स फार्मह्न, ह्यदेवरा डिजिटल सॉइल टेस्टिंग लैबह्न एवं ह्यमॉडर्न लाइब्रेरीह्न का अवलोकन किया गया। यहाँ 100 से अधिक दुर्लभ कैक्टस प्रजातियों के लगभग 1.5 लाख पौधों का सुव्यवस्थित संग्रह स्थापित है। श्री अक्षत देवरा द्वारा बताया गया कि इन पौधों को विदेशों से लाकर स्थानीय वातावरण में उगाया जा रहा है तथा देश-विदेश में विक्रय के लिए भेजा जाता है। साथ ही, देवरा डिजिटल सॉइल टेस्टिंग लैब में आधुनिक तकनीकों एवं उन्नत उपकरणों के माध्यम से मृदा परीक्षण सेवाएं प्रदान की जा रही हैं, जो ह्यमिट्टी बचाओ अभियानह्न के अंतर्गत टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने में सहायक हैं।
उपरोक्त गतिविधियाँ जनपद में नवाचार, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण एवं कृषि उन्नयन की दिशा में एक सकारात्मक एवं प्रेरणादायी पहल के रूप में स्थापित होंगी।



# साहित्य सृजन सम्मान से सम्मानित हुए गीतकार दिनेश पाल सिंह

**समाज जागरण**
सम्भल। जनपद सम्भल की प्रतिष्ठित संस्था हिंदू जागृति मंच एवं साहित्य सोम संगम के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित बुद्ध जयंती के कार्यक्रम में पुस्तक विमोचन, कवि सम्मेलन एवं साहित्यकार सम्मान का कार्यक्रम किया गया जिसमें कविजनों की साहित्यिक सेवाओं के लिए विशिष्ट सम्मान प्रदान किए गए। भव्य समारोह के मध्य युवा कवि दिनेश पाल सिंह को साहित्य




सृजक सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित करके एवं शारदे वंदना से हुआ। अतुल कुमार शर्मा द्वारा संपादित दो साझा-संकलन सोम सिंधु एवं साहित्य श्रेय पुस्तकों का विमोचन किया गया।
इस अवसर पर संस्था के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने बताया कि विभिन्न क्षेत्रों में अपना योगदान करने वाले साहित्यिक मनीषियों को, इस समारोह में सम्मानित किया गया है। इसी क्रम में कवि दिनेश पाल सिंह दिव्य को, उपजिलाधिकारी निधि पटेल एवं तहसीलदार धीरेंद्र प्रताप सिंह की उपस्थिति में उनकी उत्कृष्ट साहित्यिक सेवाओं के लिए नकद धनराशि सहित साहित्य सृजक सम्मान से सम्मानित किया गया।
इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से आए साहित्यकारों में डॉ प्रतोष कुमार मिश्रा, अवधेश विद्यार्थी, बेबी रानी मिश्रा, विश्ववर दयाल अवस्थी, सुभाष चंद्र शर्मा, रीना खेड़ा, डोरी लाल भास्कर, नेहा मलय, भागीरथ सिन्हा, संजय सुमन, बेखुद योगेश बृजवासी, अखिलेश पुरोहित, पीके शायर, विकास मिश्रा, नेहा गौतम, संजय सृजन आदि लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन व्यंग्य कवि अतुल कुमार शर्मा ने किया।

# अंतरराज्यीय गिरोह के दो अभियुक्त 2,52,000 रूपयों व दो गाड़ियों के साथ गिरफ्तार

**समाज जागरण**
सम्भल/बहजोई। पुलिस अधीक्षक जनपद संभल कृष्ण कुमार के कुशल निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना बहजोई पुलिस टीम द्वारा हाइटेंशन लाइन चोरी के अंतरराज्यीय गिरोह के दो अभियुक्तों को मय चोरी के माल तथा चोरी के माल को बेचकर प्राप्त धनराशि 2,52,000 रूपयों व दो मोबाइल एवं घटना में प्रयुक्त दो गाड़ियों के साथ किया गिरफ्तार किया गया।

# भाजपा की तीन राज्यों में प्रचंड जीत-किरतपुर में भाजपा कार्यकताओं ने मनाया जश्न

**दैनिक समाज जागरण अजमल अंसारी**
जनपद बिजनौर किरतपुर।भाजपा की तीन राज्यों पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में प्रचंड जीत का जश्न मंडल किरतपुर के जैन चौराहे पर धूमधाम से मनाया गया।भाजपा कार्यकताओं ने एक-दूसरे को मिष्ठान खिलाकर और नारे लगाकर विजय का उल्लास व्यक्त किया।जिला सह संयोजक भाजपा आईटी विभाग अनुज अग्रवाल ने कहा,जनता का यह जनादेश प्रधानमंत्री



नरेंद्र मोदी और भाजपा की नीतियों पर पूर्ण विश्वास को दशार्ता है। भाजपा मंडल किरतपुर के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। मिठाई बांटने के साथ-साथ भारत माता की जय के नारे लगाएं। मंडल अध्यक्ष गौरव पाराशर ने इस अवसर पर कहा पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में भाजपा की भारी जीत विकास, सुशासन और राष्ट्रवाद की जीत है।कहा कि यह परिणाम दिखाता है कि जनता भाजपा के साथ है। हम किरतपुर में भी इसी जोश के साथ आगामी चुनावी तैयारियों में जुटेंगे।कार्यकताओं ने इस जीत को लोकसभा और आगामी विधानसभा चुनावों के लिए शुभ संकेत बताया। कार्यक्रम में स्थानीय भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समर्थक बड़ी संख्या में शामिल हुए।भाजपा की इस प्रचंड जीत से उत्तर प्रदेश समेत पूरे देश में भाजपा कार्यकताओं का उत्साह बढ़ गया है। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष श्रीमती रजनी कालरा,नगर महामंत्री शिवम सिंघल, बृजमोहन राजपूत, पूर्व प्रत्याशी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव सोनू वर्मा ,वरिष्ठ पत्रकार अशोक गुप्ता ,कपिल रस्तोगी, नगर उपाध्यक्ष विकास राजपूत, विकास चौहान, सूरज वाल्मीकि,अशोक चौधरी, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष नवनीत राजपूत, पूर्व मंडल अध्यक्ष धर्मपाल सिंह राजपूत, महिला मोर्चा बिना राणा, महिला मोर्चा जिला मंत्री मोनिका कालरा,नगर मंत्री रुक्मणी कश्यप, नीरू कश्यप, एडवोकेट रामगोपाल, भाजपा सभासद अंकुश जैन, अल्पसंख्यक मोर्चे के अध्यक्ष डॉक्टर अमजद,शक्ति केंद्र संयोजक अमित अग्रवाल एडवोकेट,फिरोज कादरी, यशपाल तोमर ,मोहम्मद अजीम, मगन सिंह,मंजू चौहान, सीमा अग्रवाल, राजबाला, कविता चौहान,पारुल गोयलस सत्तो देवी,लक्ष्मी देवी,आदेश, राणा पुष्प राजपूत, दामिनी कालरा, रंजन तनेजास बूथ अध्यक्ष ललित राजपूत, मुन्नू भगत,अंशुल राजपूत, ऋषभ ठाकुर,ललित कुमार,फुरकान अहमद,इकरार अहमद, मोबीन अहमदष महेंद्र सिंह, मुन्नू सिंह, रंजीत कुमार ,नदीम अहमद अंसारी,रशीद अहमद, शमीम अहमद ,शेर सिंह आदि कार्यकर्ता रहे।

# भू.पू. सैनिक करेंगे मुख्यमंत्री का अभिनन्दन

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान**
जनपद बिजनौर धामपुर बिजनौर जनपद के विकास खण्ड अफजलगढ के कादराबाद परिक्षेत्र में स्थित भू.पू. सैनिक कॉलोनियों के पूर्व सैनिक उ.प्र. के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 9 मई को अफजलगढ क्षेत्र के ग्राम आलमपुर गांवडी आगमन पर अभिनन्दन करेंगे। गौरतलब है कि योगी आदित्यनाथ गोरखा रेजिमेंट के आध्यात्मिक और मार्गदर्शक गुरुे गुरु गोरखनाथे पीठाधीश्वर भी हैं । गुरू गोरखनाथ प्रसिद्ध हिंदू सिद्ध और योगी थे। नेपाल के गोरखा सैनिकों की वीरता और संस्कृति का नाम उन्हीं से प्रेरित है। यह रेजिमेंटे जय माँ काली, आयो गोरखाली के युद्धघोष के साथ अपनी बहादुरी का प्रदर्शन करती है। पूर्व सैनिक संगठन अफजलगढ क्षेत्र कादराबाद के अध्यक्ष कैप्टन से.नि. रघुवीर सिंह विष्ट ने बताया कि शनिवार, 9 मई 2026 को प्रातः 9 बजे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आलमपुर गांवडी में क्षेत्रीय विधायक कुंवर सुशान्त कुमार के कैम्प कार्यालय पर पधार रहे हैं । उनके आगमन पर कादराबाद परिक्षेत्र की पूर्व सैनिक कालोनियों के गौरव सैनानी एवं पर्वतीय मूल के नागरिकों व नारी शक्ति द्वारा उनका स्वागत कार्यक्रम प्रस्तावित किया गया है । पूर्व सैनिक संगठन के सभी पूर्व सैनिको से 8ः 30 बजे तक अपनी कैप एवं वीरता के परिचायक मैडल धारण कर अनुशासित सैनिक की भांति सुरक्षा नियमों एवं प्रोटोकॉल का पालन करते हुए सभा स्थल पर पहुंचने की अपील की गई है ।

# मंदिर सभा ने निकाली वार्षिक उत्सव पर प्रभात फेरी

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) श्री रघुनाथ मंदिर सभा पंजाबी कॉलोनी के वार्षिक उत्सव के पावन अवसर पर सोमवार सवेरे भव्य प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ श्री रघुनाथ मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न मार्गों से गुजरती हुई सभा के उप-प्रधान राकेश



परुथी के निवास स्थान पर पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने विश्राम किया। प्रभात फेरी के दौरान भक्तजन भजन-कीर्तन करते हुए आगे बढ़े, जिससे पूरे वातावरण में धार्मिक आस्था और उल्लास का माहौल बना रहा। इस अवसर पर मंदिर सभा के प्रधान सुभाष चुग सहित अनेक गणमान्य सदस्य एवं श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। प्रभात फेरी का समाह के लोगों ने कई स्थानों पर फूलों से स्वागत किया। जिसमें भारी संख्या में महिलाऐं भी उपस्थित रही। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राधेश्याम भारती, यशपाल ठकराल, कृष्ण जुनेजा, ओमप्रकाश जुनेजा, शम्मी सेठ, सेवाराम, राहुल दीवाना मौजूद रहे।

# बसपा समर्थक नवयुवकों ने मंडल प्रभारी के खिलाफ नाराजगी जताते हुए किया पुतला दहन

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) मंगलवार को क्षेत्र के कस्बा बनत में बसपा समर्थक नवयुवकों ने सहारनपुर मंडल प्रभारी नरेश गौतम के खिलाफ नाराजगी जताते हुए उनका पुतला दहन किया। उन्होने नारेबाजी करते हुए आरोप लगाया कि नरेश गौतम ने मंडल स्तर पर संगठन कमजोर हुआ है और कार्यकताओं की अनदेखी की जा रही है।



मंगलवार को कस्बा बनत स्थित रविदास मंदिर के निकट बसपा समर्थक दर्जनों नवयुवक और कार्यकर्ता एकत्रित हुए। जहां उन्होने जमकर नारेबाजी की और बसपा के सहारनपुर मंडल प्रभारी नरेश गौतम का पुतला दहन किया। उन्होने बताया कि मंडल प्रभारी द्वारा कार्यकताओं व पदाधिकारियों की अनदेखी की जा रही है। जिससे पार्टी कमजोर हो रही है। जब तक संबंधित पदाधिकारी के खिलाफ कार्रवाई नहीं होती, उनका विरोध जारी रहेगा। उन्होंने मांग की कि कार्यकताओं के हो रहे उत्पीडन के पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और जमीनी कार्यकताओं से संवाद कर संगठन को मजबूत किया जाए। साथ ही उन्होंने पार्टी नेतृत्व तक अपनी बात पहुंचाने की भी मांग की। प्रदर्शन के दौरान कार्यकताओं ने पार्टी के समर्थन में नारेबाजी भी की। इस मौके पर विपिन, मोनू, आजाद, विशाल, पंकज, कपिल समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# दो भाइयों समेत तीन पर मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण**

कैराना। विवाहिता ने अपने दो भाइयों सहित तीन लोगों पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है।

गांव मन्नामाजरा निवासी मुसर्रत ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया कि उसके माता-पिता का निधन हो चुका है। आरोप है कि जब भी वह गांव खुरगान में अपने मायके जाती है, तो उसका भाई नौशाद व दिलशाद के अलावा नाजिम उसके साथ गाली-गलौज तथा मारपीट करते हैं। आरोप है कि उसका भाई नौशाद ने अपना नाम बदलकर राजेंद्र रख लिया है और अवैध ड्रग्स की तस्करी में संलिप्त है। पीड़िता ने बताया कि उसकी मां ने एक मकान उसके नाम दानपत्र के माध्यम से किया था, लेकिन उसके भाई ने उस मकान पर कब्जा कर रखा है। जब उसने मकान खाली करने को कहा, तो आरोपी ने मना कर दिया और उसके साथ मारपीट करते हुए धमकी दी। पीड़िता ने बताया कि आरोपियों ने पुलिस अधिकारियों के प्रति भी अभद्र भाषा का प्रयोग किया। मामले में पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

# पैतृक दुकान के विवाद में भाई को पीटा

**समाज जागरण**

कैराना। पैतृक दुकान पर कब्जे के विरोध करने पर युवक के साथ मारपीट कर घायल किया।

मोहल्ला आलखुर्द निवासी कासिम ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उनकी मोहल्ले में ही तीन पैतृक दुकान हैं। उसके भाई दुकान पर कब्जा करना चाहते हैं। आरोप है कि जब उसने कब्जे का विरोध किया, तो उसके भाई ने उसे बुरी तरह पीटा, जिस कारण वह घायल हो गया। पुलिस ने घायल का मेडिकल कराकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# पुलिस ने किशोर को परिजनों को सौंपा

**समाज जागरण**

कैराना। मुजफ्फरनगर से हरिद्वार होकर कैराना पहुंचे किशोर को पुलिस ने परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

सोमवार रात करीब नौ बजे एक 12 वर्षीय किशोर शामली बस स्टैंड के पास लावारिस अवस्था में घूम रहा था। पुलिस ने किशोर से जानकारी ली तथा उसे कोतवाली लेकर आ गई। किशोर ने अपना नाम दक्ष बताया और बताया कि वह मुजफ्फरनगर के मोहल्ला शिवनगर में रहता है। वह दो दिन पहले घर से बिना बताए हरिद्वार चला गया था। हरिद्वार से गंगाजल लेकर वह अपने घर जा रहा था, लेकिन गलती से कैराना पहुंच गया। बाद में स्थानीय पुलिस ने किशोर के परिजनों को सूचित किया। सूचना पर परिजन कोतवाली पहुंचे। पुलिस ने किशोर को परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

# केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गुजरात में दो नई अर्धचालक परियोजनाओं को दी मंजूरी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत अर्धचालक मिशन के अंतर्गत दो नई अर्धचालक परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की है। इनमें गैलियम नाइट्राइड प्रौद्योगिकी पर आधारित देश की पहली व्यावसायिक लघु एवं सूक्ष्म एलईडी प्रदर्शन इकाई तथा एक अर्धचालक पैकेजिंग इकाई शामिल है। स्वीकृत दोनों परियोजनाओं के माध्यम से गुजरात में लगभग 3,936 करोड़ रुपये के निवेश से अर्धचालक विनिर्माण इकाइयाँ स्थापित की जाएंगी। इन परियोजनाओं से लगभग 2,230 कुशल युवाओं को रोजगार मिलने की संभावना है।

पहली परियोजना के अंतर्गत क्रिस्टल मैट्रिक्स लिमिटेड द्वारा धोलेरा, गुजरात में संयुक्त अर्धचालक निर्माण एवं परीक्षण सुविधा केंद्र स्थापित किया जाएगा। यह केंद्र लघु एवं सूक्ष्म एलईडी प्रदर्शन मॉड्यूल का निर्माण करेगा तथा 6 इंच वेफर पर जीएएन एपिटेक्सी सहित फाउंड्री सेवाएँ भी उपलब्ध कराएगा। प्रस्तावित इकाई की वार्षिक उत्पादन क्षमता 72 हजार वर्ग मीटर लघु एवं सूक्ष्म एलईडी प्रदर्शन पैनल तथा 24 हजार आरजीबी वेफर सेट होगी। इन उत्पादों का उपयोग दूरदर्शन, व्यावसायिक प्रदर्शन, टैबलेट, स्मार्टफोन, वाहन प्रदर्शन प्रणाली, विस्तारित वास्तविकता चश्मे तथा स्मार्ट घड़ियों में किया जाएगा।

# गैस की किल्लत को लेकर आजाद अधिकार सेना का विरोध प्रदर्शन

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) रसोई गैस की कमी, आपूर्ति बाधा, लंबी वेटिंग और कालाबाजारी जैसी समस्याओं को लेकर आजाद अधिकार सेना पार्टी ने तहसील परिसर में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान जिलापूर्ति अधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन भेजा गया। कार्यक्रम का नेतृत्व पार्टी के प्रदेश महासचिव विनोद कुमार गौत्रा ने किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में देशभर में रसोई गैस को लेकर गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो गई हैं। गैस की भारी कमी, आपूर्ति में बाधा, लंबी प्रतीक्षा सूची और कालाबाजारी के कारण आम नागरिकों में असुरक्षा और पैनिक की स्थिति बनी हुई है।



साथ ही कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में लगातार वृद्धि भी चिंता का विषय है। बताया गया कि मई 2026 में 19 किलोग्राम के कमर्शियल सिलेंडर की कीमत में 933 रुपये तथा 5 किलोग्राम के छोटे सिलेंडर में 261 रुपये की बढ़ोतरी हुई है। कहा कि योजना निर्माण में दूरदर्शिता का अभाव, बफर स्टॉक और बुनियादी ढांचे की कमी, वैकल्पिक व्यवस्था न होना और पारदर्शिता की कमी जैसी खामियां सामने आई हैं। आजाद अधिकार सेना ने केंद्र सरकार से मांग की कि इस पूरे प्रकरण पर श्वेत पत्र जारी किया जाए, सर्वदलीय समिति गठित कर समस्या का समाधान निकाला जाए, रसोई गैस की आपूर्ति शीघ्र सुचारू की जाए, कालाबाजारी पर सख्त रोक लगाई जाए तथा गैस सिलेंडर की कीमतों में वृद्धि रोकी जाए। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ओमबीर, मुस्लिम प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष यूनिस, जिला संगठन मंत्री मुकेश कुमार मौजूद रहे।

# डीएम ने किया जिला संयुक्त चिकित्सालय का औचक निरीक्षण, खामियां मिलने पर जताई नाराजगी

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) मंगलवार को डीएम आलोक यादव ने प्रातः करीब 8 बजे जिला संयुक्त चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पंजीकरण काउंटर, मेडिसिन एवं डिस्पेंसरी स्टोर, समस्त ओपीडी, सीटी स्कैन, इमरजेंसी, अल्ट्रासाउंड, निमार्णाधीन ऑपरेशन थियेटर , महिला व पुरुष वार्ड तथा पैथोलॉजी लैब का गहन निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होने फाईले पूरी न मिलने पर नाराजगी जाहिर की और व्यावस्थाओं को दुरूस्त करने के निर्देश दिये।



मंगलवार को डीएम आलोक यादव ने निरीक्षण के दौरान जहां-जहां कमियां पाई गईं, वहां संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधार के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने मेडिसिन स्टोर व डिस्पेंसरी कक्ष में चेकलिस्ट के आधार पर दवाइयों की उपलब्धता का बारीकी से परीक्षण किया और निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार की एक्सपायरी दवा पाए जाने पर उसे निर्धारित गाइडलाइन के अनुसार निस्तारित किया जाए। डीएम ने अस्पताल में उपचार कराने आए मरीजों से बातचीत कर सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने मरीजों से पूछा कि अल्ट्रासाउंड या एक्स-रे के लिए कोई अवैध धनराशि तो नहीं मांगी जाती। इस पर मरीजों ने बताया कि उन्हें समय पर इलाज मिल रहा है और किसी प्रकार की अवैध मांग नहीं की जाती।

सीटी स्कैन विभाग में तैनात स्टाफ को निर्देशित किया गया कि मरीजों के साथ सौम्य व्यवहार रखें और किसी को असुविधा न हो। वहीं निमार्णाधीन ओटी का निरीक्षण करते हुए कार्यदायी संस्था को मानकों के अनुरूप कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। पैथोलॉजी लैब में सैंपल लेने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने और भीड़ को लाइन में व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए गए। डीएम ने सीएमएस को निर्देशित किया कि वे प्रतिदिन सुबह-शाम अस्पताल का निरीक्षण करें और सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित हों, यह सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अस्पताल में सभी कार्य निर्धारित एसओपी के अनुसार ही किए जाएं, किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान सीएमओ डॉ. अनिल कुमार, सीएमएस डॉ. किशोर आहुजा सहित अन्य चिकित्सकीय स्टाफ उपस्थित रहा।

# आशु हत्याकांड के मुख्य आरोपी से पुलिस की मुठभेड़

## – 25 हजार के इनामी शंकर के पैर में लगी गोली, तमंचा व बाइक बरामद

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

थाना क्षेत्र के गांव खंद्रावली निवासी आशु हत्याकांड के मुख्य आरोपी और 25 हजार रुपये के इनामी बदमाश के साथ पुलिस की मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की जवाबी कार्रवाई में आरोपी के पैर में गोली लग गई, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने उसके कब्जे से तमंचा, कारतूस और एक मोटरसाइकिल बरामद की है। घायल बदमाश को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया।थाना क्षेत्र के गांव खंद्रावली निवासी 24 वर्षीय आशु पुत्र वीरेंद्र की विगत शुक्रवार शाम गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। आशु शामली से बाइक पर सवार होकर अपने गांव लौट रहा था। जैसे ही वह गांव के निकट दिल्ली-सहारनपुर रोड पर पहुंचा, बदमाशों ने उसे गोली मार दी और मौके से फरार हो गए। शुरूआत में पुलिस और परिजनों ने घटना को सड़क हादसा मानते हुए शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था, लेकिन पीएम रिपोर्ट में गोली लगने की पुष्टि होने पर मामले का खुलासा हुआ। इसके बाद



परिजनों ने चौकी के सामने हंगामा करते हुए हत्याकांड के खुलासे और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की थी।पुलिस ने कुछ ही घंटों में मामले का खुलासा करते हुए आरोपी आकाश निवासी शाहपुर जनपद मुजफ्फरनगर को गिरफ्तार कर लिया था। पूछताछ में आरोपी ने बताया था कि आशु अफने गांव की एक युवती से प्रेम करता था, जबकि उसका साथी शंकर भी उसी युवती से प्रेम करता था। इसी बात को लेकर पूर्व में दोनों के बीच मारपीट हुई थी। रंजिश के चलते शंकर ने आकाश के साथ मिलकर आशु की गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने आकाश के कब्जे से तमंचा, कारतूस और मोटरसाइकिल बरामद कर उसे जेल भेज दिया था, जबकि मुख्य आरोपी शंकर फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था।मंगलवार को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी शंकर क्षेत्र में घूम रहा है। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ने का प्रयास किया। आरोप है कि खुद को घिरता देख बदमाश ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली उसके पैर में लग गई और वह घायल होकर गिर पड़ा। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से तमंचा, कारतूस और मोटरसाइकिल बरामद कर ली। घायल बदमाश को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि बदमाश से पूछताछ जारी है पूछताछ के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# ज्येष्ठ माह के पहले बड़े मंगल पर मंदिर हनुमान धाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमडीं

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग)ज्येष्ठ माह के पहले बड़े मंगल के अवसर पर शहर के मंदिर हनुमान टीला हनुमान धाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही मंदिर में भक्तों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया, जो देर शाम तक लगातार जारी रहा। श्रद्धालुओं ने हनुमान चालीसा पढी और श्री हनुमान से परिवार की सुख स्मृद्धि की कामना की।

मंगलवार को ज्येष्ठ माह के पहले बडे मंगलवार को शहर के श्री मंदिर हनुमान टीला हनुमान धाम पर विशेष पूजा अर्चना की गई। सवेरे से ही मंदिर में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था, जो देर शाम तक जारी रहा। श्रद्धालुओं ने श्री हनुमान के दर्शन कर प्रसाद अर्पित किया और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। पूरे दिन मंदिर परिसर में भक्तिमय माहौल बना रहा। देर शाम हनुमान धाम में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। इसके पश्चात हनुमान चालीसा का



पाठ हुआ तथा भव्य महाआरती की गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया। तत्पश्चात प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर प्रधान सलिल द्विवेदी, सचिव राजकुमार मित्तल, पुनीत द्विवेदी, रमेश दीवान, मयंक, राहुल आदि मौजूद रहे।

# सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से पुलिस ने खोए हुए 128 मोबाइल फोन किए बरामद

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) सर्विलांस सेल शामली व जनपद के समस्त थानों पर संचालित सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से पुलिस ने आमजन के खोए हुए 128 मोबाइल फोन बरामद कर उनके स्वामियों को सुपुर्द किए। बरामद मोबाइल फोन की अनुमानित कीमत करीब 30 लाख रुपये बताई गई है।



मंगलवार को शामली नवीन मंडी स्थित पुलिस लाईन में प्रेसवार्ता के दौरान जानकारी देते हुए एसपी एनपी सिंह ने बताया कि पर सर्विलांस सेल एवं थानों पर नियुक्त पुलिसकर्मियों ने अभियान चलाकर विभिन्न कंपनियों के खोए मोबाइल फोन को ट्रेस कर बरामद किया। पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह एवं एएसपी सुमित शुक्ला द्वारा बरामद मोबाइल उनके धारकों को सौंपे गए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने सर्विलांस सेल एवं संबंधित पुलिसकर्मियों की मेहनत और लगन की सराहना करते हुए पूरी टीम को बधाई दी। मोबाइल वापस मिलने पर लोगों ने खुशी जताते हुए शामली पुलिस का आभार व्यक्त किया। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि मोबाइल गुम या चोरी होने की स्थिति में तत्काल अपने नजदीकी थाने पर जाकर सीईआईआर पोर्टल पर मोबाइल की रसीद और पहचान पत्र के साथ शिकायत दर्ज कराएं। पोर्टल पर अपलोड होने के बाद प्राप्त रिक्वेस्ट नंबर के माध्यम से मोबाइल की ट्रैकिंग संभव होती है और उपयोग में आने पर इसकी सूचना मिल जाती है, जिससे उसे बरामद किया जा सकता है।

# भाजपा की जीत पर जश्न, ढोल-नगाड़ों संग बांटी झालमुड़ी

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत पर कस्बे के जैन स्थानक चौराहे पर भाजपा कार्यकताओं ने जोरदार विजय उत्सव मनाया। इस दौरान कार्यकताओं ने आतिशबाजी कर खुशी जताई और ढोल-नगाड़ों की थाप पर जमकर नृत्य किया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. रश्मिकांत जैन ने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, पार्टी की नीतियों और कार्यकताओं की मेहनत का परिणाम है। भाजपा मंडल उपाध्यक्ष प्रतिभा उर्फ सिमरन ने कहा कि बंगाल की जनता ने विकास और राष्ट्रवाद के पक्ष में अपना समर्थन देकर नई दिशा दिखाई है।वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव शर्मा ने कहा कि बंगाल में राष्ट्रवाद की जीत हुई है और वहां के कार्यकताओं ने कठिन परिस्थितियों में भी संगठन को मजबूत बनाए रखा। वहीं कुशांक चौहान ने इसे अन्याय पर न्याय की जीत बताया।विजय उत्सव के दौरान भाजपा कार्यकताओं ने राहगीरों का मुंह मीठा कराया और पश्चिम बंगाल का प्रसिद्ध व्यंजन झालमुड़ी वितरित की।कार्यक्रम में सभासद प्रदीप भार्गव, दीपक गुप्ता, विनित शर्मा, अनिल बोहरा (सभासद पति), बदरू जमा, रज्जो, डॉ. रणबीर सिंह, देवीचंद रवि टांक, रामकुमार शर्मा, संदीप सैनी, सतवीर, अशोक चौहान और सुधा तोमर सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गन्ने की ट्रॉली भरने से मना करने पर गूंगे मजदूर से मारपीट

**समाज जागरण**

कांधला। क्षेत्र के ईंट भट्टे पर मजदूरी कर रहे एक गूंगे व्यक्ति के साथ पड़ोसी किसान द्वारा मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़ित के भाई ने आरोपी किसान के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।जनपद बागपत के थाना रमाला क्षेत्र के गांव असारा निवासी सकील अपने परिवार के साथ कांधला स्थित एक ईंट भट्टे पर मजदूरी करता है। उसका भाई शौकीन भी वहीं कार्य करता है। बताया गया कि शौकीन किसी काम से कस्बे के बस स्टैंड की ओर जा रहा था। आरोप है कि रास्ते में गन्ने



के खेत में काम कर रहे कस्बा निवासी एक किसान ने उसे बुलाकर गन्ने की ट्रॉली भरने के लिए कहा। पीड़ित के मना करने पर किसान ने गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट कर दी। घटना के बाद पीड़ित अपने परिजनों के साथ थाने पहुंचा और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामले में जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# नोडल अधिकारी योगेश कुमार ने मंडी समिति किरतपुर व ग्राम जालबपुर गुर्जर का किया निरीक्षण

**दैनिक समाज जागरण**
**ब्यूरो : शमीम सिद्दीकी, बिजनौर**

जनपद बिजनौर के भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत नोडल अधिकारी एवं आयुक्त एवं निबंधक, सहकारिता उत्तर प्रदेश श्री योगेश कुमार ने मंडी समिति किरतपुर, नजीबाबाद ब्लॉक के ग्राम जालबपुर गुर्जर स्थित प्राथमिक विद्यालय तथा गांव में हुए विकास एवं निर्माण कार्यों का निरीक्षण एवं भौतिक सत्यापन किया।

निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह, उप जिलाधिकारी आशुतोष जैसवाल, ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह, उपायुक्त एनआरएलएम वीरेंद्र कुमार, जिला विकास अधिकारी रचना गुप्ता, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, ग्राम प्रधान श्रीमती नंदिनी राजपूत, खंड विकास अधिकारी नजीबाबाद सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।




मंडी समिति किरतपुर के निरीक्षण के दौरान नोडल अधिकारी ने फार्मर रजिस्ट्रेशन पंजिका एवं फर्द सत्यापन का अवलोकन किया। उन्होंने निर्देश दिए कि शासन के निर्देशानुसार गेहूं खरीद कार्य को प्रभावी ढंग से संचालित किया जाए तथा किसानों को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। समीक्षा में मात्र 1300 कुंतल गेहूं खरीद पाए जाने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए केंद्र प्रभारी को किसानों से संपर्क कर लक्ष्य के अनुरूप गेहूं खरीद सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही किसानों को समय से भुगतान कराने एवं मोबाइल वैनों के नंबरों का व्यापक प्रचार-प्रसार करने को कहा।

इसके बाद नोडल अधिकारी ने ग्राम जालबपुर गुर्जर स्थित प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। विद्यालय में 62 छात्र-छात्राओं के सापेक्ष 7 अध्यापक पाए जाने पर उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि शासन के मानकों के अनुसार शिक्षकों की तैनाती सुनिश्चित की जाए तथा अतिरिक्त शिक्षकों को उन विद्यालयों में समायोजित किया जाए जहां शिक्षकों की कमी है।

गांव में हुए विकास एवं निर्माण कार्यों के सत्यापन के दौरान उन्होंने खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी विकास कार्यों का विवरण एवं आवश्यक जानकारी साइन बोर्ड पर अंकित कराई जाए। गांव में छह तालाब अनुपयोगी पाए जाने पर मत्स्य विभाग से समन्वय स्थापित कर उनमें मछली पालन शुरू कराने तथा इच्छुक लोगों को आवंटन करने के निर्देश दिए, जिससे ग्रामीणों को रोजगार मिल सके। उन्होंने गांव में स्वरोजगार के अवसर बढ़ाने पर भी बल दिया तथा जन सेवा केंद्रों का निरीक्षण कर निर्धारित शुल्क से अधिक धनराशि वसूलने वाले संचालकों के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

ग्रामवासियों द्वारा पेयजल मिशन योजना के तहत खोदी गई सड़कों की मरम्मत न होने की शिकायत पर नोडल अधिकारी ने अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण को निर्देशित किया कि मई माह के अंत तक सभी सड़कों की मरम्मत मानक अनुरूप पूरी कराई जाए, अन्यथा संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने गांव में कूड़ा संग्रहण से प्राप्त राजस्व का उपयोग गांव के विकास कार्यों में करने के निर्देश दिए तथा ग्राम प्रधान एवं ग्रामीणों की विकास के प्रति जागरूकता की सराहना की। निरीक्षण के दौरान ग्रामवासियों ने निर्माण एवं विकास कार्यों पर संतोष व्यक्त किया। नोडल अधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को गांव में शादी घर निर्माण के लिए भूमि चिन्हित कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही ग्रामीणों से बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाने और गांव के समग्र विकास में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया।

# तीरंदाजी में गोल्ड जीतकर लौटे श्री शिव गुरुकुल के शिवा-प्रिंस, फूलमालाओं से हुआ भव्य स्वागत

### शामली में 'प्रथम अमर शहीद सोमवीर सिंह 2026 तीरंदाजी निशानेबाजी प्रतियोगिता' में लहराया परचम; अनंत पंडित को मिला सिल्वर मेडल

**समाज जागरण**

बड़ौत। नगर के छपरौली रोड स्थित श्री शिव गुरुकुल स्वाध्याय केंद्र के तीन विद्यार्थियों ने शामली में आयोजित तीरंदाजी-निशानेबाजी प्रतियोगिता में मेडल जीतकर गुरुकुल व नगर का नाम रोशन किया। सोमवार को गुरुकुल आगमन पर तीनों विजेता विद्यार्थियों का फूलमालाओं व मिठाई खिलाकर भव्य स्वागत किया गया। शामली में आयोजित 'प्रथम अमर शहीद सोमवीर सिंह 2026 तीरंदाजी निशानेबाजी प्रतियोगिता' में श्री शिव गुरुकुल स्वाध्याय केंद्र बड़ौत के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। गुरुकुल के विद्यार्थी शिवा शर्मा एवं प्रिंस शर्मा ने प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं अनंत पंडित ने सिल्वर मेडल जीतकर दूसरा स्थान प्राप्त किया। निशानेबाजी में जीत का परचम लहराकर बड़ौत पहुंचे तीनों विद्यार्थियों का सोमवार को श्री शिव गुरुकुल स्वाध्याय केंद्र पर भव्य स्वागत किया गया। गुरुकुल के संस्थापक आचार्य संदीप गौतम शास्त्री के नेतृत्व में विजेता विद्यार्थियों को फूलों की मालाओं से लाद दिया गया और मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर संस्थापक आचार्य पंडित संदीप दत्त गौतम ने कहा कि गुरुकुल में विद्यार्थियों को सुबह यज्ञ-हवन के बाद तीरंदाजी व निशानेबाजी का प्रशिक्षण दिया जाता है। उन्होंने विश्वास जताया कि यहां के विद्यार्थी एक दिन बड़े-बड़े कार्यक्रमों में जाकर गुरुकुल का नाम रोशन करेंगे।



# बागपत की सृष्टि मलिक ने स्टेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप में जीता गोल्ड, नेशनल के लिए किया क्वालीफाई

### पुरा महादेव गांव की बेटी ने व-13, 37 किलो भार वर्ग में मारी बाजी; मां हैं प्राइवेट स्टाफ नर्स, खेड़की की अल्फा एकेडमी में करती हैं प्रैक्टिस

**समाज जागरण**

बागपत। पुरा महादेव गांव की सृष्टि मलिक ने कानपुर में आयोजित पांचवीं उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया है। गोल्ड जीतने के साथ ही सृष्टि ने नेशनल चैंपियनशिप के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है। उसकी इस उपलब्धि पर परिजनों व ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है। कानपुर शहर स्थित ळरलळ स्टेडियम, द स्पोर्ट्स हब में 1 से 3 मई तक पांचवीं उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो चैंपियनशिप का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में प्रदेश भर के खिलाड़ियों ने भाग लिया। बागपत जिले के पुरा महादेव गांव की रहने वाली सृष्टि मलिक ने सब जूनियर व-13, 37 किलोग्राम से कम भार वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल जीता। इस जीत के साथ ही सृष्टि का नेशनल चैंपियनशिप के लिए चयन हो गया है। कोच अभिषेक शर्मा ने बताया कि सृष्टि बागपत के एक छोटे से गांव पुरा महादेव के साधारण परिवार से है। उसकी मां सरकारी अस्पताल में प्राइवेट स्टाफ नर्स की नौकरी करती हैं। सृष्टि अपनी प्रैक्टिस खेड़की गांव स्थित अल्फा ताइक्वांडो एकेडमी में कोच अभिषेक शर्मा के मार्गदर्शन में करती है। सृष्टि ने इससे पहले भी स्टेट चैंपियनशिप, नेशनल और स्कूल गेम्स में मेडल जीते हैं। सृष्टि की इस उपलब्धि पर उसके परिजनों व ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उसे बधाई दी है।




# भवन कर व जलकर वृद्धि के विरोध में ज्ञापन, 14 मई को बोर्ड बैठक में होगा विचार

### व्यापारी संघ अध्यक्ष अभिमन्यु गुप्ता के नेतृत्व में नगर पंचायत अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन, बड़ोत पालिका की तर्ज पर राहत की मांग

**समाज जागरण**

अग्रवाल मंडी टटीरी। मंगलवार को नगर पंचायत कार्यालय में अध्यक्ष सपना देवी को भवन कर व जलकर में हुई अप्रत्याशित वृद्धि वापस लेने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। व्यापारी संघ के अध्यक्ष अभिमन्यु गुप्ता के नेतृत्व में कस्बे के लोगों ने कहा कि अधिकांश कस्बावासी यह भार वहन करने में असमर्थ हैं। ज्ञापन में बड़ौत नगर पालिका की तर्ज पर सर्वसम्मति से वृद्धि वापस लेने व स्थगित करने का अनुरोध किया गया। इस मौके पर समाजसेवी अनिल गांधी, मनोज मित्तल, रणवीर सिंह, पूर्व सभासद युसूफ खान, पूर्व सभासद पवन शर्मा, शशिकांत शर्मा, राजेश गोयल, तरुण जिंदल, कृष्णपाल कश्यप, अनिल कश्यप, शिव शंभू कंप्यूटर वाले, मोहन प्रजापति सहित कई नगरवासी। नगर पंचायत अध्यक्ष सपना देवी ने कहा कि 14 मई को बोर्ड की बैठक है। उसमें जनभावनाओं का ध्यान रखते हुए प्रस्ताव रखकर राहत दिलाने का प्रयास किया जाएगा।



# आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई और परिवार की सुरक्षा की मांग

**- हिलवाड़ी के लोगों ने एसपी से की जांच कराकर कार्रवाई की मांग**

**- खेत पर हमले में पिता की मौत के बाद फरार आरोपी दे रहे धमकी, पीड़ित परिवार ने एसपी से लगाई सुरक्षा की गुहार**



**समाज जागरण**

बागपत। खेत पर जानलेवा हमले में पिता की मौत के बाद फरार आरोपी खुलेआम गांव में घूम रहे हैं और पीड़ित परिवार को धमकी दे रहे हैं। मंगलवार को हिलवाड़ी के लोग एसपी कार्यालय पहुंचे और आरोपियों की गिरफ्तारी व सुरक्षा की मांग की। हिलवाड़ी गांव की रचना तोमर पुत्र देवेंद्र ने बताया कि 26 अप्रैल को वह अपने पिता के साथ खेत पर काम कर रही थी। तभी पड़ोसी राजेंद्र पुत्र रघुवीर, मोहित व रोहित पुत्र राजेंद्र, संजय उर्फ संजीव पुत्र वेदपाल, मुकेश पुत्र मलखान, वर्षा पत्नी रोहित ने उन पर लाठी डंडे, फावड़ा और तमंचा लेकर उन पर जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया था। मारपीट में घायल उसके पिता की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। उसने उनके खिलाफ कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने नामजद राजेंद्र व वर्षा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था , जबकि मोहित व रोहित ने न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया था। मुकदमे में नामजद दो आरोपी संजय उर्फ संजीव पुत्र वेदपाल व मुकेश पुत्र मलखाल गांव में खुलेआम घूम रहे है और मुकदमे में फैसला न करने पर जान से मारने की धमकी दे रही है। उसने एसपी से आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने और परिवार को सुरक्षा प्रदान करने की मांग की। इस मौके पर रीता, बोबी, रीतू, सत्यवीर, अंकुश, सुरेंद्र, विरेंद्र, फुरकान मौजूद रहे।

# शिक्षामित्रों के मानदेय को लेकर किया गया सम्मान समारोह का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता एवं विधायक धामपुर अशोक राणा, नहटौर ओम कुमार, जिला अध्यक्ष भाजपा भूपेंद्र चौहान, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सिंह, जिलाधिकारी जसजीत कौर की गरिमामय उपस्थिति में आज नजीबाबाद रोड स्थित कृष्णा फार्म हाउस में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित गंभीरनाथ प्रेक्षागृह से बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षामित्र सम्मान समारोह कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया। कार्यक्रम में जनपद के शिक्षामित्रों की मानदेय बढ़ोतरी के उपलक्ष्य में उन्हें चैक देकर सम्मानित भी किया गया।

मा० जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि शिक्षामित्रों की मानदेय बढ़ोतरी का निर्णय शिक्षामित्रों के लंबे समय से लंबित मांगों के समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे उनके जीवन स्तर में सुधार के साथ-साथ शिक्षा व्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने शिक्षा मित्रों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि वे बेसिक शिक्षा व्यवस्था की रीढ़ हैं और उनके हितों के प्रति सरकार पूरी तरह संवेदनशील एवं प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए शिक्षा मित्रों का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि शिक्षामित्रों के बढ़े हुए मानदेय से संबंधित शासनादेशों का समयबद्ध अनुपालन कराया जाए। साथ ही यह भी निर्देश दिए गए कि शिक्षामित्रों के लंबित प्रकरणों का त्वरित गति से निस्तारण करना सुनिश्चित करें और किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब न होने दें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि शिक्षा मित्रों के कार्यों की नियमित समीक्षा की जाए तथा विद्यालयों में शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं।

कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग की प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया गया। प्रदर्शनी में विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा बेसिक शिक्षा से संबंधित विभिन्न शैक्षिक मॉडल प्रस्तुत किए गए, जिनमें नवाचार, विज्ञान, पर्यावरण एवं शैक्षणिक गतिविधियों से जुड़े आकर्षक एवं ज्ञानवर्धक मॉडल शामिल थे।

# बंगाल, असम व पुडुचेरी में भाजपा की जीत पर हियुवा कार्यकताओं ने मनाया जश्न

### हिंदू युवा वाहिनी कार्यालय में बांटी मिठाई; जिला प्रभारी आलोक शास्त्री बोले: पीएम मोदी व योगी के नेतृत्व की जीत, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का सपना साकार

**समाज जागरण**

बड़ौत। पश्चिम बंगाल, असम एवं पुडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने की खुशी में हिंदू युवा वाहिनी के कार्यकताओं ने सोमवार को बड़ौत नगर स्थित हियुवा कार्यालय में एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर हर्षोल्लास के साथ जश्न मनाया। बड़ौत नगर में हिंदू युवा वाहिनी कार्यालय पर सोमवार को पश्चिम बंगाल, असम व पुडुचेरी में भाजपा की जीत की खुशी में जश्न मनाया गया। कार्यकताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हिंदू युवा वाहिनी के जिला प्रभारी आलोक शास्त्री ने कहा कि "यह जीत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक समर्पित कार्यकर्ता की जीत है, जो अपने परिश्रम, पसीने और समर्पण से पार्टी को निरंतर सशक्त बनाने में लगे हुए हैं। जिला सह-संयोजक रवि पालीवाल ने कहा कि "आज डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का सपना साकार हुआ है। उन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर जिस विचारधारा को सींचा, आज वही विचारधारा देशभर में मजबूती के साथ स्थापित हो रही है। जिला अध्यक्ष संजीव तोमर ने भी सभी कार्यकर्ताओं को इस ऐतिहासिक जीत पर शुभकामनाएं दीं। वहीं भाजपा के पूर्व क्षेत्रीय मंत्री सचिन जैन ने कार्यकताओं के परिश्रम की सराहना करते हुए बधाई दी। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष अतुल जैन, जिला मीडिया प्रभारी अरविंद खोखर, अनुराग मोहन, सुरेंद्र मलानिया, ब्लॉक अध्यक्ष मोहित उपाध्याय, जिला मंत्री राजीव भारद्वाज, ब्लॉक संयोजक सतपाल सिंह कश्यप, ब्लॉक प्रभारी विजय वर्मा, नगर संगठन महामंत्री अंकित वर्मा, पवेंदर तोमर, मनोज कटारिया, अमित सरोहा, बिट्टू गर्ग, दीपांशु, प्रियांशु सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# 10वीं में जनपद में तीसरा स्थान लाने वाली छवि आर्य को राज्यमंत्री केपी मलिक ने किया सम्मानित

### राज्यमंत्री बोले: मेहनत से रोशन किया जनपद का नाम, अन्य छात्रों के लिए बनी प्रेरणा; बंगाल में भाजपा की जीत पर भी जताई खुशी

**समाज जागरण**

बड़ौत। क्रिस्तु ज्योति सीनियर सेकेंडरी स्कूल की 10वीं की छात्रा छवि आर्य को बोर्ड परीक्षा में जनपद में तीसरा स्थान प्राप्त करने पर राज्यमंत्री केपी मलिक ने सोमवार को उनके घर पहुंचकर सम्मानित किया और शुभकामनाएं दीं। राज्यमंत्री केपी मलिक सोमवार को क्रिस्तु ज्योति सीनियर सेकेंडरी स्कूल की मेधावी छात्रा छवि आर्य के घर पहुंचे। उन्होंने 10वीं बोर्ड परीक्षा में जनपद में तीसरा स्थान प्राप्त करने पर छवि को सम्मानित किया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। राज्यमंत्री केपी मलिक ने कहा कि "छवि आर्य ने अपनी मेहनत और प्रतिभा से पूरे जनपद का नाम रोशन किया है। बोर्ड परीक्षा में तीसरा स्थान प्राप्त करना गर्व की बात है। ये उपलब्धि क्षेत्र के अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणा बनेगी।" उन्होंने भरोसा दिलाया कि सरकार मेधावी छात्रों को हर संभव प्रोत्साहन देगी। इसी दौरान राज्यमंत्री ने पांडिचेरी, असम और पश्चिम बंगाल में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि "यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और भाजपा कार्यकर्ताओं के परिश्रम का परिणाम है। बंगाल को ममता बनर्जी के आतंक से छुटकारा मिला है। आने वाले समय में उत्तर प्रदेश में भी भाजपा प्रचंड बहुमत से सरकार बनाएगी। इस अवसर पर पूर्व जिला महामंत्री एडवोकेट बिजेंद्र शर्मा, जसवीर सोलंकी, रामनिवास आर्य, राजगोपाल कश्यप, पवन प्रधान, संतकुमार, प्रवीण वर्मा, रामपाल, राजकुमार, शौकेंद्र राठी, रविंद्र आर्य, सौरभ जैन, महिपाल कश्यप, विपिन आर्य आदि मौजूद रहे।



# बागपत के किसानों का प्रतिनिधिमंडल मेरठ मंडलायुक्त से मिला

**समाज जागरण**

बागपत। दिल्ली- देहरादून ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे के भूमि अधिग्रहण से पीड़ित बागपत के किसानों की मुआवजे की समस्या को लेकर किसानों के एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा मंडलायुक्त मेरठ भानु चंद्र गोस्वामी से मिलकर उनसे लंबे समय से चले आ रहे दिल्ली- देहरादून एक्सप्रेसवे की भूमि अधिग्रहण की मुआवजा संबंधित समस्याओं निराकरण की मांग की गई। मंडलायुक्त भानु चंद्र गोस्वामी द्वारा प्रतिनिधि मंडल को बताया गया कि इस विषय में उनकी जिलाधिकारी बागपत से वार्ता हो चुकी है और उन्होंने शीघ्र ही जिलाधिकारी बागपत को आर्बिट्रेशन पर सुनवाई कर किसानों को नियम अनुसार मुआवजा देने के लिए निर्देशित किया है। किसानों को शीघ्र नियम अनुसार मुआवजा दिया जाएगा। इस अवसर पर विशेष रूप से राष्ट्रीय लोकदल के महासचिव सुखबीर सिंह गठीना राष्ट्रीय लोकदल के वरिष्ठ नेता, सुनील बराला राष्ट्रीय लोक दल मेरठ के जिला अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य अनिकेत भारद्वाज, राष्ट्रीय लोक दल क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रधान नीरज पंडित, सहकारी गन्ना मिल बागपत के पूर्व डॉक्टर प्रहलाद सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज कुमार आर्य एडवोकेट , पूर्व सभासद प्रहलाद सिंह व नीरज चौधरी आदि उपस्थित रहे।



# आरोपी झूठे मुकदमे में फंसाने की दे रहे धमकी, पीड़ित ने एसपी से की शिकायत

**विवेचक पर मिलीभगत का आरोप, पीड़ित बोला- भाई पर हमले के बाद अब मिल रही जान से मारने की धमकी**

**समाज जागरण**

बागपत। जानलेवा हमले के मामले में जमानत के बाद आरोपी पीड़ित परिवार को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दे रहे हैं। मंगलवार को ग्राम हेवा के लोग एसपी कार्यालय पहुंचे और कार्रवाई की मांग की।

हेवा के अमित पुत्र कृष्णपाल ने बताया कि 17 अप्रैल को उसके भाई अंकित पर गांव के दो युवकों ने जान से मारने की नीयत से लाठी व लोहे की रॉड से हमला कर दिया था। बचाव के दौरान उसके भाई की दो उंगली कट गई थी। उसने आरोपियों के खिलाफ थाना छपरौली में मुकदमा दर्ज कराया था। उसने मुकदमे में विवेचक पर आरोपियों के साथ साज करने और उनके खिलाफ कार्रवाई न करने का आरोप लगाया। आरोपी उसके भाई को जान से मारने और झूठे मुकदमें में फंसाने की धमकी दे रहे है। उन्होंने एसपी से मुकदमें का विवेचक बदलवाने और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की।



# निरीक्षण में बंद मिला झोलाछाप चिकित्सक का क्लीनिक, सीएमओ ने सीडीओ को सौंपी रिपोर्ट

**कोर्ट रोड निवासी की शिकायत पर हुई कार्रवाई, दो बार निरीक्षण में नहीं मिला हकीम; बोर्ड भी हटाया गया**

**समाज जागरण**

बागपत। संपूर्ण समाधान दिवस में मिली शिकायत के बाद स्वास्थ्य विभाग की जांच में हकीम नसीम अहमद जर्राह का क्लीनिक बंद मिला है। दो बार हुए निरीक्षण में क्लीनिक नहीं खुला और बोर्ड भी हटा दिया गया। कोर्ट रोड के नावेद उर्फ मोहसीन ने संपूर्ण समाधान दिवस में हकीम नसीम अहमद जर्राह के चिकित्सीय प्रमाण पत्रों की जांच की मांग की थी। शिकायत पर सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने सीएमओ को जांच कर रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे। सीएमओ डॉ. तीरथलाल ने बताया कि मोहसीन की शिकायत पर नोडल अधिकारी डॉ. सत्येंद्र प्रकाश शर्मा ने 23 अप्रैल और 02 मई को क्लीनिक का निरीक्षण किया। 23 अप्रैल को निरीक्षण के दौरान दुकान पर बोर्ड लगा मिला, लेकिन क्लीनिक बंद था। वहीं 2 मई को वहां से बोर्ड भी हटा मिला। क्लीनिक के बराबर में बुटीक संचालक से जानकारी ली गई। बुटीक संचालक फैजल ने बताया कि क्लीनिक काफी दिनों से बंद है। सीएमओ ने मंगलवार को जांच आख्या की रिपोर्ट सीडीओ अनिल कुमार सिंह को सौंप दी।

# बंगाल सहित अन्य राज्यों में भाजपा की जीत पर श्रमिक एसोसिएशन ने मनाया जश्न

### जिला अध्यक्ष प्रवीण कुमार वर्मा के नेतृत्व में कार्यकताओं ने बांटी मिठाई, लगाए 'भाजपा जिंदाबाद' के नारे

**समाज जागरण**

बड़ौत। पश्चिम बंगाल के साथ-साथ अन्य राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की जीत की खुशी में सोमवार को श्रमिक एसोसिएशन बागपत के कार्यकताओं ने बड़ौत नगर में एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया। श्रमिक एसोसिएशन जिला अध्यक्ष बागपत प्रवीण कुमार वर्मा के नेतृत्व में सोमवार को बड़ौत नगर में कार्यकताओं ने पश्चिम बंगाल सहित अन्य राज्यों में भाजपा की जीत पर हर्ष जताते हुए जश्न मनाया। कार्यकताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस दौरान श्रमिकों ने 'भाजपा जिंदाबाद' के नारे लगाए। कार्यकताओं ने कहा कि "यह जीत भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता की जीत है।" सभी ने एक-दूसरे को जीत की बधाई देते हुए खुशी का इजहार किया। इस मौके पर सोनू वर्मा, आकाश, जग्गू, कार्तिक अरोड़ा, फरीद कसार आदि मौजूद रहे।



# जैन समाज बडौत ने विवेक विहार में मृत्यु का शिकार हुए लोगों को दी श्रद्धांजलि

**समाज जागरण**

बागपत। बड़ौत दिगम्बर जैन समाज समिति की एक बैठक जैन समाज के अध्यक्ष प्रवीण जैन ओर मन्त्री मनोज कुमार जैन पैट्रोल पम्प वालो के नेतृत्व मे अतिथि भवन में स्थित कार्यालय पर हुई। जिसमें विवेक विहार की दुर्घटना में असमय काल के गाल में समा गये जैन परिवार के 9 सदस्यों के निधन पर गहन दुःख प्रकट किया गया। वहा पर मौजूद सभी सदस्यों ने अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि प्रकट की। जैन समाज के मन्त्री मनोज कुमार जैन ने अपने व्यक्त्व में कहा कि उन सभी का ऐसे असमय चले जाना उनके परिवार के लिए ही नहीं अपितू संपूर्ण जैन समाज के लिए अपूर्णीय क्षति है। इस दुःख की घड़ी में संपूर्ण बड़ौत जैन समाज उनके साथ खड़ी है। हम वीर प्रभु से प्रार्थना करते है कि उनके परिवार इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करे एवं उनकी आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दे। बैठक में प्रवीण जैन अध्यक्ष, मनोज कुमार जैन पैट्रोलपम्पवाले मन्त्री, दिनेश जैन नवकार, मनोज जैन सम्भव किराना ,अजय जैन सोनू गिफ्ट, पुनीत जैन इन्शुअरन्स वाले,आदिश जैन सबगे वाले ,शुभम जैन शान्तिनाथ, युवा वर्धमान के अध्यक्ष यश जैन, अकुंर जैन लोहे वाले, गौरव जैन एडवोकेट, मन्त्री सत्यम जैन आदि उपस्थित थे।



# लायंस क्लब बागपत ने लगाया निशुल्क नेत्र जांच शिविर

**समाज जागरण**

बागपत। लायंस क्लब बागपत द्वारा नगर के मेरठ रोड स्थित वात्सायन पैलेस में निशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया गया, इसमें 70 मरीजों की जांच की गई। जांच में 60 मरीजों को आवश्यक दवाइयाँ तथा चश्मे निःशुल्क वितरित किए गए, जबकि 10 गंभीर मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। शिविर का आयोजन लायंस क्लब ने ए डी के जैन आई एच हॉस्पिटल खेकड़ा के सहयोग से किया। चयनित मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन निःशुल्क किया जाएगा, जिसमें अस्पताल की गाड़ी द्वारा मरीजो को अस्पताल ले जाया जाएगा। ऑपरेशन के बाद एक दिन अस्पताल में रखा जाएगा और वापस बागपत छोड़ा जाएगा। पूरे प्रक्रिया के दौरान दवा, भोजन, लेंस आदि सभी सुविधाएँ मुफ्त प्रदान की जाएंगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लायन पी एम जे एफ डॉ विनय सिसोदिया (डिस्टिक गवर्नर )ने कहा कि लायंस क्लब बागपत सामाजिक सेवा के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रहा है। नेत्र शिविर के माध्यम से स्थानीय लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराना हमारा उद्देश्य है। अध्यक्ष अजय शर्मा, सचिव विजयपाल यादव कोषाध्यक्ष परमवीर सिंह एडवोकेट कार्यक्रम चेयरमैन सुधीर कुमार तोमर गजेंद्र सिंह बली राजपाल शर्मा महेश चंद शर्मा डॉक्टर महेंद्र सिंह धामा धीरज बंसल अरविंद राणा मोहन चौहान विनोद कुमार शर्मा जितेंद्र कुमार मीडिया प्रभारी नीरज नैन महबूब खान सहित लायंस सदस्यों ने शिविर को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



# श्रद्धाभाव के साथ निकाली भगवान गणपति की शोभायात्रा

**समाज जागरण**

बिनौली। फतेहपुर पुट्ठी गांव के प्राचीन हनुमान मंदिर प्रांगण में मंगलवार को मंत्रोच्चारण के साथ भगवान गणेश की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा श्रद्धालुओं ने श्रद्धाभाव से की। इससे पहले ग्रामीणों ने गांव में उनकी शोभायात्रा बैंड बाजों और ढोल नगाड़ों के साथ निकाली। पंडित अनूप शास्त्री के निर्देशन में मंदिर परिसर में प्रातः हवन के बाद मंत्रोच्चारण के साथ विधि विधान पूर्वक भगवान गणेश की प्रतिमा का अभिषेक किया गया। इसके उपरांत श्रद्धालुओं ने मंत्रोच्चारण, जय जयकारों के साथ बैंडबाजो और ढोल नगाड़ों के साथ पूरे गांव में उनकी शोभायात्रा निकाली। यात्रा का गांव में जगह जगह पुष्पवर्षा करके स्वागत किया गया। शोभायात्रा मंदिर परिसर से शुरू होकर पूरे गांव की परिक्रमा कर वापस मंदिर परिसर में पहुंची। जहां मंत्रोच्चारण के साथ मंदिर में भगवान गणेश की प्रतिमा को स्थापित किया। और आरती उतारकर प्रथम पूजा की। इसके बाद भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर प्रधान मंजू तोमर, डॉ. राजीव गुप्ता, प्रभास जैन, सोनू जैन, अनिल गुप्ता, सुशील गुप्ता, प्रवीण भारद्वाज, दिनेश तोमर, मोहित तोमर, प्रदीप गुप्ता, विकास, आकाश, यश, क्रिश आदि उपस्थित रहे।



# गांव हस्सू में एनसीडी व एक्स-रे कैंप का आयोजन, 72मरीजों की जांच

**समाज जागरण**

कालांवाली 5 मई (सुरेश जोरासिया) निकटवर्ती गांव हस्सू की आंगनवाड़ी में डॉ.शशि भारद्वाज के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग द्वारा एनसीडी एक्स-रे शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस कैंप का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के



लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाना तथा बीमारियों की समय रहते पहचान करना था।

इस शिविर में मरीजों की बी.पी. (ब्लड प्रेशर) और शुगर की जांच के साथ-साथ खांसी के रोगियों की छाती व बलगम की जांच की गई तथा छाती के एक्स-रे भी किये तथा स्वास्थ्य संबंधी जरूरी जानकारी भी दी गई। डॉक्टरों की टीम ने महिलाओं को कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के प्रति जागरूक करते हुए समय-समय पर जांच करवाने की सलाह दी।

इस अवसर पर डॉ.शशि भारद्वाज के साथ सीएमओ कार्यालय सिरसा की टीम,आशा वर्कर, आंगनवाड़ी वर्कर तथा अन्य स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद रहे। टीम में अनिल मोहित शर्मा सहित कई अन्य सदस्यों ने अपनी सेवाएं दीं और मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराया।

शिविर में कुल 72 मरीजों की जांच की गई, जिनमें बी.पी., शुगर तथा एक्स-रे जांच शामिल रही। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविरों से उन्हें नजदीक में ही स्वास्थ्य सुविधाएं मिल जाती हैं, जिससे समय और धन दोनों की बचत होती है।

स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि भविष्य में भी इस प्रकार के शिविर आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि अधिक से अधिक लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके।

# 50 परिवार अकाली दल में शामिल हुए

## -- हलका इंचार्ज इकबाल सिंह बबली ढिल्लों ने सिरोपा पहनाकर अकाली दल ज्वाइन किया

**पंजाब बठिंडा रघुनंदन पराशर जैतो/ समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब**

बठिंडा, 5 मई : शिरोमणि अकाली दल बठिंडा शहरी को उस समय बड़ी बढ़त मिली जब इलाके के 50 परिवार अलग-अलग पार्टियां छोड़कर पूजा वाला मोहल्ला में महिला विंग की तरफ से आयोजित एक प्रोग्राम के दौरान अकाली दल में शामिल हो गए। हलका इंचार्ज इकबाल सिंह बबली ढिल्लों



महिला विंग की नेता हरमन शर्मा की लीडरशिप में हुए इस प्रोग्राम में चीफ गेस्ट के तौर पर पहुंचे और उन्होंने इन परिवारों के सदस्यों को सिरोपा पहनाकर अकाली दल में शामिल किया और पार्टी में उन्हें पूरा सम्मान देने का भरोसा दिलाया। इस मौके पर मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए इकबाल सिंह बबली ढिल्लों ने कहा कि पिछले असेंबली इलेक्शन के दौरान आम आदमी पार्टी ने लोगों से कई वादे किए थे। पंजाब को रंगीन पंजाब बनाने का दावा किया था। लेकिन चीफ मिनिस्टर भगवंत मान की लीडरशिप वाली सरकार ने एक भी वादा पूरा नहीं किया। बल्कि पंजाब को कंगाल पंजाब बना दिया है। उन्होंने कहा कि पंजाब में सिर्फ अकाली दल की सरकार ही दूर की सोच के साथ काम करती है। इस दौरान पंजाब में बड़े पैमाने पर विकास के काम हो रहे हैं। पंजाब की तरक्की और विकास सिर्फ शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल के नेतृत्व में ही हो सकता है। क्योंकि वह पंजाब के लोगों का दर्द समझते हैं। शिरोमणि अकाली दल सभी पंजाबियों की पार्टी है। लोगों के सभी तरह के मसले सिर्फ अकाली दल सरकार के नेतृत्व में ही हल होते हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनावों में सरदार सुखबीर सिंह बादल के नेतृत्व में ही पंजाब अब रंगीन पंजाब बन सकता है। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए बबली ढिल्लों ने कहा कि कांग्रेस ने पंजाब को बर्बाद कर दिया है। जब भी कांग्रेस सत्ता में आई है, पंजाब की शांति भंग हुई है। कांग्रेस के नेता पंजाब के लोगों के लिए नहीं, बल्कि अपने फायदे के लिए लड़ते हैं। शिरोमणि अकाली दल के प्रेस सेक्रेटरी ओम प्रकाश शर्मा ने बताया कि इस मौके पर सिटी प्रेसिडेंट सुशील कुमार गोल्डी के अलावा बठिंडा सिटी प्रेसिडेंट गुरसेवक सिंह मान, महिला विंग की प्रेसिडेंट बलविंदर कौर, एससी विंग की प्रेसिडेंट रोशन ज्ञाना, हरतार सिंह, हरमन रिंका, जगजीत सिंह भुल्लर, सुमित कुमार बिंटा, रवि ढल्ला, मोनू शर्मा वगैरह भी मौजूद थे।

# जेठ माह के प्रथम मंगलवार पर कालेबीर मंदिर में भंडारा आज, श्रद्धालुओं में उत्साह चरम पर......

**विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

मोहनलालगंज, लखनऊ ।मोहनलालगंज कस्बे में स्थित कालेबीर मंदिर परिसर स्थित बाला जी मंदिर में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी जेठ माह के प्रथम मंगलवार के पावन अवसर पर मंगलवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन को लेकर मंदिर परिसर में सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं और श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

मंदिर परिसर में पिछले कई दिनों से धार्मिक माहौल बना हुआ है। समिति के सदस्यों ने जानकारी देते हुए बताया कि 26 अप्रैल से चल रही श्रीराम कथा का समापन सोमवार रात्रि को विधिवत रूप से संपन्न हुआ। कथा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर पुण्य लाभ अर्जित किया।मंगलवार को प्रातःकाल हवन-पूजन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत होगी। इसके उपरांत विधिवत पूजन एवं आरती के बाद कन्या भोज का आयोजन किया जाएगा। कन्या भोज के बाद विशाल भंडारे का शुभारंभ किया जाएगा, जो देर शाम तक चलता रहेगा। आयोजकों के अनुसार भंडारा प्रभु की इच्छा तक लगातार चलता रहेगा, जिसमें आने वाले सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जाएगा।बाला जी सेवा समिति एवं कालेबीर मंदिर सेवादार समिति के पदाधिकारियों और कार्यकताओं द्वारा आयोजन को सफल बनाने के लिए विशेष तैयारियां की गई हैं। मंदिर परिसर की साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था, प्रसाद वितरण और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए समुचित प्रबंध किए गए हैं।समिति की ओर से क्षेत्र के समस्त श्रद्धालुओं से सपरिवार कार्यक्रम में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण करने और पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर वर्ष इस भंडारे में हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं, जिससे यह आयोजन क्षेत्र की आस्था और परंपरा का प्रमुख केंद्र बन गया है।

# बंगाल में भाजपा की जीत ऐतिहासिक : मुरारी लाल शर्मा

## मोदी-शाह के नेतृत्व व रणनीति को बताया जीत का कारण

**दैनिक समाज जागरण**
**महेन्द्र जावला, बहल**

ढिगावा मंडी। भाजपा मंडल अध्यक्ष मुरारी लाल शर्मा ने पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत को ऐतिहासिक बताते हुए इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की रणनीति का परिणाम बताया।

मुरारी लाल शर्मा ने कहा कि भाजपा की प्रचंड जीत से पश्चिम बंगाल में विकास, सुरक्षा और समृद्धि का नया दौर शुरू होगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जनता के सहयोग और समर्थन से सोनार बांग्ला का



सपना अब साकार होगा।

उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता ने ममता बनर्जी सरकार के खिलाफ निर्णायक जनादेश दिया है। जनता ने भ्रष्टाचार, तुष्टीकरण और दमनकारी राजनीति को नकारते हुए भाजपा की नीतियों पर भरोसा जताया है।

भाजपा मंडल अध्यक्ष ने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं, सुशासन मॉडल और विकासोन्मुखी सोच पर जनता के अटूट विश्वास का प्रमाण है।

उन्होंने कहा कि देशभर में विकास और राष्ट्रहित की राजनीति को लगातार समर्थन मिल रहा है, जिसके चलते भाजपा विभिन्न राज्यों में लगातार सफलता प्राप्त कर रही है।

# बुजुर्ग समाज की अमूल्य धरोहर हैं और उनका सम्मान करना प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य : गजानंद अग्रवाल

## वरिष्ठ नागरिक घर-परिवार व समाज की शान हैं : प्रो. ई.वी. गिरीश

**समाज जागरण**
**महेन्द्र जावला, बहल**

बहल, 5 मई। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की बहल शाखा के समाज सेवा प्रभाग के तत्वावधान में संगम गौरवपूर्ण वृद्धावस्था एवं सम्मानित जीवन विषय पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वरिष्ठ नागरिकों एवं समाजसेवियों ने भाग लिया।

मुख्य वक्ता प्रो. ई.वी. गिरीश (मुंबई) ने अपने संबोधन में कहा कि वरिष्ठ नागरिक घर-परिवार एवं समाज की शान होते हैं। उनके अनुभव, संस्कार एवं मार्गदर्शन से समाज को सही दिशा मिलती है। उन्होंने कहा कि वृद्धावस्था जीवन का गौरवपूर्ण चरण है, जिसे सम्मान, स्नेह एवं आत्मिक शक्ति के साथ जीना चाहिए।

समाज सेवा प्रभाग के मुख्यालय संयोजक ब्रह्माकुमार बीरेंद्र भाई ने कहा कि वरिष्ठजनों का सम्मान भारतीय संस्कृति की पहचान है तथा उनके अनुभव नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।

मुख्य अतिथि गजानंद अग्रवाल ने कहा कि बुजुर्ग समाज की अमूल्य धरोहर हैं और उनका सम्मान करना प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है। विशिष्ट अतिथि साधुराम पनिहार ने कहा कि





ऐसे आयोजन समाज में संस्कार एवं सम्मान की भावना को मजबूत करते हैं।

डॉ. एस.के. सिन्हा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि वरिष्ठ नागरिकों के अनुभव समाज निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वहीं राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शकुंतला दीदी ने अपने आशीर्वचन में आध्यात्मिक जीवन अपनाने का संदेश दिया। ब्रह्माकुमारी पूनम बहन ने मेडिटेशन के माध्यम से उपस्थित लोगों को आत्मिक शांति का अनुभव कराया।

कार्यक्रम में लगभग 175 वरिष्ठ नागरिकों एवं समाजसेवियों का सम्मान किया गया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत नाटक ने सभी का मन मोह लिया, जबकि सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुति के माध्यम से अतिथियों का स्वागत किया गया।

कार्यक्रम का मंच संचालन समाज सेवा प्रभाग के हरियाणा संयोजक ब्रह्माकुमार सुनील एवं समाजसेवी सुनील केडिया ने संयुक्त रूप से किया।

# ऐतिहासिक बंगाल जीत से पंजाब में लहर, भाजपा का विजय अभियान अजेय : सुखमिंदरपाल सिंह ग्रेवाल

## बंगाल जीत से भाजपा का उभार तेज- रजनीश धीमान

**पंजाब लुधियाना रघुनंदन पराशर जैतो/समाज जागरण चीफ ब्यूरो**

जैतो, 5 मई : अपार गर्व, अटूट विश्वास और गहरी कृतज्ञता के साथ राष्ट्रीय भाजपा नेता एवं एडवोकेट सुखमिंदरपाल सिंह ग्रेवाल और जिला प्रधान श्री रजनीश धीमान ने भारतीय जनता पार्टी के समर्पित, कर्मठ और अथक कार्यकताओं व समर्थकों को पश्चिम बंगाल सहित अन्य राज्यों में पार्टी की ऐतिहासिक और प्रचंड जीत पर हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह विशाल जनादेश माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और माननीय गृह मंत्री श्री अमित शाह के मजबूत एवं निर्णायक नेतृत्व पर देशवासियों की स्पष्ट और प्रबल मुहर है। उन्होंने कहा कि देश की जनता ने एक बार फिर नकारात्मकता, तुष्टिकरण और विफल राजनीति को नकारते हुए राष्ट्रवाद, विकास और मजबूत शासन को चुना है।इस गौरवपूर्ण अवसर पर आज दक्षिण लुधियाना विधानसभा क्षेत्र के बापू मार्केट, ग्यासपुरा में एडवोकेट सुखमिंदरपाल सिंह ग्रेवाल, जिला प्रधान श्री रजनीश धीमान और मंडल प्रधान (दक्षिण) श्री सुरेश अग्रवाल के नेतृत्व में भव्य एवं उत्साहपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर लड्डू वितरित कर खुशी मनाई गई और पूरा क्षेत्र विजय उत्सव के रंग में रंगा नजर आया।वातावरण में जबरदस्त उत्साह, देशभक्ति और भाजपा कार्यकताओं की ऊर्जा साफ दिखाई दी।कार्यक्रम में प्रमुख नेताओं और गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही, जिनमें जिला प्रधान श्री रजनीश धीमान, सरदार निर्मल सिंह, पार्षद श्री राजेश मिश्रा, पार्षद सरदार कुलवंत सिंह कांती, महिला मोर्चा उपप्रधान श्रीमती कविता देवी, पूर्वांचल नेता श्री चंद्रभान चौहान,





मंडल प्रधान श्री सुरेश अग्रवाल, मंडल महामंत्री श्री सत्य सिंह, उपप्रधान श्री पंकज भूटानी, सरदार हरजिंदर खंब, सरदार चहल सिंह धीमान, श्री बैजनाथ गुप्ता सहित बड़ी संख्या में समर्पित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।सभा को संबोधित करते हुए एडवोकेट सुखमिंदरपाल सिंह ग्रेवाल और जिला प्रधान श्री रजनीश धीमान ने दृढ़ता और स्पष्टता के साथ कहा कि यह जीत केवल चुनावी सफलता नहीं, बल्कि विकास, पारदर्शिता और राष्ट्रवाद पर जनता के विश्वास की निर्णायक विजय है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है और जनता ने एक बार फिर विभाजनकारी और अवसरवादी राजनीति को नकार दिया है।उन्होंने आगे कहा कि पूरे देश में भाजपा के प्रति बढ़ता जनसमर्थन इस बात का स्पष्ट संकेत है कि देश प्रगति, स्थिरता और मजबूत शासन के मार्ग पर एकजुट होकर आगे बढ़ रहा है। इस ऐतिहासिक जीत ने पंजाब के भाजपा कार्यकताओं में नई ऊर्जा, आत्मविश्वास और जोश भर दिया है।सभा के उपरांत कार्यकताओं ने लड्डू बांटकर और एक-दूसरे को खिलाकर उत्साहपूर्वक खुशी व्यक्त की। पूरे वातावरण में जोशीले नारे, ढोल-नगाड़ों की गूंज और विजय घोष सुनाई दिए, जो एकता और उत्सव की भावना को दर्शाते हैं। अबकी बार, पंजाब में भी कमल खिलने को तैयार जैसे नारे गूंजते रहे, जो पंजाब में राजनीतिक परिवर्तन के स्पष्ट संकल्प को दर्शाते हैं।इस अवसर पर भाजपा नेता एवं मंडल प्रधान श्री सुरेश अग्रवाल ने भी संबोधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार पूरे देश में भाजपा के प्रति जनता का विश्वास लगातार बढ़ रहा है, उसी प्रकार पंजाब में भी अब परिवर्तन की लहर स्पष्ट दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि पंजाब की जनता अब कुप्रबंधन, पारदर्शिता की कमी और कमजोर नेतृत्व से तंग आ चुकी है और विकास, जवाबदेही तथा मजबूत भविष्य के लिए भाजपा की ओर देख रही है।इस ऐतिहासिक जीत ने पंजाब में भाजपा कार्यकताओं का मनोबल और अधिक मजबूत किया है तथा एक बड़े राजनीतिक परिवर्तन की नींव रख दी है। मजबूत संगठन, समर्पित कार्यकताओं और जनहितैषी नीतियों के बल पर भाजपा पंजाब में नया इतिहास रचने की ओर तेजी से बढ़ रही है। बदलते राजनीतिक हालात साफ संकेत दे रहे हैं कि आने वाले 2027 के विधानसभा चुनावों में पंजाब एक निर्णायक परिवर्तन की ओर बढ़ रहा है और पूरा प्रदेश कमल के रंग में रंगने के लिए तैयार है। भाजपा कार्यकर्ता सुखविंदर सिंह ग्रेवाल के नेतृत्व में आम जनता को भाजपा की जीत में लड्डू बांटने का दृश्य।

# भाजपा की जीत पर बहल में निकला भव्य विजय जुलूस

## कार्यकताओं ने नाच-गाकर मनाया जश्न

**दैनिक समाज जागरण**
**महेन्द्र जावला, बहल**

बहल। पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी की जीत के उपलक्ष्य में बहल में भाजपा कार्यकताओं ने उत्साहपूर्वक विजय जुलूस निकालकर जश्न मनाया। मंडल अध्यक्ष सुनील सांगवान एवं पूर्व सरपंच गजानंद अग्रवाल के नेतृत्व में निकाले गए इस जुलूस में सैकड़ों कार्यकताओं ने भाग लिया।

विजय जुलूस स्थानीय भाजपा कार्यालय से शुरू होकर शहर के मुख्य बाजारों एवं चौक-चौराहों से गुजरता हुआ निकला। इस दौरान युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यकताओं ने भाजपा के झंडे एवं बैनर लेकर डीजे की धुन पर नाचते-गाते हुए भाजपा जिंदाबाद और मोदी जिंदाबाद के नारे लगाए तथा पटाखे फोड़कर जीत की खुशी




मनाई। मंडल अध्यक्ष सुनील सांगवान ने कहा कि यह ऐतिहासिक जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मजबूत नेतृत्व, दूरदर्शी सोच एवं जनकल्याणकारी नीतियों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि देश की जनता ने विकास, सुशासन और राष्ट्रहित की राजनीति पर विश्वास जताया है।

पूर्व सरपंच गजानंद अग्रवाल ने कार्यकताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता इस जीत को जिम्मेदारी के रूप में लें और सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने के साथ संगठन को और अधिक मजबूत करने का कार्य करें।

इस अवसर पर नवीन बागान, रितेश बहल, जगदीश, रघुवीर भाम्भू, पवन सोनी, मास्टर संतराम गरवा, सतबीर भालोठिया, पंकज अठवाल सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कालांवाली के हुड्डा आर-1 पार्क की हालत बदहाल, गंदगी के ढेर बने परेशानी का कारण

**दैनिक समाज जागरण**
**कालांवाली : सुरेश जोरासिया**

कालांवाली क्षेत्र के हुड्डा स्थित आर-1 पार्क की हालत इन दिनों बेहद चिंताजनक बनी हुई है। कभी लोगों के टहलने और बच्चों के खेलने का प्रमुख स्थान रहा यह पार्क अब गंदगी और अव्यवस्था का शिकार हो गया है।

पार्क के मुख्य द्वार पर कूड़े-कचरे के बड़े-बड़े ढेर लगे हुए हैं, जो आने-जाने वाले लोगों का मानो ह्लस्वागतह्व कर रहे हों। इससे न केवल क्षेत्र की छवि धूमिल हो रही है, बल्कि आसपास के निवासियों को भी भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि पार्क की नियमित सफाई नहीं होने के कारण चारों ओर गंदगी फैली हुई है। इसके अलावा पार्क परिसर में



आवारा पशु, विशेषकर बकरियां, खुलेआम घूमती दिखाई देती हैं, जिससे पार्क की हरियाली को नुकसान पहुंच रहा है। लोगों का कहना है कि यह स्थिति बच्चों और बुजुर्गों के लिए भी असुरक्षित बनती जा रही है।

क्षेत्रवासियों ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यदि समय रहते सफाई व्यवस्था एवं निगरानी पर ध्यान नहीं दिया गया, तो पार्क पूरी तरह अपनी उपयोगिता खो देगा।

स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि पार्क की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए, कूड़ा उठाने की व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए तथा आवारा पशुओं पर रोक लगाने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं, ताकि पार्क को पुनः स्वच्छ, सुरक्षित एवं उपयोगी बनाया जा सके।

# फिरोजपुर मंडल ने भेजा बासमती चावल का पहला कंटेनर रेक

**पंजाब जैतो रघुनंदन पराशर/दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब**

जैतो,5 मई : उत्तर रेलवे के फिरोजपुर रेल मंडल के डीआरएम संजीव कुमार के अनुसार फिरोजपुर मंडल ने चालू वित्त वर्ष 2026-27 में बासमती चावल का पहला कंटेनर रेक सफलतापूर्वक भेज कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। मंडल के बिजनेस डेवलपमेंट यूनिट (बीडीयू) द्वारा किए गए निरंतर प्रयासों एवं विभिन्न हितधारकों/स्टेकहोल्डर्स के साथ समन्वय के परिणामस्वरूप 42 कंटेनरों में लदा बासमती चावल का रेक 4 मई, 2026 को फिल्लौर स्थित कॉनकॉर टर्मिनल से हैदराबाद और चेन्नई के लिए भेजा गया। तरन तारन, अमृतसर और कोटकपुरा क्षेत्रों से बासमती चावल को एकत्रित किया गया था। इस प्रकार की लोडिंग से न




केवल मंडल के माल यातायात में वृद्धि हुई है, बल्कि रेल राजस्व में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई है। सड़क मार्ग से होने वाली माल ढुलाई अब रेलवे की ओर स्थानांतरित हो रही है, जिससे कार्बन उत्सर्जन में कमी और यह पर्यावरण अनुकूल भी है। रेलवे द्वारा किफायती, समयबद्ध एवं 'डोर-टू-डोर' सेवा उपलब्ध कराने से व्यापारियों का विश्वास मजबूत हुआ है। फिरोजपुर मंडल के सतत प्रयासों से न केवल राजस्व में वृद्धि हो रही है, बल्कि रेलवे के प्रति व्यापारियों का भरोसा भी निरंतर बढ़ रहा है। उल्लेखनीय है कि फिरोजपुर मंडल द्वारा दिसंबर 2025 से मार्च 2026 के बीच भी बासमती चावल के कुल चार कंटेनर रेक फिल्लौर कॉनकॉर टर्मिनल से भेजे जा चुके हैं।

# वरिष्ठ पत्रकार के बेटे की मौत पर पत्रकारों की आपात बैठक, दोषियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग......

**विवेक कुमार समाज जागरण**

निगोहां प्रेस क्लब के वरिष्ठ पत्रकार साथी अशोक सिंह के बेटे की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले को लेकर सोमवार को निगोहां प्रेस क्लब कार्यालय में एक आपात बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगराम, निगोहां व मोहनलालगंज क्षेत्र के बड़ी संख्या में पत्रकारों ने हिस्सा लिया और घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया।बैठक की अगुवाई वरिष्ठ पत्रकार योगेंद्र तिवारी, ब्रजराज सिंह व जय शुक्ला के नेतृत्व में की गई। इस दौरान दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।बैठक में पूरे घटनाक्रम पर विस्तार से चर्चा करते हुए आरोपियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई किए जाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। उपस्थित पत्रकारों ने प्रशासन से मांग की कि मामले में नामजद सभी आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए, ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके।निगोहां प्रेस क्लब के संरक्षक व अध्यक्ष ने संयुक्त रूप से कहा कि यदि जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती है, तो प्रेस क्लब का एक प्रतिनिधिमंडल पुलिस के उच्च अधिकारियों से मिलकर सख्त कार्रवाई की मांग करेगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पत्रकार समाज इस मामले को गंभीरता से ले रहा है और न्याय मिलने तक आवाज उठाता रहेगा।गौरतलब है कि इस मामले में रविवार को मृतक की पत्नी समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। नगराम थाना प्रभारी विवेक कुमार चौधरी की मौजूदगी में वार्ता भी हुई। वार्ता के दौरान आरोपियों के खिलाफ अग्रिम कार्रवाई को लेकर पुलिस द्वारा संतोषजनक आश्वासन दिया गया।सूत्रों के अनुसार नगराम पुलिस बल के साथ अमेठियन पुरवा गांव में मौके पर मौजूद हैं और मामले की गहन जांच करते हुए आवश्यक कार्रवाई में जुटे हुए हैं।इस मौके पर निगोहा प्रेस क्लब के अध्यक्ष विमल सिंह चौहान, महामंत्री प्रदीप द्विवेदी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोइन खान, आरिफ मंसूरी, आरिफ खान, शैलेंद्र गुप्ता, प्रमोद सोनी, वरिष्ठ पत्रकार जय सिंह यादव, सुनील त्रिवेदी, आशीष पांडे, प्रशांत त्रिवेदी, वरिष्ठ पत्रकार ललित दीक्षित सहित दर्जनों पत्रकार मौजूद रहे।प्रेस क्लब के सभी सदस्यों ने एक स्वर में कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे और आवश्यकता पड़ने पर उच्चाधिकारियों से वार्ता भी किया जा सकता है।

# इस निर्णय से 5 करोड़ गन्ना किसानों के साथ ही चीनी मिलों और संबंधित सहायक कार्यों में लगे 5 लाख श्रमिक लाभान्वित होंगे

**समाज जागरण**

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने गन्ना किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए, चीनी उत्पादन सीजन 2026-27 (अक्टूबर-सितंबर) के लिए गन्ने का उचित एवं लाभकारी मूल्य 365 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया है। यह मूल्य पुनर्प्राप्ति न्यूनतम 10 दशमलव दो-पांच प्रतिशत दर पर आधारित है, जिसमें शून्य दशमलव एक प्रतिशत की प्रत्येक वृद्धि पर 3.56 रुपये प्रति क्विंटल का प्रीमियम और पुनर्प्राप्ति में शून्य दशमलव एक प्रतिशत की प्रत्येक कमी पर 3.56 रुपये प्रति क्विंटल की कमी का प्रावधान है। सरकार ने गन्ना किसानों के हितों की रक्षा के लिए यह भी फैसला किया है कि जिन चीनी मिलों में चीनी पुनर्प्राप्ति दर 9 दशमलव 5 प्रतिशत से कम है, वहां कोई कटौती नहीं की जाएगी। चीनी पुनर्प्राप्ति दर गन्ने के कुल वजन के अनुपात में उससे प्राप्त चीनी की मात्रा को प्रतिशत में दर्शाता है। ऐसे किसानों को आगामी चीनी उत्पादन सीजन 2026-27 में गन्ने के लिए 338.3 रुपये प्रति क्विंटल मिलेंगे।

चीनी उत्पादन सीजन 2026-27 के लिए गन्ने की उत्पादन लागत (वास्तविक नकद खर्च + पारिवारिक श्रम मूल्य) 182 रुपये प्रति क्विंटल है। 10 दशमलव दो-पांच प्रतिशत की पुनर्प्राप्ति दर पर यह उचित और लाभकारी मूल्य 365 रुपये प्रति क्विंटल है, जो उत्पादन लागत से 100 दशमलव 5 प्रतिशत अधिक है। चीनी उत्पादन सीजन 2026-27 के लिए उचित और लाभकारी मूल्य 2025-26 की तुलना में 2 दशमलव आठ-एक प्रतिशत अधिक है।

स्वीकृत किए गए उचित और लाभकारी मूल्य चीनी मिलों द्वारा चीनी के उत्पादन सीजन 2026-27 (पहली अक्टूबर, 2026 से आरंभ) में किसानों से गन्ने की खरीद पर लागू होगा। चीनी उत्पादन क्षेत्र एक महत्वपूर्ण कृषि आधारित क्षेत्र है जो लगभग 5 करोड़ गन्ना किसानों और उनके आश्रितों तथा चीनी मिलों में प्रत्यक्ष रूप से कार्यरत लगभग 5 लाख श्रमिकों की आजीविका प्रदान करता है। इसके अलावा कृषि श्रम और परिवहन सहित विभिन्न सहायक गतिविधियों में लोग काम करते हैं।

# देश की जनता के अटूट विश्वास एवं कार्यकताओं की अथक परिश्रम का परिणाम है पश्चिम बंगाल जीत :राजा

**समाज जागरण**

अनूपपुर ।पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी के ऐतिहासिक जीत पर भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल उपाध्यक्ष राजा तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि यह जीत केवल राजनीतिक उपलब्धि नहीं,बल्कि देश की जनता के अटूट विश्वास, कार्यकताओं की अथक मेहनत और पार्टी की जनहितकारी नीतियों की निर्णायक विजय है उन्होंने कहा कि पूरे देश में पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता इस सफलता को गर्व और उत्साह के साथ मना रहा है



उन्होंने आगे कहा कि पश्चिम बंगाल में जो परिस्थितियां पहले देखी जाती थीं,उनमें अब परिवर्तन का दौर शुरू हुआ है और जनता को नई आशा व दिशा मिली है उन्होंने कार्यकताओं का आह्वान किया कि वे इसी समर्पण,ऊर्जा और एकजुटता के साथ संगठन को और अधिक सशक्त बनाएं तथा सरकार की योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का संकल्प लें कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय कार्यकर्ता, ग्रामीणजन एवं युवा शामिल हुए उमड़े जनसैलाब और जोशीले माहौल ने यह स्पष्ट कर दिया कि क्षेत्र में पार्टी के प्रति विश्वास और समर्थन लगातार नई ऊंचाइयों को छू रहा है।

# अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा बिना किसी अनुज्ञप्ति के रखने वाले आरोपियो मो0 फईम एंव गोविन्द नारायण शुक्ला, को 04 साल का कारावास एंव 25 हजार रुपये जुमार्ना

**समाज जागरण विजय तिवारी**

अनूपपुर ।लोक अभियोजक पुष्पेन्द्र कुमार मिश्रा द्वारा बताया गया कि आरोपियो के उपर घटना दिनांक 30.12.2020 को करीब 024:00 बजे थाना भालूमाड़ा अंतर्गत ग्राम-रक्सा में गोड़ास झुटकू नदी पुल के पास सिल्वर कलर की स्विफ्ट डिजायर कार, रजि0 नं0 सी0जी0-08 ए0एफ0-4977 में अभियुक्तगण गोविंद नारायण शुक्ला एवम मो0 फईम के द्वारा अपने सचेत एंव जागृत कब्जे में अवैध मादक पदार्थ गांजा कुल 09 किलो 700 ग्राम रखकर परिवहन कर रहे थे, जो स्वापक औषधि मनः प्रभावि पदार्थ अधिनियम 1985 की धारा-8 के अंतर्गत जारी अधिसूचना कं0 एस0ओ0 390(इ) दिनांक 30.05.1989 का उलंघन है और जारी अधिसूचना क्रं0 एस0ओ0 1055(इ) दिनांक 19.10.2001 के अनुसार उक्त मादक पदार्थ गांजा, जो वाणिज्यिक मात्रा से कम, किन्तु अल्प मात्रा से अधिक था और अभियुक्तगण ने उक्त प्रश्नगत वाहन में एक अवैध एंव प्रतिबंधत श्रेणी का आग्नेय अस्त्र देशी कट्टा 315 बोर का एंव 3 नग कारतूस बिना किसी गैर अनुज्ञप्ति के अपने कब्जे में अवैध रूप से रखने का अपराध कारित करने का आरोप है। दिनांक 30.12.2020 को समय 14:30 बजे कार्यवाहीकर्ता अधिकारी को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि रक्सा रोड तरफ एक स्विफट डिजायर कार न0 ब्ळ 08स्थ् 4977ए से कुछ लोग फुनगा तरफ आने वाले हैं। उक्त सूचना की रिपोर्ट रो0सा0क्रं0 570 में दर्ज की गई। आरोपियो के पास अवैध मादक पदार्थ गांजा 09 किलो 700 ग्राम होना पाया गया । अपराध के संबंध में प्रथम सूचना रिपोर्ट अपराध क्र0 206/2020 धारा 8/20 एन0डी0पी0एस0 एक्ट के अंतर्गत लेखबद्ध की गई।

मामले में पुलिस की ओर से न्यायालय में संपूर्ण विवेचना के उपरांत अंतिम प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। माननीय प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश श्री नरेन्द्र पटेल महोदय कें न्यायालय में सुनवाई की गयी जिसमें शासन की ओर से लोक अभियोजक पुष्पेन्द्र कुमार मिश्रा ने 16 साक्षियों के साक्ष्य कराये और 56 दस्तावेजों को परीक्षत कराया गया। साक्ष्य एंव विचारण उपरांत शासन की ओर से पैरवी कर रहे लोक अभियोजक पुष्पेन्द्र कुमार मिश्रा द्वारा रखे गए तर्कों और बहस तथा मामले की गम्भीरता एवं परिस्थितियों को देखते हुए आरोपी मो0 फईम पिता शहीद, उप्र-30 वर्ष निवाी-ग्राम आमा, थाना-शाहनगर, जिला पन्ना एंव गोविन्द नारायण शुक्ला पिता शिवनारायण उम्र-53 वर्ष निवासी-ग्राम गोरसी, थाना-जैतहरी, जिला अनूपपुर को भारतीय दण्ड संहिता 1885 की धारा 20 (बी) (पप) (बी) में दोषी पाते हुए दोषसिद्ध ठहराया गया जिसमें आरोपी को 04 साल का कारावास एवं 25,000/-रू0 जुमार्ना से दंडित किया गया। आरोपी को निर्णय उपरान्त न्यायायिक अभिरक्षा में जिला जेल अनूपपुर भेज दिया गया।

# 33 केवी सब स्टेशन अमलाई मोहडा में अतिक्रमणकारियों का कब्जा।

## अमलाई बंगवार उपक्षेत्र सवेरिया की लापरवाही उजागर।

**समाज जागरण**

इंट्रो- सुरक्षा के तौर पर बनी चार दिवारी तोड़कर अवैध कब्जा मकान निर्माण एवं बाउंड्री वॉल के अंदर भवन का दरवाजा खोल दिया गया है बिजली से संबंधित ट्रांसफार्मर एवं अन्य बिजली उपकरण की हो सकती है कभी भी चोरी सुरक्षा के लिहाज से एस ई सी एल सोहागपुर क्षेत्र के बंगवार अमलाई उपक्षेत्र का सब स्टेशन सुरक्षित नहीं।

बरगवां।अति संवेदनशील सुरक्षा की दृष्टिकोण से 33 कवि सब स्टेशन अमलाई मोहडा नगर परिषद का वार्ड क्रमांक 09 नवीन नगर की दीवार तोड़कर किया अवैध रूप से कब्जा और भवन का निर्माण अमलाई बंगवार सवेरिया उप क्षेत्र अंतर्गत 33 केवी सब स्टेशन जहां से संपूर्ण कॉलोनी की विद्युत व्यवस्था संचालित की जाती है सब स्टेशन के



सुरक्षा की दृष्टिकोण से एसईसीएल प्रबंधन ने चारों ओर बाउंड्री वॉल का निर्माण कराया है। 33 केवी सब स्टेशन की बाउंड्री वॉल को सेंध लगाकर भवन निर्माण एवं बाउंड्री वॉल के अंदर दरवाजा लगाकर निकासी की व्यवस्था कर ली गई है सरेआम विद्युत प्रबंधन के माध्यम से रखे बेस कीमती ट्रांसफार्मर एवं अन्य मशीनरी सामग्रियां असुरक्षित होते हुए चोरों की निगाह में दे सकते हैं कभी भी चोरी जैसी वारदात को अंजाम

अत्यंत संवेदनशील स्थान होने के साथ आसपास आबादी वाली क्षेत्र एवं रिहायशी घर होने के कारण अतिक्रमणकारियों के द्वारा एसईसीएल की भूमि पर अवैध रूप से कब्जा करते हुए 33 केवी सब स्टेशन सरहद में भी अवैध कब्जा कर लिया गया है।

# शहडोल: मौत की रफ्तार का तांडव, रेत माफिया के 'लालच' ने ली पिता-पुत्र की जान

**समाज जागरण**

देवलौंद (शहडोल)। जिले के देवलौंद थाना क्षेत्र अंतर्गत सोमवार को एक बार फिर रेत के अवैध कारोबार और तेज रफ्तार का खूनी मंजर देखने को मिला। ग्राम जगमल स्थित शिव शक्ति आश्रम के पास एक अनियंत्रित रेत लदे हाइवा ने बाइक सवार तीन लोगों को बेरहमी से कुचल दिया। इस हृदयविदारक हादसे में पिता-पुत्र की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल है, जो अस्पताल में अपनी अंतिम सांसों के लिए संघर्ष कर रहा है।

**हादसे का विवरण: एक झटके में उजड़ गया परिवार**

पुलिस और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ग्राम चौरी निवासी ईश्वर दीन खैरवार (62), अपने पुत्र गंगा सिंह खैरवार (45) और भतीजे रामकुशल के साथ बाइक से बुढ़वा से ब्यौहारी की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रहे काल बने रेत लदे हाइवा ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि ईश्वर दीन और गंगा सिंह का शरीर क्षत-विक्षत हो गया। घायल रामकुशल को स्थानीय लोगों की मदद से तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसकी स्थिति अत्यंत नाजुक बनी हुई है।

**अवैध उत्खनन और यूपी कनेक्शन: मौत की असल वजह**

यह सड़क दुर्घटना महज एक 'संयोग' नहीं, बल्कि क्षेत्र में सक्रिय खनिज माफिया के दुस्साहस की परिणिति है। स्थानीय सूत्रों और आक्रोशित ग्रामीणों का आरोप है कि देवलौंद और ब्यौहारी के घाटों से प्रतिदिन दर्जनों हाइवा अवैध रेत लेकर उत्तर प्रदेश की सीमाओं में प्रवेश करते हैं।

खनिज विभाग और पुलिस की कार्रवाई से बचने के चक्कर में ये चालक वाहनों को निर्धारित गति सीमा से कहीं अधिक तेज और अनियंत्रित तरीके से चलाते हैं। माफियाओं के बीच अधिक चक्कर लगाने की प्रतिस्पर्धा और 'सेटिंग' के खेल में आम आदमी की जान की कोई कीमत नहीं रह गई है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि दुर्घटनाग्रस्त हाइवा भी अवैध रेत से ओवरलोड था, जो कार्रवाई के डर से भागने की फिराक में था।

**प्रशासनिक विफलता पर उठते सवाल**

गौरतलब है कि बीते 24 घंटों के भीतर जिले में यह दूसरी बड़ी त्रासदी है। इससे पूर्व ब्यौहारी में एक बोरवेल वाहन ने गर्भवती महिला और उसके मासूम बेटे को कुचल दिया था। लगातार हो रही इन मौतों ने जिला प्रशासन और खनिज विभाग की कार्यप्रणाली को कटघरे में खड़ा कर दिया है।

घटना के बाद इलाके में भारी तनाव व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक अवैध परिवहन पर लगाम नहीं लगेगी, तब तक ये सड़कें इसी तरह निदोर्षों के खून से लाल होती रहेंगी। फिलहाल, पुलिस ने वाहन को जब्त कर चालक को हिरासत में ले लिया है, लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या उन 'सफेदपोश' माफियाओं पर भी कार्रवाई होगी, जिनके इशारे पर ये 'यमदूत' सड़कों पर दौड़ रहे हैं?

# विजयराघवगढ़ में महालक्ष्मी डेयरी पर खाद्य सुरक्षा विभाग का छापा, दूध और क्रीम के लिए गए नमूने

**समाज जागरण**
**विजय तिवारी**

कटनी। नागरिकों को शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने और मिलावटखोरों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने के कलेक्टर श्री आशीष तिवारी के द्वारा दिये गये निर्देश के पालन में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने विजयराघवगढ़ स्थित महालक्ष्मी डेयरी का औचक निरीक्षण किया।

खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने निरीक्षण के दौरान डेयरी परिसर में स्वच्छता मानकों की जांच की। टीम ने मौके पर उपलब्ध दूध और क्रीम के नमूने (सैंपल) लिए। इन नमूनों को जांच के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। प्रयोगशाला से जांच रिपोर्ट आने के बाद, नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# मानपुर गांव में भू माफियों का नंगा नाच किसान दर दर भटक रहे

## जिला कलेक्टर सहित मुख्यमंत्री तक पहुंची षिकायत भू माफिया पर कसेगा सिकंजा

**समाज जागरण विजय तिवारी**

अनूपपुर। जिला मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर दूर स्थित मानपुर गांव इन दिनों भू माफियों के चंगुल में पूरी तरह आ चुका है, जहां चर्चित भू माफिया खेड़िया द्वारा बेनाम लोगों के नाम दर्जनों रजिस्ट्री एवं जबरन धौस व पैसों के दम पर गरीब किसानो की जमीन हड़पने का मामला सुर्खियों में बना हुआ है। सूत्र बताते हैं कि खसरा नं. 30,31,32 एवं 33 के साथ दर्जनों अन्य खसरों पर भू माफिया अपना तंडव मचाकर फर्जी रजिस्ट्री बेनाम लोगों के नाम कराकर रातोदिन जमीन के लेबिल बाउण्ड्री निर्माण के साथ कब्जा करने का सिलसिला तीव्र गति से देखा जा रहा है, जिस पर दर्जनों किसान तहसील से लेकर अन्य अधिकारियों तक षिकायत कर भू माफिया के ऊपर कार्यवाही कर गरीब हरिजन आदिवासियों की जमीन का सुरक्षित रहे ।किसानों से वास्तविकता जानने का प्रयास किया जिससे या स्पष्ट हुआ कि भू माफिया केडिया गलत नजायज ढंग से गरीब किसानों को सता रहे हैं, इस पर मीडिया जगत के साथ वरिष्ठ अधिकारियों व प्रदेष के मुख्यमंत्री राज्यपाल तक षिकायत कर कार्यवाही करने की मांग की गई है। इतने बड़े भू माफिया के तांडव पर निरंतर खोजबीन कर जनता व प्रषासन के बीच सच्चाई उजागर की जाएगी।

# रेल लाइन क्षमता वृद्धि से आवागमन एवं माल परिवहन को मिलेगा बड़ा लाभ

नई दिल्ली। रेल लाइन क्षमता वृद्धि परियोजनाओं के माध्यम से देश में आवागमन व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार होने की संभावना है। इन परियोजनाओं के पूरा होने से भारतीय रेलवे की परिचालन दक्षता एवं सेवा विश्वसनीयता में वृद्धि होगी, साथ ही रेल संचालन अधिक सुगम एवं व्यवस्थित बन सकेगा।

बहु-ट्रैकिंग परियोजनाओं के माध्यम से रेल मार्गों पर भीड़भाड़ कम होगी तथा यातायात संचालन में तेजी आएगी। ये परियोजनाएं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नए भारत की परिकल्पना के अनुरूप तैयार की गई हैं, जिनका उद्देश्य क्षेत्रीय विकास को गति देना एवं लोगों को आत्मनिर्भर बनाना है। इससे रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।ये परियोजनाएं पीएम-गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के अंतर्गत विकसित की जा रही हैं। इनका उद्देश्य एकीकृत योजना एवं विभिन्न हितधारकों के समन्वय के माध्यम से बहु-माध्यमीय संपर्क एवं लॉजिस्टिक दक्षता को बढ़ावा देना है, जिससे लोगों, वस्तुओं एवं सेवाओं की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित हो सके। मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश एवं तेलंगाना के 19 जिलों में फैली इन तीन परियोजनाओं के माध्यम से भारतीय रेलवे नेटवर्क में लगभग 901 किलोमीटर की वृद्धि होगी।

# ग्रामीण पेयजल संकट पर विधायक श्री मलैया ने अधिकारियों को व्यवस्था में सुधार के दिए निर्देश

**समाज जागरण जिला संवाददाता**
**उदय सिंह लोधी**

दमोह बिजली सप्लाई बाधित होने से प्रभावित हो रही जल आपूर्ति, अलग 33 के.व्ही. फीडर के लिए 35 लाख का प्रस्ताव भेजा दमोह जिले के ग्रामीण क्षेत्रों से लगातार मिल रही पेयजल समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए विधायक जयंत कुमार मलैया ने जलनिगम, जिंदल कंपनी और विद्युत विभाग (एम.पी.ई.बी.) के अधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित की। बैठक में गांवों में नियमित पेयजल सप्लाई नहीं होने के मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने बताया कि विद्युत सप्लाई में बाधा आने के कारण पानी टंकियों तक नहीं पहुंच पा रहा है,



जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में जल वितरण प्रभावित हो रहा है। विद्युत विभाग के अनुसार, जलनिगम को मिलने वाली 33 के.व्ही. फीडर लाइन पर अधिक लोड होने से यह समस्या उत्पन्न हो रही है।

इस पर विधायक श्री मलैया ने नाराजगी जताते हुए व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित फीडर पर ए.बी. स्विच लगाने के आदेश दिए, जिस पर अधिकारियों ने 8 दिनों के भीतर कार्य पूर्ण करने का आश्वासन दिया है। इसके अलावा, जलनिगम के लिए अलग 33 के.व्ही. विद्युत फीडर स्थापित करने हेतु लगभग 35 लाख रुपये की लागत का प्रस्ताव मध्यप्रदेश शासन के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर को भेजा गया है। इस परियोजना के पूर्ण होने पर ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल समस्या के स्थायी समाधान की उम्मीद जताई जा रही है।

# पटेरा-शासकीय कार्यों में लापरवाही और भ्रष्टाचार पर बड़ी गाज; पंचायत सचिव और पटवारी निलंबित

**समाज जागरण जिला संवाददाता**
**उदय सिंह लोधी**

पटेरा/दमोह- जिला प्रशासन ने शासकीय कार्यों में शुचिता और अनुशासन बनाए रखने के लिए सख्त कदम उठाते हुए एक ग्राम पंचायत सचिव और एक पटवारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। सचिव पर प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर अवैध वसूली का आरोप सिद्ध हुआ है, वहीं पटवारी को महत्वपूर्ण राजस्व कार्यों में लापरवाही बरतने के कारण कार्रवाई का सामना करना पड़ा है।

**आवास योजना के नाम पर वसूली: सचिव विजय खम्परिया निलंबित**

मामला जनपद पंचायत पटेरा की ग्राम पंचायत कुम्हारी से जुड़ा है। यहाँ की निवासी श्रीमती रूपरानी पति प्रेमलाल ने जनसुनवाई में शिकायत दर्ज कराई थी कि तत्कालीन पंचायत सचिव श्री विजय खम्परिया (वर्तमान पदस्थापना ग्राम पंचायत पटना कुम्हारी) ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने के नाम पर उनसे और राजकुमार पिता प्रेमलाल से अवैध रूप से पैसों की मांग की और राशि ले ली। पैसे लेने के बावजूद उन्हें आवास का लाभ नहीं दिया गया और लगातार गुमराह किया गया।

**जांच और कार्रवाई-**

मुख्य कार्यपालन अधिकारी (CEO) जनपद पंचायत पटेरा द्वारा की गई जांच में शिकायत सही पाई गई।

जांच प्रतिवेदन क्रमांक 272 (दिनांक 05.05.2026) के अनुसार, वर्ष 2018 में पदस्थापना के दौरान सचिव द्वारा अनाधिकृत वसूली और धोखाधड़ी की पुष्टि हुई, जिसके संबंध में पंचनामा भी तैयार किया गया।

इसे गंभीर वित्तीय अनियमितता और कदाचार मानते हुए, म.प्र. पंचायत सेवा नियम 2011 एवं 1999 के अंतर्गत विजय खम्परिया को सचिव पद से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय जनपद पंचायत पटेरा नियत किया गया है।

**राजस्व कार्यों में लापरवाही: पटवारी प्रिया श्रीवास्तव पर गिरी गाज**

दूसरा मामला राजस्व विभाग से जुड़ा है, जहाँ तहसीलदार पटेरा के प्रतिवेदन (क्रमांक क/प्रवा.तह./2026/760) के आधार पर कार्रवाई की गई है। हल्का नंबर 10 सोजना में पदस्थ पटवारी श्रीमती प्रिया श्रीवास्तव द्वारा शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं और कार्यों में निरंतर लापरवाही बरती जा रही थी।

ई-केवाईसी (E-kyc), एनपीसीआई (NPCI), नक्शा तरमीम, फार्मर रजिस्ट्री और सीमांकन जैसे अति-आवश्यक कार्यों में अत्यधिक विलंब और लापरवाही।

आदेशों की अवहेलना- वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिए गए निर्देशों का समय पर पालन न करना।

तहसीलदार के प्रतिवेदन में पटवारी का कृत्य म.प्र. सिविल सेवा आचरण नियम 3 के तहत गंभीर कदाचरण माना गया है।

परिणामस्वरूप, म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 09 के तहत उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन के दौरान उनका मुख्यालय तहसील कार्यालय (कानूनगो शाखा) पटेरा रहेगा।

इन दोनों कार्रवाइयों से जिला प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि भ्रष्टाचार और पदीय कर्तव्यों के प्रति लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगी। निलंबन अवधि के दौरान दोनों कर्मचारियों को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। इस कार्रवाई के बाद से अन्य लापरवाह कर्मचारियों में हड़कंप का माहौल है।

# श्रीमद् भागवत कथा: भक्ति, ज्ञान और मोक्ष का दिव्य सेतु, श्रवण मात्र से होता है जीवन का पावन परिवर्तन

**समाज जागरण जिला संवाददाता**
**उदय सिंह लोधी**

हटा/ नगर की पावन धरा पर प्रवाहित हो रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के सर्व ब्राह्मण धर्मशाला में श्रीमती विमला परसोत्तम पन्या परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के सप्तम दिवस के पावन अवसर कथा के दौरान कथावाचक पंडित वीरेंद्र शास्त्री ने बताया कि श्रीमद् भागवत केवल एक ग्रंथ नहीं, बल्कि सनातन धर्म की ब्रह्म विद्या है , जो मानव जीवन को सद्मार्ग से सतगति की ओर अग्रसर करती है।

उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति श्रद्धा और समर्पण के साथ भागवत कथा का अनुसरण करता है,वह पर बम्ह मे लीन हो जाता है श्रीमद् भागवत कथा स्वयं भगवान श्रीकृष्ण का साक्षात स्वरूप है, जिसमें प्रवेश करने वाला जीव पापों से मुक्त होकर दिव्यता की ओर अग्रसर होता है। कथा का नियमित श्रवण एवं मनन करने से मनुष्य वेदों के गूढ़ रहस्यों को भी सहजता से आत्मसात कर लेता है और उसके जीवन की समस्त मलिनताएँ धीरे-धीरे समाप्त हो जाती हैं।

कथा में बताया गया कि जब श्रद्धालु भगवत भाव में लीन होकर कथा का रसास्वादन करता है, तब वह दिव्य तेज और आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव करता है। यह अनुभव उसे व्यापक ब्रह्म तत्व की अनुभूति कराता है, जिससे उसका अंतःकरण



निर्मल होकर परब्रह्म में लीन होने लगता है।

इस पावन प्रसंग में राजा परीक्षित का उदाहरण देते हुए बताया गया कि उन्होंने गंगा जी के पावन तट पर महान संत शुकदेव जी महाराज के श्रीमुख से श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण किया था। सात दिनों के इस अमृतमय श्रवण के प्रभाव से उन्हें मोक्ष की प्राप्ति हुई और वह परम धाम को प्राप्त हुए। यह प्रसंग इस बात का साक्षात प्रमाण है कि भागवत कथा का श्रवण जीवन के अंतिम क्षणों को भी दिव्यता से भर देता है।

शास्त्री जी ने बताया कि जो व्यक्ति सच्चे मन से कथा का श्रवण करता है, मृत्यु के समय पीड़ा नहीं होती है यह कथा जीव को जन्म-मरण के बंधनों से मुक्त हो जाता है उन्होंने बताया कि भागवत कथा श्रवण के प्रमुख पाँच दिव्य फल बताए गए हैं– निर्भयता ,नि सन्देहता हृदय में प्रभु का साक्षात प्रवेश ,सभी में भगवत दर्शन, परम प्रेम इस प्रकार श्रीमद् भागवत कथा न केवल आध्यात्मिक उन्नति का माध्यम है, बल्कि यह मानव जीवन को पवित्र, शांत और आनंदमय बनाने का दिव्य पथ भी प्रशस्त करती है। कथा स्थल पर प्रतिदिन श्रद्धालुओं की उपस्थिति बढ़ती जा रही है और पूरा वातावरण भक्ति, श्रद्धा एवं हरिनाम संकीर्तन से गुंजायमान हो रहा है।और राधा कृष्ण की झांकी ने सभी का मनमोह लिया और अनेक प्रकार के फूलो की होली खेली गई इस अवसर पर सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष महेश पुरानी नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र खटीक नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रशांत पाठक अधिवक्ता संघ अध्यक्ष श्रीकात तिवारी राजीव मोहन पांडे थाना प्रभारी सुधीर बैगी कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष योगेश शराफ पार्षद देवेंद्र राय रीतेश फौजदार सुनील राय समाजसेवी रेंजर ऋषि तिवारी भारी संख्या में श्रद्धालुओं उपस्थित रही

# समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक में संगठन मजबूती एवं स्नातक चुनाव को लेकर हुई चर्चा

**विवेक कुमार समाज जागरण संवाददाता**

मोहनलालगंज लखनऊ के क्षेत्रीय कार्यालय बिन्दौवा में मासिक बैठक आयोजित हुई जिसका कुशल संचालन विधान सभा महासचिव श्री गजराज रावत ने सांसद प्रतिनिधि उमाशंकर वर्मा जी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई इस मासिक बैठक के मुख्य अतिथि एम. एल. सी. प्रत्याशी शकांति सिंह तथा पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर जी उपस्थित रहे।

मासिक बैठक में मुख्य अतिथि का हार्दिक स्वागत अभिनन्दन किया गया जिसमें कांति सिंह जी ने बैठक में आए समस्त सम्मानित पदाधिकारियों, नेतागणों, कार्यकताओं का आभार जताया और आने वाले स्नातक चुनाव में छूटे हुए मतदाताओं के नाम बढ़वाने के लिए प्रेरित किया और भारी मतों से जीताने के लिए अपील किया। पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर जी ने आए हुए समस्त सभी सम्मानित लोगों का धन्यवाद, आभार व्यक्त किया और स्नातक व शिक्षक चुनाव के मतदाताओं के नाम बढ़वाने के साथ ही आने वाले चुनाव में



समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को भारी बहुमत से जीताने के लिए आश्वस्त किया और वर्तमान में भाजपा सरकार से हमें किस प्रकार से अपनी लड़ाई लड़नी है इसके लिए समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं को पूरे जोश से बूथ पर मेहनत करना है और अपने शोषित, वंचित समाज गरीब मजदूर, अल्प संख्यक, पिछड़े समाज के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करना है और उनके सुख दुःख में शामिल होना जिससे उनका मनोबल न टूटने पाए और आने वाले 2027 के चुनाव में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने के लिए भारी संख्या में नए मतदाता जुड़वाने और मतदान करने की अपील किया। ताकि इस तानाशाही, भ्रष्ट सरकार का खत्मा कर नई समाजवादी पार्टी की सरकार बन जाए जिससे लोगो को रोजगार, सुविधाएं मिल सके। समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा अभी से ही ये ऐलान कर दिया है कि KG से PG तक की शिक्षा फ्री में देने, महिलाओं को प्रतिवर्ष 40000पेंशन, गरीब परिवार को 300यूनिट बिजली मेधावी छात्रों को लैपटॉप तथा रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए आश्वस्त किया।

आज की मासिक बैठक में समाजवादी पार्टी की विधान सभा में लक्ष्मी रावत जी अपनी महिला टीम के साथ पार्टी में शामिल हुए हैं और इस मासिक बैठक में उन्हें विधान सभा सचिव में के पद पर मनोनयन पत्र देकर सम्मानित किया गया।

मासिक बैठक में बाबा साहब डॉ. भीम राव अम्बेडकर वाहिनी जिलाध्यक्ष राज किशोर रावत उर्फ. राजू,नगर अध्यक्ष उमेश यादव, युवजन सभा प्रदेश सचिव विजय प्रकाश यादव, मो. रईस, डॉ. राम नारायण रावत, मो. हनीफ, ओम प्रकाश दिवाकर, पूर्व चेयरमैन बृजेश यादव, जिला उपाध्यक्ष नवनीत सिंह, अशर्फी लाल धीमान, मनोज पासवान, दिलीप यादव, अरविन्द कुमार यादव उर्फ.गुड्डन, मोहन रावत, लाल बहादुर यादव, अमरेन्द्र यादव, पदम् सिंह यादव, अरूणेश प्रताप सिंह उर्फ. दल्लू ,राजू कुरैशी, नितुल शर्मा, अजय चौरसिया, हरीराम रावत, मैकू लाल रावत, मो. साहिल,इन्दल यादव, सुरेश कश्यप, राधे श्याम यादव, बराती लाल, जिला सचिव सुमन रावत , मधुकर यादव,लक्ष्मी नारायण,गुड्डू यादव,संतराम रावत, हरी शंकर रावत आदि काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।।

# मोहनलालगंज में पुलिस का पैदल मार्च, सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

मोहनलालगंज, लखनऊ।शहर में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से लखनऊ पुलिस कमिश्नर अमरेंद्र कुमार सेंगर के निर्देशन में सोमवार को मोहनलालगंज क्षेत्र में व्यापक पैदल गश्त किया गया। इस दौरान एसीपी मोहनलालगंज विकास कुमार पांडेय, थाना प्रभारी ब्रजेश त्रिपाठी एवं चौकी इंचार्ज अतुल सिंह के नेतृत्व में व चालक मनोज कुमार यादव के साथ भारी पुलिस बल ने कस्बा मोहनलालगंज से मौरावा मोड़ तक पैदल मार्च किया।पुलिस टीम ने बाजार, प्रमुख चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर पैदल भ्रमण कर लोगों से संवाद स्थापित किया तथा संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखते हुए आवश्यक पूछताछ भी की। इस दौरान दुकानदारों और राहगीरों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया, साथ ही कानून



व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की गई पैदल गश्त के दौरान पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट संदेश दिया कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस की इस सक्रियता से जहां आम नागरिकों में सुरक्षा का भाव मजबूत हुआ, वहीं असामाजिक तत्वों में भी खौफ देखा गया।एसीपी मोहनलालगंज विकास कुमार पांडेय ने बताया कि,जनता की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार पैदल गश्त और



चेकिंग अभियान चलाए जा रहे हैं। किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या अपराध की सूचना मिलने पर तत्काल सख्त कार्रवाई की जाएगी। आमजन निडर होकर अपने कार्य करें, पुलिस हर समय उनके साथ है। उन्होंने आगे कहा कि आगे भी इसी तरह नियमित रूप से फ्लैग मार्च और गश्त अभियान जारी रहेंगे, ताकि क्षेत्र में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण बना रहे।इस अभियान में पुलिस बल के कई जवान मौजूद रहे और पूरे क्षेत्र में सतर्कता बनाए रखी गई।

# आपरेटिंग स्टाफ मनोरंजन केंद्र अनपरा कार्यकारिणी चुनाव संपन्न

**समाज जागरण/ विजय कुमार अग्रहरी**

सोनभद्र। आपरेटिंग स्टाफ मनोरंजन केंद्र अनपरा में 3 मई 2026 को हुए चुनाव मे कृष्णा कुमार मद्धेशिया अध्यक्ष, महबूब अहमद उपाध्यक्ष, सतेंद्र कुमार महासचिव, प्रभाकर सिंह कोषाध्यक्ष, संदीप रमन क्रीड़ा सचिव,



कपिलदेव लेखा निरीक्षक, सुजीत सोनी सांस्कृतिक सचिव, और जय कुमार सैनी पुस्तकालय सचिव चुने गये। अध्यक्ष पद के लिए कुल 447 वोट डाले गए जिसमें राजकुमार 35 वोट, शक्ति प्रकाश 191 वोट, कृष्णा कुमार मद्धेशिया 208 वोट मिलक महासचिव पद के लिए 447 वोट डाले गए जिसमें जितेन्द्र प्रजापति 176 वोट, और सतेंद्र कुमार 256 वोट मिले। कोषाध्यक्ष पद के लिए 447 वोट डाले गए जिसमें अजीत कुमार सिंह 187 वोट, और प्रभाकर सिंह 242 वोट मिले। क्रीड़ा सचिव के लिए कुल 447 वोट डाले गए जिसमें उमेश कुमार बिन्द को 172 वोट और संदीप रमन को 259 वोट मिले। महबूब अहमद उपाध्याय पद, कपिलदेव लेखा निरीक्षक पद, सुजीत सोनी सांस्कृतिक सचिव पद, और जय कुमार सैनी पुस्तकालय सचिव पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए हुए ' चुनाव अधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि मतदान 82.9% रहा। चुनाव के दौरान शान्ति व्यवस्था बनी रही और चुनाव सकुशल सम्पन्न हुआ इसके लिए पूर्व आपरेटिंग स्टाफ मनोरंजन केंद्र कार्यकारिणी को धन्यवाद देते हुए सभी निर्वाचित प्रत्याशियों को बधाई दी।

# डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन, सोनभद्र के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का 15 मई को होगा शपथ ग्रहण समारोह

**समाज जागरण/ विजय कुमार अग्रहरी**

*- मुख्यअतिथि यूपी बार काउंसिल के पूर्व चेयरमैनगण हरिशंकर सिंह एडवोकेट व पांचू राम मौर्य एडवोकेट दिलाएंगे शपथ*

*- विशिष्ट अतिथि सांसद छोटेलाल सिंह खरवार व एमएलसी स्नातक क्षेत्र वाराणसी आशुतोष सिन्हा एडवोकेट रहेंगे मौजूद*

*- तहसील सभागार रॉबर्ट्सगंज में किया गया है आयोजन*

**समाज जागरण/ विजय कुमार अग्रहरी**

सोनभद्र। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन, सोनभद्र की मंगलवार को एक आवश्यक बैठक डीबीए भवन में हुई, जिसमे सत्र 2025-26 के लिए नवनिर्वाचित अध्यक्ष एड अरुण कुमार सिंह, महामंत्री एड राजेन्द्र कुमार यादव एवं समस्त कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह के सम्बंध में विचार-विमर्श किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से 15 मई को पूर्वान्ह 11.00 बजे तहसील सभागार रॉबर्ट्सगंज में शपथग्रहण समारोह के आयोजन का निर्णय लिया गया है। मीडिया प्रभारी राजेश यादव एडवोकेट ने बताया कि मुख्यअतिथि यूपी बार काउंसिल के पूर्व चेयरमैनगण हरिशंकर सिंह एडवोकेट एवं पांचूराम मौर्य एडवोकेट द्वारा नवनिर्वाचित पदाधिकारियों व कार्यकारिणी को शपथ दिलाई जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद छोटे लाल सिंह खरवार व आशुतोष सिन्हा एडवोकेट एमएलसी स्नातक क्षेत्र वाराणसी भी मौजूद रहेंगे। इसके अलावा जनपद के वरिष्ठ अधिवक्तागण, न्यायिक अधिकारीगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे।




मीडिया प्रभारी राजेश यादव एड ने कहा कि अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा और न्याय व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए हम सब प्रतिबद्ध हैं। डीबीए के उपाध्यक्ष चतुर्भुज शर्मा एडवोकेट ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए एसोसिएशन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का संकल्प दोहराया। बैठक की अध्यक्षता निवर्तमान अध्यक्ष जगजीवन सिंह एडवोकेट व संचालन पूर्व उपाध्यक्ष कामता प्रसाद यादव एडवोकेट ने किया।

इस अवसर पर श्याम विहारी यादव एड, पवन कुमार सिंह एड, पूर्व अध्यक्ष विंध्यवासिनी सिंह एड, राजेश कुमार यादव एड, संतोष कुमार यादव एड, विमल प्रसाद सिंह एड, विनीता एड, द्वारिका नाथ नागर एड, आशुतोष देव पांडेय एड, अभिषेक मौर्य एड आदि लोग मौजूद रहे।

# संसाधनों की कमी से नाराज पंचायत सहायक पहुंचे ब्लॉक, BDO से की शिकायत



**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

चोपन/सोनभद्र। चोपन विकास खंड में मंगलवार को ग्राम पंचायत सहायकों ने ब्लॉक पहुंचकर सामूहिक रूप से अपनी समस्याएं उठाईं और ग्राम सचिवों की कार्यशैली पर नाराजगी जताई। पंचायत सहायकों ने बताया कि ग्राम पंचायतों में आवश्यक स्टेशनरी सामग्री, मोबाइल रिचार्ज और आधिकारिक फोन सुविधा को लेकर कई बार सचिवों से अनुरोध किया गया, लेकिन अब तक समस्याओं का समाधान नहीं हो सका है।

इससे नाराज पंचायत सहायकों ने खंड विकास अधिकारी से मुलाकात करके शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने कहा कि संसाधनों के अभाव में उनके कार्यों में बाधा उत्पन्न हो रही है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए खंड विकास अधिकारी अजीत यादव ने तत्काल संबंधित ग्राम सचिवों को मौके पर बुलाया और समस्याओं के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। साथ ही पंचायत सहायकों को आश्वस्त किया कि उनकी सभी समस्याओं का जल्द निस्तारण कराया जाएगा।

इस दौरान बड़ी संख्या में पंचायत सहायक उपस्थित रहे।

# मानव तस्करी व पॉक्सो मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, पीड़िता को खरीदने का आरोप

**ब्यूरो, समाज जागरण**

पुलिस ने मानव तस्करी और पॉक्सो एक्ट से संबंधित एक मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। राहुल कुमार नामक इस अभियुक्त को 04 मई 2026 को रॉबर्ट्सगंज रेलवे स्टेशन के सकुर्लेटिंग एरिया से पकड़ा गया। अभियुक्त राहुल कुमार पुत्र अशोक कुमार उपाध्याय, निवासी पक्की सराय, थाना सासनी गेट, जनपद अलीगढ़ का रहने वाला है। वह थाना रॉबर्ट्सगंज में पंजीकृत मु.अ.सं. 177/2026 से संबंधित मामले में वांछित था। इस मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 137(2), 143(4), 61(2), 351(3), 64(2)ट और पॉक्सो एक्ट की धारा 16/17, 5छ/6, 5ख(2)/6 लगाई गई हैं। पुलिस पूछताछ में अभियुक्त राहुल कुमार ने बताया कि उसने सह-अभियुक्तों के माध्यम से पीड़िता को लगभग 1,20,000 रुपये में खरीदा था। उसने पीड़िता से विवाह कर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए, जिसके परिणामस्वरूप पीड़िता गर्भवती हो गई। घटना के बाद से राहुल गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार फरार चल रहा था। अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम ने पहले जनपद अलीगढ़ में दबिश दी थी, लेकिन वह फरार हो गया था। बाद में मुखबिर की सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे रॉबर्ट्सगंज रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया।

यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जनपद में मानव तस्करी और पॉक्सो एक्ट जैसे गंभीर अपराधों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान का हिस्सा है। गिरफ्तार अभियुक्त को आवश्यक विधिक कार्यवाही के बाद माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्र.नि. माधव सिंह (विवेचक), प्र.नि. रामदरश राम, हे.का. धनंजय यादव, हे.का. कन्हैया यादव और हे.का. मनीष सिंह शामिल थे।

# आकाशीय बिजली से किसान की मौत, 3 घंटे एंबुलेंस सुविधा न मिलने पर उठे सवाल

**समाज जागरण/ विजय कुमार अग्रहरी**

सोनभद्र। कोतवाली क्षेत्र के टेढ़ा गांव में सोमवार शाम तेज आंधी, बारिश और गरज-चमक के दौरान एक किसान की आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना के बाद तीन घंटे तक एंबुलेंस न मिलने से स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार 62 वर्षीय धनधारी यादव घर से करीब एक किलोमीटर दूर पशुओं को चराने गए थे। इसी दौरान अचानक मौसम खराब हुआ और वह आकाशीय बिजली की चपेट में आकर अचेत हो गए। खेत में मौजूद अन्य चरवाहों ने तुरंत परिजनों को सूचना दी, जिसके बाद परिजन उन्हें घर ले आए। परिजनों ने तत्काल एंबुलेंस बुलाने का प्रयास किया, लेकिन करीब तीन घंटे तक एंबुलेंस उपलब्ध नहीं हो सकी। स्थिति गंभीर होने पर परिजन



शाम लगभग छह बजे निजी वाहन से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुद्धी लेकर पहुंचे, जहां चिकित्साधीक्षक डॉ. शाह आलम ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के भतीजे संजय कुमार ने बताया कि 13 मई को उनकी नातिन की बारात आने वाली थी और पूरा परिवार शादी की तैयारियों में जुटा था। इस हादसे ने खुशियों को मातम में बदल दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि यदि समय पर एंबुलेंस मिल जाती तो शायद उनकी जान बचाई जा सकती थी।

घटना के बाद स्वास्थ्य सेवाओं की लापरवाही को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। परिजनों ने आरोप लगाया कि तीन घंटे तक एंबुलेंस के इंतजार ने एक जिंदगी छीन ली। मृतक धनधारी यादव के परिवार में दो पुत्र और पांच विवाहित पुत्रियां हैं। समाचार लिखे जाने तक उनका शव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुद्धी में रखा हुआ था।

# चतरा क्षेत्र के पड़री कला ग्राम पंचायत में अवैध कब्जे का मामला गरमा, प्रधान का कार्रवाई न होने पर धरना-प्रदर्शन की चेतावनी

**समाज जागरण/ विजय कुमार अग्रहरी**

सोनभद्र। चतरा क्षेत्र स्थित पड़री कला ग्राम पंचायत में सार्वजनिक स्थलों पर अवैध कब्जे का गंभीर मामला सामने आया है। ग्राम प्रधान विजय कुमार ने आरोप लगाया है कि दबंगों ने आर.आर.सी. सेंटर, सरकारी राशन दुकान, जन सुविधा केंद्र और होलिका दहन स्थल पर कब्जा कर लिया है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी हो रही है। प्रशासन की निष्क्रियता से नाराज ग्राम प्रधान ने जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है। प्रधान विजय कुमार के अनुसार, कब्जाधारियों ने इन सार्वजनिक परिसरों में गाय-भैंस बांध रखी हैं। इसके कारण पूरे क्षेत्र में गंदगी और दुर्गंध फैल रही है। इससे न केवल राशन लेने आने वाले लाभार्थियों को असुविधा हो रही है, बल्कि राशन वितरण का कार्य भी बाधित हो रहा




है। ग्राम प्रधान ने बताया कि यह सरकारी जमीन पहले प्रशासन द्वारा अतिक्रमण मुक्त कराई गई थी, लेकिन उसी व्यक्ति ने दोबारा इस पर कब्जा कर लिया है। उन्होंने कई बार लिखित शिकायतें दर्ज कराई हैं और मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर भी 1 अप्रैल 2026 को शिकायत संख्या 92620000008613 दर्ज कराई थी। हालांकि, एक महीने बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई है, जिससे ग्रामीणों में गहरा आक्रोश है। विजय कुमार ने आरोप लगाया है कि विपक्षी पक्ष ने अधिकारियों की मिलीभगत से इन सार्वजनिक स्थलों पर दोबारा अवैध कब्जा किया है। उन्होंने प्रशासन से तत्काल आर. आर.सी. सेंटर, राशन दुकान, जन सुविधा केंद्र और होलिका दहन स्थल को कब्जा मुक्त कराने की मांग की है। साथ ही, मिलीभगत के दोषी अधिकारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई और भविष्य में दोबारा कब्जा रोकने के लिए स्थायी व्यवस्था करने की भी अपील की है। ग्राम प्रधान विजय कुमार ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही अवैध कब्जा हटाने की कार्रवाई नहीं की गई, तो वे ग्रामीणों के साथ मिलकर जिलाधिकारी कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। उन्होंने कहा कि इसकी पूरी जिम्मेदारी स्थानीय प्रशासन की होगी।

# महिला ने दो मासूम बच्चों संग दी जान, घरेलू कलह से परेशान थी महिला

**ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

सोनभद्र। जनपद के करमा थाना क्षेत्र के बिसहर गांव में मंगलवार को एक बेहद दर्दनाक और दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जिसने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। घरेलू कलह से परेशान एक महिला ने अपने दो मासूम बच्चों के साथ फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना के बाद गांव में मातम का माहौल है और हर कोई स्तब्ध नजर आ रहा है। मृतका की पहचान 25 वर्षीय प्रीति राजभर पत्नी राजन राजभर के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि प्रीति ने अपने दो बच्चों- 6 माह के आयांश और 4 वर्ष के आर्यन- के साथ घर के अंदर फांसी लगाकर जीवन समाप्त कर लिया। जब यह घटना सामने आई तो परिजनों और ग्रामीणों में हड़कंप



मच गया। छोटे-छोटे बच्चों के साथ मां का शव देखकर हर आंख नम हो गई। घटना की प्रारंभिक सूचना डायल 112 के माध्यम से पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही थाना पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और कमरे के अंदर से तीनों शवों को कब्जे में लिया। पुलिस ने मौके से आवश्यक वैज्ञानिक साक्ष्य भी जुटाए और शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लोढ़ी भेज दिया गया है। मृतका के परिजन राजकुंवर राजभर ने बताया कि उन्हें घटना की जानकारी पड़ोसियों के जरिए मिली। मौके पर पहुंचने पर उन्होंने देखा कि महिला और दोनों बच्चे रस्सी के फंदे से लटके हुए थे। परिजनों का आरोप है कि घर में लंबे समय से तनाव का माहौल था और लेन-देन को लेकर अक्सर विवाद होता रहता था। मायका पक्ष ने यह भी आरोप लगाया है कि मृतका का पति शराब का सेवन करता था, जिससे पारिवारिक कलह बढ़ती थी। हालांकि घटना का सही समय स्पष्ट नहीं हो सका है। परिजनों के अनुसार, घटना की जानकारी करीब 8 बजे मिली, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि घटना कब की है। वही क्षेत्राधिकारी घोरावल राहुल पांडेय ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। सभी पहलुओं की जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल इस हृदयविदारक घटना से पूरे गांव में शोक की लहर है और लोग स्तब्ध हैं। पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी हुई है।

# पुलिस ने चोरी गिरोह का किया भंडाफोड़, 3 शातिर गिरफ्तार

**ब्यूरो, समाज जागरण**

सोनभद्र। थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए घर में घुसकर चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मौके से तीन शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से




चोरी के आभूषण, पीतल के बर्तन और नगद धनराशि बरामद की है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत 4 मई 2026 को गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने ग्राम बहुआर स्थित तालाब के पास घेराबंदी कर तीन अभियुक्तों को दबोच लिया। ये सभी चोरी के माल का आपस में बंटवारा कर रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों में प्रिन्स त्रिपाठी उर्फ राजा त्रिपाठी (21), आनंद शंकर त्रिपाठी उर्फ बादशाह (38) और योगेंद्र नाथ मिश्रा उर्फ लालू मिश्रा (40) शामिल हैं। इनके पास से महिलाओं के आभूषण जैसे पायल व बिछिया, पीतल के बर्तन (कटोरा, परात आदि) और 490 रुपये नकद बरामद किए गए। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि उन्होंने अपने साथी श्वेत पाठक के साथ मिलकर एक घर में रात के समय चोरी की थी और चोरी का सामान अलग-अलग स्थानों पर छिपा दिया था। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर छिपाया गया सामान भी बरामद कर लिया है।

इस मामले में धारा 305(ए), 317(2) व 329(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर अभियुक्तों को न्यायालय भेजा जा रहा है, जबकि फरार आरोपी श्वेत पाठक की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम प्रयासरत है। पुलिस ने स्पष्ट किया कि जनपद में अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और ऐसे संगठित गिरोहों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस ने दो वारंटी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार, चोरी और आबकारी मामलों में वांछित आरोपियों पर कार्रवाई

**ब्यूरो, समाज जागरण**

सोनभद्र। बीजपुर पुलिस ने संदिग्ध व्यक्तियों, वांछित और वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इन पर चोरी और आबकारी अधिनियम से संबंधित मामलों में वारंट जारी थे। यह कार्रवाई 5 मई, 2026 को बीजपुर थाना क्षेत्र के ग्राम डोड़हर में की गई। पुलिस टीम ने डोड़हर टोला बेलहवा निवासी अनिल कुमार पाल (उम्र करीब 28 वर्ष) के घर दबिश दी। अनिल कुमार पाल मु.नं. 3191/23 धारा 379, 411 भादवि से संबंधित मामले में वांछित था। उसे रात करीब 10:30 बजे वारंट दिखाकर गिरफ्तार किया गया। इसी अभियान के तहत, पुलिस ने ग्राम डोड़हर निवासी रामकृपाल (उम्र करीब 58 वर्ष) के घर भी दबिश दी। रामकृपाल मु.नं. 1045/16 धारा 60 आबकारी अधिनियम से संबंधित मामले में वारंटी था। उसे रात करीब 10:45 बजे वारंट दिखाते हुए हिरासत में लिया गया। गिरफ्तार किए गए दोनों अभियुक्तों के खिलाफ विधिक कार्यवाही कर उन्हें




माननीय न्यायालय भेजा जा रहा है। इस गिरफ्तारी अभियान में उपनिरीक्षक राजेश कुमार सिंह, कांस्टेबल कृष्ण कुमार गुप्ता और महिला कांस्टेबल प्रियंका शामिल थीं। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) और क्षेत्राधिकारी दुद्धी के निर्देश पर थानाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह, बीजपुर के नेतृत्व में की गई।

# दो माह से फरार दंपति गिरफ्तार, बी.एन.एस व 3/4 डी.पी एक्ट के तहत दर्ज मामले में थे वांछित

**ब्यूरो, समाज जागरण**

सोनभद्र। पुलिस ने दो माह से फरार चल रहे दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान गिरदावल (45) पुत्र गंगाराम और उसकी पत्नी नगेसरी देवी (42) के रूप में हुई है। दोनों महुली, थाना बीजपुर, सोनभद्र के निवासी हैं। यह गिरफ्तारी 5 मई 2026 को सुबह करीब 5:05 बजे महुली गांव स्थित उनके घर से की गई। ये दोनों मु.अ.सं. 09/26 धारा 85, 80(2) बी.एन.एस व 3/4 डी.पी एक्ट के तहत दर्ज एक मामले में वांछित थे। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर वांछितों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। अपर पुलिस अधीक्षक (ऑप्स), क्षेत्राधिकारी दुद्धी और थानाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह के मार्गदर्शन में उपनिरीक्षक



शिवमोहन, कांस्टेबल कृष्ण कुमार गुप्ता और महिला कांस्टेबल प्रियंका की टीम ने यह गिरफ्तारी की। गिरफ्तारी के दौरान माननीय सर्वोच्च न्यायालय और राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के दिशा-निदेशों का पालन किया गया। अभियुक्तों को गिरफ्तारी का कारण बताकर पुलिस हिरासत में लिया गया। अग्रिम कानूनी कार्यवाही के लिए उन्हें माननीय न्यायालय भेज दिया गया है।

# बधाई लेने को लेकर किन्नरों के दो गुटों में हंगामा, रेणुकूट बाजार में घंटों चला तमाशा, वीडियो हुआ वायरल

**समाज जागरण/ विजय कुमार अग्रहरी**

सोनभद्र। पिपरी थाना क्षेत्र के रेणुकूट स्थित गांधी मैदान के निकट सोमवार को बधाई लेने को लेकर किन्नरों के दो गुटों के बीच विवाद हो गया। शुरूआत में यह मामूली कहासुनी थी, लेकिन देखते ही देखते मामला बढ़ गया और बीच बाजार हंगामे में बदल गया। जिसका वीडियो सोशल मिडिया पर वायरल हो रहा। अचानक हुए इस घटनाक्रम से बाजार में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और आसपास के दुकानदार व राहगीर परेशान हो उठे।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक गुट के सदस्य अपने वाहनों पर चढ़कर जोरदार हंगामा करते रहे। वे सड़क के बीच खड़े होकर शोर-शराबा करते रहे, जिससे माहौल तनावपूर्ण बना रहा। वहीं दूसरा गुट इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो बनाता रहा और बीच-बीच में जवाबी बहस भी करता दिखा। दोनों पक्षों के बीच काफी देर तक तीखी नोकझोंक होती रही, जिससे स्थिति और बिगड़ती गई। करीब घंटों तक चले इस तमाशे के कारण गांधी मैदान के पास मुख्य मार्ग पर यातायात पूरी तरह प्रभावित हो गया। सड़क पर जाम की स्थिति बन गई और वाहन चालकों को काफी देर तक इंतजार करना



पड़ा। स्थानीय लोग भी इस हंगामे से हलाकान दिखे और कई लोगों ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की। घटना की सूचना मिलते ही पिपरी पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। पुलिसकर्मियों ने दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर शांत कराया और उन्हें अपने साथ चौकी ले गई। वहां दोनों गुटों के बीच बातचीत कराकर समझौता कराया गया। पुलिस ने दोनों पक्षों को सख्त चेतावनी दी कि भविष्य में सार्वजनिक स्थानों पर इस तरह का हंगामा और यातायात बाधित करने जैसी हरकत दोबारा न करें। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि यदि दोबारा इस तरह की घटना सामने आती है तो संबंधित लोगों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# जिलाधिकारी चर्चित गौड़ का निमार्णाधीन सेतु का औचक निरीक्षण, गुणवत्ता और समयबद्धता पर सख्त निर्देश

**समाज जागरण/ विजय कुमार अग्रहरी**

सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने आज पटवध-बसुआरी प्रमुख जिला मार्ग पर घाघर नदी पर निमार्णाधीन सेतु का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कार्य की प्रगति और गुणवत्ता का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि सेतु निर्माण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या घटिया सामग्री का प्रयोग स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने संबंधित कार्यदायी संस्था और अभियंताओं को निर्माण कार्य मानक



के अनुरूप और समयबद्ध ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए।

चर्चित गौड़ ने विशेष रूप से जोर देते हुए कहा कि निर्माण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए थर्ड पार्टी से अनिवार्य रूप से जांच कराई जाए। इससे कार्य में पारदर्शिता और विश्वसनीयता बनी रहेगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि गुणवत्ता में कमी पाई गई तो संबंधित अधिकारियों और कार्यदायी संस्था के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने इस बात पर भी बल दिया कि सेतु निर्माण कार्य जनहित से जुड़ा एक अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है, जिसमें किसी भी प्रकार की ढिलाई या उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को नियमित रूप से स्थलीय निरीक्षण कर प्रगति की समीक्षा करने और निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगें रोहित यादव, अधिशासी अभियन्ता जल निगम, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी संतपाल वर्मा, अपर जिला अर्थ संख्या अधिकारी जय सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# बाराडीह में बनेगा मॉडल विद्यालय

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। सेवापुरी विकास क्षेत्र के बाराडीह वनस्थली में 24.5 करोड़ की लागत से मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय का निर्माण किया जाएगा। यह विद्यालय नर्सरी से इंटरमीडिएट तक की कक्षाओं के लिए आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा। जनपद में ऐसे दो विद्यालय प्रस्तावित हैं, जिनमें से एक बाराडीह में बनेगा।सोमवार को मुख्य विकास अधिकारी वाराणसी, प्रखर सिंह ने अपने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण किया। यह विद्यालय राजातालाब तहसील के सेवापुरी ब्लॉक के बाराडीह गांव में स्थापित होगा।विद्यालय निर्माण के लिए ग्राम सभा की 2.417 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहित की गई है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को बताया गया कि इस भूमि पर बड़ी संख्या में बबूल के पेड़ हैं। मुख्य विकास अधिकारी ने वन विभाग के अधिकारियों को इन पेड़ों को हटाने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।खंड शिक्षा अधिकारी सेवापुरी, संजय कुमार यादव ने बताया कि यह मॉडल विद्यालय सभी आधुनिक सुविधाओं से युक्त होगा। इसमें छात्र-छात्राओं के लिए भोजन, छात्रावास और परिवहन की समुचित व्यवस्था की जाएगी। विद्यालय में एक साथ लगभग 1500 विद्यार्थियों के रहने और अध्ययन की सुविधा उपलब्ध होगी।निरीक्षण के समय खंड विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह, नायब तहसीलदार सेवापुरी शेफाली मौर्य, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) धनंजय कुमार और लेखपाल नीलम प्रकाश सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जहरीले जंन्तु के काटने से महिला की हालत बिगड़ी मंडलीय चिकित्सालय रेफर

**समाज जागरण**

मीरजापुर /स्थानीय थाना क्षेत्र के चक कोटार गांव में मंगलवार की सुबह जहरीले जंन्तु के काटने से महिला की हालत बिगड़ने पर महिला के परिजनों द्वारा महिला को दवा पिलाने के लिए वैध के पास लेकर आये दवा पिलाने के बाद महिला की हालत में कोई सुधार नहीं होने पर परिजनों द्वारा महिला को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए जहां पर चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद महिला की हालत गंभीर देखकर मंडलीय चिकित्सालय मिजार्पुर के लिए रेफर कर दिया थाना क्षेत्र के चक कोटार गांव निवासी आनंद मौर्य की 23 वर्षीय पत्नी सुमन घर में कार्य कर रही थी कि इसी दौरान किसी जहरीले जंन्तु ने महिला को काट लिया महिला की हालत बिगड़ने पर महिला के परिजनों द्वारा महिला को दवा पिलाने के लिए हथेड़ा गांव स्थित एक वैध के पास लेकर आए लेकिन दवा पिलाने के बाद भी महिला की हालत में कोई सुधार नहीं होने पर महिला के परिजनों द्वारा महिला को प्राथमिक स्वास्थ्य के लिए लेकर आए जहां पर चिकित्सक रीना पटेल द्वारा महिला की प्राथमिक उपचार करने के बाद महिला की हालत की हालत गंभीर देखकर मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया है महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है इस संबंध में चिकित्सक रीना पटेल में बताया कि महिला के शरीर पर कोई निशान नहीं दिखाई दिया है महिला की हालत गंभीर देखकर मिजार्पुर के लिए रेफर कर दिया गया है

# तीन प्रदेशों में भाजपा की प्रचंड जीत पर ड्रमडगंज में मनाया गया विजय उत्सव

**समाज जागरण**

मीरजापुर /बंगाल सहित तीन प्रदेशों में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड बहुमत से जीत होने पर गड़बड़ा धाम मंडल के ड्रमडगंज में ढोल ताशे और आतिशबाजी कर मिठाई खिलाकर विजय उत्सव मनाते हुए भाजपाजन इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मिथिलेश सिंह, भाजपा नेता पिंटू केसरी उपाध्यक्ष संतोष सिंह, मंडल कोषाध्यक्ष अनिल केसरी, बुथ अध्यक्ष राजेंद्र गुप्ता, भाजपा के वरिष्ठ नेता आदित्य तिवारी भाजपा नेता लालजी तिवारी,कुलदीप सरोज,शशांक केसरी, सोनू केसरी, अनूप केसरी,सत्यम केसरी, रमाकांत त्रिपाठी, रामकृष्ण राय आदि लोग उपस्थित पिंटू केसरी और मंडल अध्यक्ष ने कहा कि यह जीत हिंदुत्व की जीत है और दिन पर दिन भारतीय जनता पार्टी की लोकप्रियता पूरे देश में बढ़ रही है विशेष रूप से बंगाल की जनता का आभार जिन्होंने यह सिद्ध कर दिया कि भय भूख भ्रष्टाचार की सरकार को नकारा है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चलने वाली सुशासन की सरकार को स्वीकार किया है यह उन लोगों के लिए आईना है जो कहते हैं भाजपा का ग्राफ गिर रहा है बंगाल सहित तीन प्रदेशों में जीत ने यह सिद्ध कर दिया है कि भाजपा का ग्राफ दिन पर दिन बढ़ता चला जा रहा है

# जिलाधिकारी ने जिला बाल संरक्षण गृह का किया आकस्मिक निरीक्षण

**समाज जागरण**

मीरजापुर / जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने आज मोर्चाघर स्थित जिला बाल संरक्षण गृह पहुंचकर आकस्मिक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी द्वारा कक्षवार यथा-कार्यालय, स्टोर, खेल/म्यूजिक कक्ष, भोजनालय, शौचालय आदि भ्रमण कर विधिवत निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा पर्यवेक्षण गृह मे आवासित विधि विवादित किशोरो से बात चीत कर उन्हे दी



जा रही स्वास्थ्य शिक्षा, दैनिक आहार, व्यवहारिक प्रशिक्षण, खेल कूद आदि मिल रही सुविधाओ के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि आवासित किशोरो को भोजन तालिका/मीनू के अनुसार भोजन समय से उपलब्ध कराया जाए तथा इनका नियमित स्वास्थ्य भी मुख्य चिकित्साधिकारी सम्पर्क कर समय-समय पर कराया जाए। जिलाधिकारी द्वारा कुछ किशोरो से उनके पठन पाठन के बारे में जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान पर्यवेक्षण गृह के रखरखाव साफ सफाई व्यवस्था पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि किशोरो हेतु संचालित सुधार गृह में इस तरह से शिक्षा प्रदान क जाए कि यह यहां से बाहर निकलकर समाज की मुख्य धारा से जुड़े सकें। निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष बाल संरक्षण गृह राम रक्षा पाण्डेय, जिला प्रोबेशन अधिकारी शक्ति त्रिपाठी, क्वार्डिनेटर/महिला कल्याण अधिकारी पूजा मौर्या उपस्थित रही।

# भगवान के शरण मे रहना ही स्वर्ग हैं प0 आलोक व्यास

**समाज जागरण अनिल कुमार**



हरहुआ वाराणसी। बॉल व्यास प0 आलोक कृष्ण ने कहा कि मन ही मनुष्य के बंधन एंव मोक्ष का कारण है। आत्मा हमेशा मुक्त है। सबसे बड़ा तप मन से सावधान रहकर मन मे काम को न आने देना है। उक्त प्रवचन श्री सनातन जागृति शक्तिपीठ ट्रस्ट के तत्वावधान में सारनाथ श्री शक्तिपीठ पीठाधीश्वरी धाम बाबा नीम करौली आश्रम के पांचवे स्थापना दिवस के मौके पर चलाई जा रही श्रीमद्भागवत कथा के नवें दिन कथा में कही। व्यास आलोक कृष्ण महाराज ने कहा कि मन मे विषय विकार का आना ही नरक हैं। तथा निर्विकार होकर भगवद्भाव में जीना ही स्वर्ग है। उन्होंने कहा कि देवर्षि नारद जी वसुदेव जी को सावधान करते हुए कहते हैं कि मनुष्य को मृत्यु को समीप समझ कर पाप कर्मों को छोड़कर सतत भगवान की भक्ति करनी चाहिए। मन ने ही स्वतः अपने को बंधा हुआ मान लिया है। गोस्वामी तुलसीदास जी ने लिखा है कि- बधेउ कीर मर्कट की नाई ।।अन्त में श्री शुकदेव जी महाराज परीक्षित से कहते हैं कि राजन तुम पाण्डवों के पवित्र वंश में उत्पन्न हुए हो तुम्हारे रक्त में भगवान की भक्ति है तक्षक क्या स्वयं यमराज भी तुम्हारा कुछ भी अनिष्ट नहीं कर सकते। अब तुम तत्वज्ञान में प्राप्त कर चुके हो , मुझे जाने की अनुमति दो। राजा परीक्षित ने गुरदेव को आदर सहित दण्डवत प्रणाम किया। श्री शुकदेव मुनि अन्तर्ध्यान हो गए। राजा परीक्षित ने गंगा में स्नान कर कुश के आसन पर बैठकर अष्टांग योग से प्राणों को भगवान में विलीन कर दिया।

# महाविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य एवं महिला सुरक्षा पर कार्यशाला आयोजित

**समाज जागरण**




मीरजापुर /चुनार के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्याल में पाँच मई को महाविद्यालय में छात्र मानसिक स्वास्थ्य समिति,मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षित परामर्शदाता से परामर्श, चौबीस घंटे सेवाएं संबंधी जानकारी एवं मानसिक स्वास्थ्य संबंधी देखभाल विषय एक कार्यशाला आयोजित की गई।

उक्त कार्यक्रम में मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा नामित परामर्शदाता श्री अभिषेक कुमार सोनकर (साइकिएट्रिक सोशल वर्कर) एवं श्रीमती सुधा मिश्रा (कम्युनिटी नर्स) महाविद्यालय के छात्र -छात्राओं को तनाव प्रबंधन, आत्म-हत्या नियंत्रण, अवसाद आदि विषय पर मार्गदर्शन एवं परामर्श प्रदान किया। उन्होंने बताया कि किसी भी मानसिक आपातकालीन सेवाओं के लिए टेलीमानस नंबर - 14416 या 1800-891-4416 पर परामर्श एवं समाधान प्राप्त कर सकते हैं।

उक्त कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य प्रोफेसर कुसुमलता ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य से सकारात्मक ऊर्जा मिलती है।

कार्यक्रम का संयोजन नोडल अधिकारी डॉ अवधेश सिंह यादव एवं संचालन डॉ रीता मिश्रा ने किया। इसी क्रम में महिला हेल्पडेस्क के माध्यम से छात्राओं की समस्याओं एवं प्रश्नों का समाधान किया गया। इस दौरान छात्राओं को विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर जैसे 1090, 112 एवं 108 के उपयोग तथा किन परिस्थितियों में इनका प्रयोग किया जाना चाहिए, इसकी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इसी क्रम में।पाँच मई को आयोजित महिला सुरक्षा विषयक निबंध प्रतियोगिता के परिणामों की घोषणा की गई, जिसमें प्रथम स्थान पायल गुप्ता एवं आकांक्षा सिंह, द्वितीय स्थान समीन नाज एवं प्रियंका प्रजापति, तृतीय स्थान प्राची सिंह ने प्राप्त किया । मिशन शक्ति कार्यक्रम का संचालन डॉ० शेफालिका रॉय, डॉ० शिखा तिवारी, डॉ० विद्या सिंह के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में 47 छात्राओं ने प्रतिभाग किया ।इसी क्रम में सोमनाथ, भातखंडे उमंग कल्चरल क्लब द्वारा सोमनाथ पर्व पर आधारित गीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। समस्त कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो० (डॉ०) कुसुम लता के द्वारा किया गया। इस दौरान महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ० संकटा प्रसाद सोनकर, डॉ० चंदन कुमार द्विवेदी, डॉ० दीपक कुमार सिंह, सहित शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अच्छी संख्या में छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

# पारदर्शी एवं त्रुटिरहित जनगणना को लेकर अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

**समाज जागरण**



मीरजापुर /मीरजापुर मे भारत की जनगणना को पारदर्शी व त्रुटिरहित तथा सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने के दृष्टिगत जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां तेज कर दी गई है। प्रमुख जनगणना अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट पवन कुमार गंगवार की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय अधिकारियो/नोडल अधिकारियो की बैठक कर जनगणना के प्रथम चरण के तहत मकान सूचीकरण एवं मकान गणना से सम्बन्धित प्रशिक्षण देते हुए विस्तृत जानकारी दी गई। प्रमुख जनगणना अधिकारी/जिलाधिकारी ने अधिकारियो को सम्बोधित करते हुए कहा कि त्रुटिरहित, पारदर्शी एवं सफलता पूर्वक जनगणना कार्य को निर्धारित समय सीमा के अन्दर पूर्ण करने के लिए प्रशिक्षण सत्र में बताया गए सभी तकनीकी और व्यवहारिक पहलुओ को गमभीरता से समझे ताकि जनगणना का कार्य पूरी सावधानी व समयबद्ध तरीके से पूर्ण हो सके। उन्होंने कहा कि जनगणना पूरी तरह डिजिटल मोड में की जानी है इस लिए अधिकारियो एवं कार्मिको को तकनीकी प्रक्रियाओं के बारे में अच्छी समझ होना अतिआवश्यक है। जिलाधिकारी कहा कि दिनांक 07 मई से 21 मई तक स्वजनगणना की जानी है जो पहली बार जनगणना आकड़ो को एकत्रित करने का कार्य मोबाइल एपलीकेशन Census 2027-HLO के उपयोग से किया जाएगा। जनगणना प्रयोजन हेतु HLO मोबाइल एप को सरल सुविधाजनक एवं उपयोगकर्ता के अनुकूल बनाया गया है ताकि सभी प्रगणको एवं पर्यवेक्षको द्वारा इसका अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया जा सके। जिलाधिकारी ने अधिकारियो को निर्देशित करते हुए कहा कि स्वगणना पहली बार नागरिको को यह सुविधा प्रदान की गई है, सभी अधिकारी स्वंय स्वगणना करते हुए कहा कि अपने अधीनस्थ कर्मचारियो व नागरिको, मीडियो बंधुओ आदि लोगो से भी अधिक से अधिक स्वगणना करने हेतु प्रेरित करे ताकि लोग अपने तथा अपने परिवार की जानकारी स्वंय आनलाइन दर्ज कर सकें। बैठक में राज्य स्तर से जनपद मीरजापुर के लिए नामित प्रशिक्षक ने सभी अधिकारियो को विस्तृत बिन्दुवार प्रशिक्षण के बारे में जानकारी देते हुए समझाया। इस दौरान अधिकारियो और कार्मिको की आई0डी0 व पासवर्ड बनाने की प्रक्रिया, मोबाइल एप के संचालन व पोर्टल के उपयोग व स्वगणना के बारे में विस्तृत जानकारी। प्रशिक्षण के दौरान पर्यवेक्षको के लिए सामान्य निर्देश प्रगणक के कर्तव्य, मकान सूचीकरण से पूर्व व पश्चात के कर्तव्य, जनगणना मकान, परिवार, सामान्य परिवार, संस्थागत परिवार, बेघर परिवार, भवन और जनगणना मकानो की पहचान, मकान नम्बर देने के दिशा निर्देश आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। बैठक में जिला जगणना अधिकारी/अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 अजय कुमार सिंह ने विभिन्न बिन्दुओ पर जानकारी देते हुए सभी जनपदवासियो, मीडिया बंधुओ, अधिकारियो/कार्मिको से अपील करते हुए कहा कि 07 मई से स्वगणना प्रारम्भ हो रहा है जो 21 मई तक चलेगा, कहा कि अधिक से अधिक लोग स्वंय अपने मोबाइल पर गणना के समस्त बिन्दुओ को भर दे ताकि जनगणना कार्य में आसानी हो सकें। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर नितेश सिंह, बंदोबस्त अधिकारी चकबन्दी अशोक त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी सदर गुलाब चन्द्र, मड़िहान अनेग सिंह, चुनार राजेश वर्मा सहित जनपदीय अधिकारी, बैंकर्स, अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# फूलपुर पुलिस ने 4 शरणदाताओं को गिरफ्तार कर भेजा जेल

## घमहापुर कांड में अब तक 15 की हो चुकी है गिरफ्तारी।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी फूलपुर थाना पुलिस ने घमहापुर में मनीष सिंह की हत्या के मामले में आरोपितों को शरण देने वाले चार लोगों को मंगलवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्त फरार आरोपितों को छिपाने, उन्हें शरण देने और अन्य संसाधन उपलब्ध कराने में मदद कर रहे थे। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने घमहापुर के पास से इन्हें पकड़ा। गिरफ्तार आरोपितों में शिवचंद प्रसाद निवासी कपिसा दानगंज थाना चोलापुर, मुकुंद लाल निवासी घमहापुर, किसन निवासी देवापुर (करखियांव) तथा गणेश निवासी पुरारघुनाथपुर थाना फूलपुर शामिल हैं। पुलिस अब तक इस मामले में कुल 15 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। इससे पहले 28 अप्रैल को चार आरोपितों तथा अन्य शरणदाताओं को जेल भेजा जा चुका है। वहीं मुख्य आरोपित आशीष व मनीष राजभर को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया था।

पुलिस का कहना है कि फरार अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है।

# भाजपा हरहुआ मण्डल अध्यक्ष जन समस्याओं के निस्तारण के लिए किया जनसम्पर्क

## गरीब,असहाय, निराश्रित, दिव्यांग परिवार को मिलेगी पहले लाभ।

**समाज जागरण अनिल कुमार**



हरहुआ वाराणसी। हरहुआ भाजपा मंडल के अध्यक्ष आसुतोष मिश्रा 'अजय' के नेतृत्व में 10 मण्डल कार्यकताओं संग जन समस्याओं के निस्तारण के लिए जनसम्पर्क कर दलित परिवार सहितगरीबों ,असहायों ,दिव्यांगों की समस्याओं की जानकारी लेकर उन्हें लाभान्वित करने का आश्वासन दिया।

हरहुआ ब्लाक के गोकुलपुर ,बेरवां,भटौली ,करोमा ,चक्का , औसानपुर, अनौरा ,दासेपुर, हरहुआ , सरायकाजी ,सिंहापुर सहित कई अन्य गांवों में प्रधानों से मिलकर भाजपा की तीन राज्यों में जीत की बधाई देते हुए दलित ,वनवासी परिवारों में जाकर पेयजल ,आवास ,राशन वितरण के लाभ, इंटरलॉकिंग ,सोलर लाइट ,शौचालय ,स्वास्थ्य सेवाओं ,बच्चों के स्कूल में प्रवेश से लेकर मिड डे मील , खाते में ड्रेस ,स्टेशनरी व प्राप्त किताबो की जानकारी ली।

चक्का व करोमा ग्राम पंचायत के वनवासी बस्ती में बैठक कर बच्चों के नामांकन , नियमित स्कूल भेजने, बच्चों से बाल मजदूरी न कराने केलिए प्रेरित किया। घर के आस पास साफ सफाई सहित व्यक्तिगत सफाई की जानकारी दी। उन्हें आश्वस्त किया कि हर माह किसी भी स्वैच्छिक संस्था के साथ बैठक कराकर सुविधाएं दिलाने का कार्य किया जाएगा। कोई परिवार भूखा न रहे इसके लिए पोषण पोटली का वितरण कराया जाएगा। भट्ठों पर केवल बड़े सदस्य ही कार्य करने जाएंगे। छोटे -छोटे इकाई जैसे मुर्गी पालन, सुकर पालन ,मत्स्य पालन , पत्तल -टोकरी बनाने की जानकारी दिलाकर बैंक से ऋण देकर रोजगार करने का अवसर दिया जाएगा। सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कराने का कार्य प्राथमिकता में रहेगी। बुनियादी सुविधाएं सड़क, नाली ,सोलर लाइट स्थापना,पेयजल मुहैया जल्द कराई जाएगी।

अध्यक्ष अजय मिश्रा ने कहा कि महिला शक्ति बन्दन अंतर्गत महिलाओं को अधिकार और उनके सशक्तिकरण को लेकर व्यापक पैमाने पर हर वर्ग ,जाति,धर्म से जुड़ी महिलाओ के मान सम्मान पर विशेष बल दी जाएगी।

जनसम्पर्क अभियान में प्रमुख रूप से भाजपा हरहुआ मंडल अध्यक्ष अशुतोष मिश्रा'अजय मिश्रा',प्रधान अनौरा दीपक चौहान,उपाध्यक्ष अरुणेंद्र सिंह ,पंकज तिवारी ,प्रिया सिंह ,उपाध्यक्ष अपरबल सिंह ,महामन्त्री अनिल पांडेय, विजय सिंह व मनोज पटेल सहित कई भाजपा मंडल कार्यकर्ता शामिल रहे।

# शिक्षामित्रों के बढ़े मानदेय पर भव्य सम्मान समारोह आयोजित

**समाज जागरण**



मीरजापुर के विकास भवन, के सभागार में शिक्षामित्र सम्मान एवं बढ़ा हुआ मानदेय वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक नगर रत्नाकर मिश्र एवं विशिष्ट अतिथि विधायक मड़िहान रमाशंकर सिंह पटेल, विधायक मझवां सूचिस्मिता मौर्य, अध्यक्ष जिला पंचायत राजू कनौजिया व जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार, की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का वर्चुअल संबोधन (सजीव प्रसारण) भी सुना गया, जिसमें उन्होंने शिक्षामित्रों के हित में सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक नगर रत्नाकर मिश्र द्वारा कहा गया कि शिक्षामित्रों की बढे हुए मानदेय के खुशी के अवसर पर बधाई दी तथा शिक्षामित्र अब अधिक उत्साह के साथ कार्य करेंगें एवं विधायिका मझवां सुचिस्मिता मौर्य द्वारा कहा गया कि हमारी सरकार ने आपरेशन कायाकल्प के माध्यम से विद्यालय की भौतिक संरचना में परिवर्तन किया तथा शैक्षिक गुणवत्ता के लिए विद्यालयों में स्मार्ट क्लास एवं आई०सी०टी० लैब की स्थपना की गयी उन्होंने शिक्षामित्रों के मानदेय को अठ्ठारह हजार रुपए तक बढ़ाने की प्रशंसा व्यक्त की तथा हमारी सरकार शिक्षामित्रों के हित में सदैव कार्य करती रहेगी तथा विधायक मड़िहान श्री रमाशंकर सिंह पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री की प्रेरणा से शिक्षामित्रों को सम्मानजनक मानदेय प्रदान कर उनके जीवन में खुशियों की नई सौगात दी गई है। उन्होंने बताया कि शिक्षामित्रों का मानदेय दस हजार रुपये से बढ़ाकर अठ्ठारह हजार रुपये किया गया है। जो उनके सम्मान और समर्पण का प्रतीक है। शिक्षामित्रों को बढे हुए मानदेय रू0 18,000/- का प्रतीकात्मक चेक जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षामित्रों ने बढ़े हुए मानदेय के लिए मुख्यमंत्री एवं सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इस पहल की सराहना की। इस अवसर पर विधायक चुनार के प्रतिनिधि आलोक कुमार सिंह, मंडलायुक्त राकेश प्रकाश एवं मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल वर्मा, खण्ड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय रविन्द्र शुक्ला तथा जिला समन्वयक सहित बड़ी संख्या में शिक्षामित्र उपस्थित रहे।

# भूमि कब्जे के विरोध पर युवक व परिजनों से की मारपीट, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा.......

**विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण संवाददाता**



राजधानी लखनऊ के निगोहां थाना क्षेत्र के बक्स्तौरीखेड़ा गांव में भूमि कब्जे का विरोध करना एक युवक और उसके परिवार को भारी पड़ गया। आरोप है कि गांव के ही कुछ दबंगों ने जबरन जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की और विरोध करने पर गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों व लात-घूसों से मारपीट कर दी।प्राप्त जानकारी के अनुसार, बक्स्तौरीखेड़ा निवासी विकास (23) पुत्र स्व. राजाराम ने निगोहां थाने में दी गई तहरीर में बताया कि बीते 1 मई को शाम करीब 5 बजे गांव के कौशल, विनोद, रंजीत और मनीष पुत्र बदलू उसकी भूमि पर जबरन कब्जा कर रहे थे। विरोध करने पर आरोपियों ने विकास के साथ-साथ उसकी पत्नी कोमल, भाभी रीमा पत्नी संगम और साले विजय बहादुर निवासी समेसी, थाना नगराम को भी गंदी-गंदी गालियां देते हुए बेरहमी से मारपीट की।पीड़ित के अनुसार हमले में कई लोगों को चोटें आई हैं, जिससे गांव में भय का माहौल बना हुआ है। घटना के बाद पीड़ित ने थाना निगोहां पहुंचकर लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की।इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि मामले को संज्ञान में लेते हुए तत्काल सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। घायलों को उपचार के लिए भेजा गया है तथा आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम गठित कर दबिश दी जा रही है।पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। वहीं, पीड़ित परिवार ने प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है।

# ज्येष्ठ माह के प्रथम मंगलवार पर कालेबीर बाबा मंदिर में भव्य भंडारे का हुआ आयोजन...

**विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण**



मोहनलालगंज, लखनऊ।ज्येष्ठ माह के प्रथम मंगलवार के पावन अवसर पर मोहनलालगंज क्षेत्र में आस्था, भक्ति और सेवा का अद्भुत संगम देखने को मिला। कस्बे स्थित कालेबीर बाबा मंदिर परिसर में श्री बाला जी मंदिर पर भव्य धार्मिक आयोजन के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया।सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। कार्यक्रम की शुरूआत विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना एवं सुंदरकांड पाठ से हुई। भक्तों ने पूरे श्रद्धा भाव से हनुमान जी की स्तुति करते हुए सुंदरकांड का पाठ किया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। इसके उपरांत कन्या भोज का आयोजन किया गया, जिसमें बालिकाओं को आदरपूर्वक भोजन कराकर आशीर्वाद प्राप्त किया गया।

आयोजक अखिलेश द्विवेदी ने बताया कि बीते 23 वर्षों से इस मंदिर में निरंतर भव्य भंडारे का आयोजन किया जा रहा है, जो अब क्षेत्र की आस्था और परंपरा का प्रमुख केंद्र बन चुका है। बाला जी समिति के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में अध्यक्ष हरगोविन्द मिश्रा, आयोजक अखिलेश द्विवेदी एवं मंदिर व्यवस्थापक देवेंद्र पांडे की अहम भूमिका रही। समिति के सभी सदस्यों के सहयोग से आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।भंडारे में श्रद्धालुओं के लिए पूड़ी-सब्जी, तहरी एवं शरबत की उत्तम व्यवस्था की गई थी, जिसे हजारों लोगों ने प्रसाद के रूप में ग्रहण किया।इसी क्रम में गौरव ज्वेलर्स प्रतिष्ठान द्वारा भी विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें भजन-कीर्तन एवं सुंदरकांड पाठ का भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस आयोजन के मुख्य संयोजक वीरेंद्र पाण्डे रहे, जिनके नेतृत्व में श्रद्धालुओं के लिए सेवा भाव से प्रसाद वितरण किया गया।कार्यक्रम में प्रशासनिक एवं सामाजिक क्षेत्र के कई गणमान्य लोगों की गरिमामयी उपस्थिति रही। उपजिलाधिकारी पवन पटेल, एसीपी विकास पांडे, कृष्णानगर एसीपी रजनीश वर्मा, इंस्पेक्टर बृजेश त्रिपाठी, निगोहां थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी, कस्बा चौकी इंचार्ज अतुल सिंह, नगर पंचायत प्रतिनिधि डॉ. अजय पांडे, वरिष्ठ समाजसेवी अतुल शर्मा, सत्यम समेत क्षेत्र के अनेक प्रतिष्ठित लोग मौजूद रहे।वहीं निगोहां प्रेस क्लब के अध्यक्ष विमल सिंह चौहान सहित अन्य पत्रकार साथियों ने भी कार्यक्रम में पहुंचकर व्यवस्थाओं की सराहना की और इसे सामाजिक एकता व सेवा भावना का उत्कृष्ट उदाहरण बताया।पूरे आयोजन के दौरान मंदिर परिसर में भक्ति, सेवा और सौहार्द का वातावरण बना रहा। समिति पदाधिकारियों ने सभी श्रद्धालुओं एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों को निरंतर जारी रखने का संकल्प दोहराया।इस भव्य आयोजन ने एक बार फिर साबित कर दिया कि मोहनलालगंज की धरती पर धर्म, सेवा और सामाजिक समरसता की परंपरा आज भी पूरी मजबूती के साथ जीवित है।

# ईमानदारी की मिसाल बने समाजसेवी सूरज तिवारी, महिला का खोया हुआ पर्स सुरक्षित की वापसी

**विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण संवाददाता**




मोहनलालगंज, लखनऊ।आज के दौर में जहां छोटी-छोटी बातों में भी लोग स्वार्थ देखने लगते हैं, वहीं मोहनलालगंज क्षेत्र में एक ऐसी मिसाल सामने आई है जिसने मानवता और ईमानदारी पर लोगों का भरोसा और मजबूत कर दिया है। समाजसेवी सूरज तिवारी ने एक महिला का खोया हुआ पर्स सुरक्षित वापस कर समाज में सकारात्मक संदेश दिया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते 27 अप्रैल को जबरौली क्षेत्र में आयोजित एक शादी समारोह में बख्शी तालाब निवासी महिला पूजा कश्यप अपनी बहन की शादी में शामिल होने आई थीं। इसी दौरान भीड़-भाड़ में उनका पर्स कहीं गुम हो गया। पर्स में करीब 7 हजार रुपये नकद के साथ-साथ महत्वपूर्ण कागजात भी मौजूद थे, जिससे महिला और उनके परिवार के सामने बड़ी चिंता खड़ी हो गई।इसी बीच उक्त पर्स समाजसेवी सूरज तिवारी को मिला। पर्स मिलने के बाद उन्होंने बिना किसी लालच के ईमानदारी दिखाते हुए पर्स में रखे कागजातों के आधार पर महिला का मोबाइल नंबर खोजा और उनसे संपर्क किया। बातचीत के बाद उन्होंने महिला को मोहनलालगंज कोतवाली बुलाकर उनका पर्स सकुशल वापस कर दिया।

अपना खोया हुआ पर्स और उसमें रखे पैसे व जरूरी दस्तावेज सही-सलामत वापस पाकर महिला पूजा कश्यप और उनके पति के चेहरे पर खुशी साफ झलक उठी। दोनों ने समाजसेवी सूरज तिवारी का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें कोटि-कोटि धन्यवाद दिया और उनकी इस ईमानदारी की भूरि-भूरि प्रशंसा की।गाँव वालो ने भी सूरज तिवारी के इस कार्य की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे उदाहरण समाज में विश्वास और इंसानियत को जीवित रखने का काम करते हैं। यह घटना न सिर्फ एक व्यक्ति की ईमानदारी को दशार्ती है, बल्कि समाज को एक सकारात्मक दिशा में प्रेरित भी करती है।

# 2013 के धरना-हंगामा मामले में सभी आरोपी बरी, साक्ष्य के अभाव में अदालत का बड़ा फैसला

**समाज जागरण 05.05.2026 चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ) पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**



जमशेदपुर वर्ष 2013 में उपायुक्त कार्यालय में जन समस्याओं को लेकर हुए धरना-प्रदर्शन और हंगामे के चर्चित मामले में मंगलवार को मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाया। अदालत ने साक्ष्य के अभाव में पूर्व जिला पार्षद एवं पूर्व झामिमो नेता किशोर यादव सहित राहुल सिंह, धनंजय सिंह, डी.एन. सिंह और आर.बी. सरन को सभी आरोपों से बरी कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, 4 जनवरी 2013 को झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामिमो) के सैकड़ों कार्यकर्ता विभिन्न जन समस्याओं को लेकर उपायुक्त कार्यालय परिसर में धरना-प्रदर्शन कर रहे थे। प्रदर्शन के दौरान स्थिति तनावपूर्ण हो गई थी और कथित रूप से हंगामे की घटना भी हुई थी। इस संबंध में उपायुक्त कार्यालय के लिपिक अलखेन खलको द्वारा बिष्टुपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।

प्राथमिकी में भारतीय दंड संहिता की धारा 142 (अवैध जमाव), 149 (सामूहिक दायित्व), 341 (गलत तरीके से रास्ता रोकना) और 504 (जानबूझकर अपमान कर शांति भंग करना) के तहत आरोप लगाए गए थे। मामले की सुनवाई लंबे समय तक अदालत में चली और विभिन्न पहलुओं पर गहन विचार किया गया।

सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से कुल तीन गवाह पेश किए गए। हालांकि, अदालत ने पाया कि प्रस्तुत गवाहों के बयान और उपलब्ध साक्ष्य आरोपों को साबित करने के लिए पर्याप्त नहीं हैं। गवाहों के बयानों में स्पष्टता और ठोस प्रमाणों का अभाव देखने को मिला, जिसके चलते अभियोजन पक्ष अपना मामला मजबूत तरीके से स्थापित नहीं कर सका।

वहीं, बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू, बविता जैन, धर्मेंद्र सिंह निकू और दीपा सिंह ने प्रभावी ढंग से अपनी दलीलें पेश कीं। बचाव पक्ष ने तर्क दिया कि आरोपियों के खिलाफ लगाए गए आरोपों के समर्थन में ठोस और विश्वसनीय साक्ष्य उपलब्ध नहीं हैं, तथा उन्हें गलत तरीके से इस मामले में फंसाया गया है। अदालत ने बचाव पक्ष की दलीलों और उपलब्ध साक्ष्यों का सम्यक मूल्यांकन करने के बाद यह निर्णय सुनाया।

मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ने अपने फैसले में स्पष्ट कहा कि अभियोजन पक्ष आरोप सिद्ध करने में असफल रहा है। न्यायालय ने कहा कि किसी भी व्यक्ति को दोषी ठहराने के लिए ठोस और विश्वसनीय साक्ष्य आवश्यक होते हैं, जो इस मामले में प्रस्तुत नहीं किए जा सके। इसी आधार पर सभी आरोपियों को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया गया।

अदालत के इस फैसले के बाद संबंधित पक्षों में संतोष का माहौल देखा गया। आरोपियों और उनके समर्थकों ने राहत की सांस ली और इसे न्याय की जीत बताया। वहीं, यह मामला लंबे समय से लंबित था, जिसके निपटारे के साथ ही एक पुराने विवाद का अंत हो गया।

# पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत उत्तर भारतीयों की एकता का परिणाम : सुधीर कुमार पप्पू

**समाज जागरण 05.05.2026 चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ) पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**



जमशेदपुर समाजवादी चिंतक एवं अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू ने पश्चिम बंगाल के हालिया राजनीतिक परिदृश्य पर प्रतिक्रिया देते हुए तृणमूल कांग्रेस की करारी हार और भारतीय जनता पार्टी की जीत का श्रेय उत्तर भारतीयों की एकजुटता को दिया है। उन्होंने कहा कि यह परिणाम केवल एक राजनीतिक परिवर्तन नहीं, बल्कि वर्षों से चले आ रहे भेदभावपूर्ण रवैये के खिलाफ जनभावना का स्पष्ट संकेत है।

पप्पू ने अपने बयान में आरोप लगाया कि वर्ष 1977 के बाद से पश्चिम बंगाल में सत्ता में रही सरकारों–चाहे वह वाम मोर्चा की सरकार हो या तृणमूल कांग्रेस–ने उत्तर भारतीयों के साथ हमेशा दोहरे मापदंड का व्यवहार किया। उनके अनुसार इन सरकारों ने उत्तर भारतीयों को बाहरी, शोषक और अत्याचारी के रूप में प्रस्तुत करने की कोशिश की, जिससे सामाजिक विभाजन को बढ़ावा मिला। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल के औद्योगिकीकरण और आर्थिक विकास में उत्तर भारतीयों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। पप्पू के मुताबिक पूंजी निर्माण और व्यापार के क्षेत्र में हरियाणा और राजस्थान के लोगों का बड़ा योगदान रहा है, जबकि श्रम और मानव संसाधन के क्षेत्र में बिहार और उत्तर प्रदेश के लोगों ने राज्य की प्रगति में अहम भूमिका निभाई है। इसके बावजूद उन्हें लगातार उपेक्षा और भेदभाव का सामना करना पड़ा।

अधिवक्ता ने यह भी कहा कि पश्चिम बंगाल में उत्तर भारतीयों की कई पीढ़ियां बस चुकी हैं और वे राज्य की सामाजिक और आर्थिक संरचना का अभिन्न हिस्सा बन चुके हैं। इसके बावजूद उन्हें बाहरी बताने की कोशिश की गई, जो न केवल अनुचित है बल्कि सामाजिक समरसता के लिए भी हानिकारक है।

पप्पू ने तृणमूल कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि जहां एक ओर उत्तर भारतीयों को बाहरी बताया गया, वहीं दूसरी ओर बांग्लादेशी घुसपैठियों के मुद्दे पर गंभीरता नहीं दिखाई गई। उन्होंने इसे सरकार की चयनात्मक दृष्टि करार दिया और कहा कि इससे आम जनता में असंतोष बढ़ा।

उन्होंने आगे कहा कि उत्तर भारतीयों की एकता ने इस बार चुनाव में निर्णायक भूमिका निभाई और सत्ताधारी दल के कथित क्षेत्रवाद तथा बांग्ला राष्ट्रवाद के प्रभाव को समाप्त कर दिया। उनके अनुसार यह चुनाव परिणाम उन सभी राजनीतिक दलों के लिए एक संदेश है जो क्षेत्रीयता की भावना को बढ़ावा देकर देश की एकता और अखंडता को कमजोर करने का प्रयास करते हैं।

पप्पू ने कहा कि भारत विविधताओं का देश है, जहां विभिन्न भाषाएं, संस्कृतियां और परंपराएं मिलकर एक मजबूत राष्ट्रीय पहचान बनाती हैं। ऐसे में किसी भी प्रकार का क्षेत्रीय भेदभाव न केवल संविधान की भावना के खिलाफ है, बल्कि देश की सामाजिक संरचना को भी नुकसान पहुंचाता है। अंत में उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में सभी राजनीतिक दल इस परिणाम से सबक लेंगे और समावेशी राजनीति को बढ़ावा देंगे, ताकि हर नागरिक को समान सम्मान और अवसर मिल सके।

# जमशेदपुर में विशेष स्वगणना अभियान को मिला गति, अधिकारियों एवं कॉरपोरेट कर्मियों ने किया स्व-पंजीकरण

**समाज जागरण 05.05.2026 चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ) पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**



जमशेदपुर भारत की जनगणना 2027 के अंतर्गत संचालित विशेष स्वगणना अभियान के तहत शहर में जागरूकता और भागीदारी को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल देखने को मिली। इसी क्रम में आज जमशेदपुर में प्रशासनिक एवं कॉरपोरेट क्षेत्र के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में स्वगणना का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न किया गया।

इस कार्यक्रम में उप नगर आयुक्त श्री कृष्ण कुमार, वाइस प्रेसिडेंट (कॉरपोरेट सर्विसेज) श्री डीबी सुंदर रामम तथा चीफ ऑफ कॉरपोरेट सर्विसेज श्री वरुण बजाज ने सक्रिय रूप से भाग लेते हुए स्वयं स्वगणना की प्रक्रिया पूरी की। इस अवसर पर विशेष पदाधिकारी एवं जमशेदपुर नोटिफाइड एरिया कमेटी (JNAC) के प्रतिनिधि श्री तरणीश कुमार हंस तथा जनगणना टीम के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे, जिन्होंने पूरी प्रक्रिया का मार्गदर्शन किया।

कार्यक्रम के दौरान टाटा स्टील कॉरपोरेट सर्विसेज से जुड़े अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी उत्साहपूर्वक स्वगणना में भाग लिया और अपनी-अपनी जानकारी ऑनलाइन माध्यम से दर्ज की। यह पहल न केवल प्रशासन और कॉरपोरेट क्षेत्र के बीच समन्वय को दशार्ती है, बल्कि आम नागरिकों को भी इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय अभियान में भागीदारी के लिए प्रेरित करती है।

गौरतलब है कि भारत सरकार द्वारा जनगणना 2027 को अधिक सटीक, पारदर्शी और आधुनिक बनाने के उद्देश्य से स्वगणना की सुविधा प्रदान की गई है। इसके तहत 1 मई से 15 मई तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें नागरिक स्वयं आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से अपनी जनसांख्यिकीय जानकारी दर्ज कर सकते हैं। यह प्रक्रिया पूरी तरह डिजिटल है, जिससे समय की बचत होती है और डेटा संग्रहण में पारदर्शिता सुनिश्चित होती है।

प्रशासन की ओर से यह स्पष्ट किया गया है कि स्वगणना के माध्यम से नागरिकों को अपने परिवार, निवास, शिक्षा, रोजगार एवं अन्य आवश्यक विवरण स्वयं भरने का अवसर मिलता है। इससे न केवल त्रुटियों की संभावना कम होती है, बल्कि लोगों को अपनी जानकारी की सटीकता सुनिश्चित करने का भी अवसर मिलता है। साथ ही, यह प्रक्रिया जनगणना कार्य को अधिक प्रभावी और समयबद्ध बनाने में सहायक सिद्ध हो रही है।

इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने शहरवासियों से अपील करते हुए कहा कि जनगणना किसी भी देश के विकास की आधारशिला होती है। इसके माध्यम से प्राप्त आंकड़े सरकार को नीतियां बनाने, संसाधनों का सही वितरण करने और विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में मदद करते हैं। इसलिए प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य है कि वह इस प्रक्रिया में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करे।

शहर के सभी जागरूक एवं जिम्मेदार नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि वे निर्धारित अवधि के भीतर आधिकारिक पोर्टल पर जाकर अपनी स्वगणना अवश्य पूर्ण करें। यह न केवल व्यक्तिगत जिम्मेदारी है, बल्कि राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का एक महत्वपूर्ण अवसर भी है।

जमशेदपुर में इस तरह के आयोजनों से यह स्पष्ट हो रहा है कि प्रशासन और विभिन्न संस्थाएं मिलकर जनगणना अभियान को सफल बनाने के लिए गंभीर प्रयास कर रही हैं। आने वाले दिनों में शहर के अन्य हिस्सों में भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाने की संभावना है, ताकि अधिक से अधिक लोग इस अभियान से जुड़ सकें और जनगणना 2027 को सफल बनाया जा सके। जनता https://se.census.gov.in पोर्टल में जाकर भी स्वयं इस अभियान का हिस्सा बन सकते हैं।

# नाव हादसा या लापरवाही का गंभीर मामला? अदालत ने स्वतः संज्ञान लेकर FIR दर्ज करने के दिए निर्देश

**समाज जागरण**
**जबलपुर, 05 मई 2026**



जबलपुर में एक नाव (क्रूज) हादसे को लेकर सामने आई चौंकाने वाली जानकारी ने न सिर्फ प्रशासन को कटघरे में खड़ा कर दिया है, बल्कि न्यायालय को भी स्वतः संज्ञान लेने पर मजबूर कर दिया है। न्यायालय-डी.पी. सूत्रकार, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, जबलपुर (मध्य प्रदेश) ने इस पूरे मामले में थाना बरगी पुलिस को तत्काल प्रथम सूचना रिपोर्ट (FIR) दर्ज कर जांच शुरू करने के स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं।

यह मामला दिनांक 30 अप्रैल 2026 का बताया जा रहा है, जब शाम लगभग 5:30 से 6:30 बजे के बीच एक नाव संचालन के दौरान गंभीर हादसा हुआ। प्रारंभिक जानकारी और मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, नाव में कई यात्री सवार थे और उसी दौरान नाव के संचालन में भारी लापरवाही सामने आई, जिसके कारण नाव असंतुलित होकर डूब गई। इस दुर्घटना में कई लोगों की मौत होने की आशंका जताई जा रही है।

न्यायालय के संज्ञान में यह मामला विभिन्न समाचार पत्रों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से आया, जिसके बाद इसे गंभीर प्रकृति का मानते हुए स्वतः संज्ञान लिया गया। आदेश में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि नाव चालक द्वारा लापरवाहीपूर्वक नाव चलाना और संकट की स्थिति में यात्रियों को बचाने का कोई प्रयास न करना गंभीर आपराधिक कृत्य की श्रेणी में आता है।

### लापरवाही या आपराधिक चूक?

न्यायालय द्वारा जारी आदेश में यह भी उल्लेख किया गया है कि नाव चालक स्वयं नाव की गतिविधियों से परिचित था, इसके बावजूद उसने यात्रियों की सुरक्षा को नजरअंदाज किया। दुर्घटना के दौरान भी उसके द्वारा किसी प्रकार का बचाव प्रयास न करना भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 106 एवं 110 के अंतर्गत गंभीर अपराध की ओर संकेत करता है।

धारा 106 के तहत लापरवाही से मृत्यु कारित करना और धारा 110 के तहत आपराधिक मानव वध के प्रयास का मामला बनता है, जो इस घटना की गंभीरता को और अधिक बढ़ा देता है।

न्यायालय ने यह भी कहा कि यदि इस प्रकार की घटनाओं में समय रहते प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई और उचित जांच नहीं हुई, तो भविष्य में इस तरह की लापरवाहियों की पुनरावृत्ति हो सकती है, जिससे आम जनता की जानमाल को और अधिक खतरा उत्पन्न होगा।

### प्रशासनिक लापरवाही पर सवाल

इस आदेश के सामने आने के बाद प्रशासनिक व्यवस्था पर भी सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि नाव संचालन जैसी गतिविधियों में सुरक्षा मानकों की अनदेखी लंबे समय से की जा रही है। न तो पर्याप्त सुरक्षा उपकरण उपलब्ध होते हैं और न ही नियमित निरीक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाती है।

हादसे के बाद कुछ स्थानीय नागरिकों ने तत्परता दिखाते हुए बचाव कार्य में सहायता की, जिसकी न्यायालय ने विशेष रूप से सराहना की है। आदेश में यह भी कहा गया कि ऐसे नागरिकों का योगदान समाज के लिए प्रेरणादायक है और इन्हें सम्मान मिलना चाहिए।

### FIR और जांच के सख्त निर्देश

न्यायालय ने थाना प्रभारी, बरगी को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि इस पूरे मामले में बिना किसी देरी के FIR दर्ज की जाए और सभी तथ्यों की गहन जांच की जाए। साथ ही दो दिनों के भीतर न्यायालय को इसकी अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करने को भी कहा गया है।

इस आदेश के बाद पुलिस प्रशासन पर अब यह जिम्मेदारी आ गई है कि वह मामले की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच सुनिश्चित करे, ताकि घटना के वास्तविक कारणों और जिम्मेदार व्यक्तियों की पहचान हो सके।

### सुरक्षा व्यवस्था पर बड़ा सवाल

यह घटना केवल एक हादसा नहीं बल्कि सुरक्षा व्यवस्था में संभावित खामियों की ओर इशारा करती है। विशेषज्ञों का मानना है कि जल परिवहन और नाव संचालन के लिए सख्त नियम और नियमित मॉनिटरिंग जरूरी है, ताकि ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

स्थानीय स्तर पर इस आदेश के बाद चर्चा तेज हो गई है कि क्या नाव संचालन के नियमों का सही पालन हो रहा है या नहीं। वहीं, लोग अब प्रशासन से सख्त कार्रवाई और सुरक्षा मानकों को मजबूत करने की मांग कर रहे हैं।

फिलहाल, पूरा मामला जांच के दायरे में है और न्यायालय के निर्देशों के बाद पुलिस की कार्रवाई पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं।

# "Project Freedom" पर बड़ा बयान: पर्शियन गल्फ में फंसे 23,000 नागरिकों को बचाने का दावा, ईरान पर गंभीर आरोप

**समाज जागरण**
**वॉशिंगटन डीसी, 05 मई 2026**



अमेरिका ने पर्शियन गल्फ क्षेत्र में चल रहे तनाव को लेकर एक बड़ा बयान जारी किया है। अमेरिकी विदेश मंत्री Marco Rubio ने कहा है कि "Project Freedom" के तहत लगभग 23,000 नागरिकों को सुरक्षित निकालने की योजना पर काम किया जा रहा है, जो 87 देशों से संबंधित हैं और वर्तमान में समुद्री क्षेत्र में फंसे हुए हैं।

रूबियो ने व्हाइट हाउस से जारी बयान में दावा किया कि पिछले दो महीनों से कई निर्दोष नाविक और वाणिज्यिक जहाजों के क्रू मेंबर समुद्र में फंसे हुए हैं। उनका कहना है कि ईरान द्वारा Strait of Hormuz में कथित तौर पर की जा रही गतिविधियों के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है।

उन्होंने आरोप लगाया कि ईरान द्वारा समुद्री मार्गों पर बाधा उत्पन्न की जा रही है, जिससे अंतरराष्ट्रीय शिपिंग प्रभावित हो रही है। रूबियो के अनुसार, कुछ जहाजों पर हमले भी किए गए हैं और कई मामलों में गोलीबारी तक की घटनाएं सामने आई हैं।

अमेरिकी विदेश मंत्री ने इस स्थिति को बेहद गंभीर बताते हुए कहा कि यह व्यवहार समुद्री डकैती (Piracy) जैसा है, जिसमें ऐसे जहाज भी प्रभावित हो रहे हैं जिनका किसी भी राजनीतिक या सैन्य विवाद से कोई संबंध नहीं है।

रूबियो ने यह भी कहा कि निर्दोष नागरिकों की सुरक्षा और अंतरराष्ट्रीय समुद्री व्यापार की रक्षा अमेरिका की प्राथमिकता है और इसी उद्देश्य से "Project Freedom" को आगे बढ़ाया जा रहा है।

### अंतरराष्ट्रीय तनाव बढ़ने के संकेत

इस बयान के बाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक बार फिर पर्शियन गल्फ क्षेत्र में तनाव बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर स्थिति नियंत्रण में नहीं आई तो वैश्विक तेल आपूर्ति और समुद्री व्यापार पर बड़ा असर पड़ सकता है।

फिलहाल अमेरिका की ओर से "Project Freedom" को लेकर विस्तृत कार्ययोजना सार्वजनिक नहीं की गई है, लेकिन इस बयान ने वैश्विक राजनीति में हलचल जरूर बढ़ा दी है।

# कुरुक्षेत्र से तीर्थयात्रियों को हरी झंडी, CM नायब सिंह सैनी ने की विशेष ट्रेनों की घोषणा; कांग्रेस पर भी साधा निशाना

**समाज जागरण**
**कुरुक्षेत्र, हरियाणा 05 मई 2026**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कुरुक्षेत्र से तीर्थयात्रियों के एक दल को तख्त सचखंड श्री हजूर साहिब (नांदेड़) के लिए रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में चल रही धार्मिक एवं सांस्कृतिक तीर्थयात्रा योजनाओं का हिस्सा है।

मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि कुरुक्षेत्र, जो भगवान श्रीकृष्ण की गीता उपदेश स्थली के रूप में प्रसिद्ध है, वहां से तीर्थयात्रियों का इस प्रकार प्रस्थान आस्था और संस्कृति को मजबूत करता है। उन्होंने बताया कि हाल ही में अंबाला कैंट से अयोध्या के लिए एक विशेष तीर्थ ट्रेन रवाना की गई थी और यह दूसरी विशेष ट्रेन है जो श्रद्धालुओं को पवित्र स्थलों की यात्रा कराएगी।

उन्होंने यह भी घोषणा की कि 15 मई को सिरसा से नांदेड़ के लिए एक और विशेष ट्रेन चलाई जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि सोमनाथ मंदिर के संदर्भ में भी एक विशेष यात्रा ट्रेन संचालित की जाएगी, जो मंदिर पर हुए हमलों की 1000वीं वर्षगांठ के अवसर से जुड़ी है।

### महिलाओं के आरक्षण पर कांग्रेस पर हमला

महिला आरक्षण बिल को लेकर विपक्ष पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने वर्षों तक महिलाओं के वोट तो लिए, लेकिन उनके अधिकारों को मजबूत करने में गंभीरता नहीं दिखाई। उन्होंने कहा कि अब देश की महिलाएं जागरूक हैं और इस स्थिति का जवाब आने वाले समय में देंगी।



### पंजाब की स्थिति पर टिप्पणी

मुख्यमंत्री सैनी ने पंजाब की राजनीतिक और सामाजिक स्थिति पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि वहां की जनता प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों की सराहना कर रही है, जबकि राज्य सरकार अपने वादों को पूरा करने में असफल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले पांच वर्षों में पंजाब में कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब हुई है और नशे की समस्या बढ़ी है।

उन्होंने दावा किया कि जनता अब विकसित पंजाब की दिशा में बदलाव चाहती है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बेहतर भविष्य की उम्मीद कर रही है।

### राजनीतिक संदेश भी साफ

इस पूरे कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री के बयान में धार्मिक यात्रा, विकास योजनाओं और राजनीतिक संदेश तीनों का मिश्रण देखने को मिला। जहां एक ओर उन्होंने तीर्थयात्रा को सांस्कृतिक एकता का प्रतीक बताया, वहीं दूसरी ओर विपक्ष पर राजनीतिक हमला भी किया।

# सड़क हादसे में फिल्म निमार्ता आर.बी. चौधरी का निधन, राजस्थान में शोक की लहर

**समाज जागरण ब्यावर, राजस्थान 05 मई 2026**

राजस्थान के ब्यावरझपाली-पिंडवाड़ा हाईवे पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में प्रसिद्ध फिल्म निमार्ता आर.बी. चौधरी का निधन हो गया। बताया जा रहा है कि उनकी कार अचानक अनियंत्रित होकर सड़क के डिवाइडर से टकरा गई, जिसके बाद यह गंभीर दुर्घटना हुई।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, हादसा उस समय हुआ जब वाहन हाईवे पर तेज गति से चल रहा था। अचानक कार का संतुलन बिगड़ गया और वह सीधे डिवाइडर से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और आर.बी. चौधरी को गंभीर चोटें आईं। हादसे के तुरंत बाद मौके पर मौजूद लोगों और स्थानीय प्रशासन की मदद से उन्हें अस्पताल पहुंचाने की कोशिश की गई, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### फिल्म इंडस्ट्री में शोक की लहर

आर.बी. चौधरी दक्षिण भारतीय फिल्म इंडस्ट्री के जाने-माने निमार्ता थे, जिन्होंने कई सफल फिल्मों का निर्माण किया था। उनके निधन की खबर से फिल्म जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। कई फिल्मी हस्तियों और प्रशंसकों ने सोशल मीडिया पर श्रद्धांजलि व्यक्त की है।

### पुलिस जांच जारी

स्थानीय पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में हादसे की वजह वाहन का नियंत्रण खोना बताया जा रहा है, हालांकि तकनीकी कारणों और अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है।

# पटना में मंगला पांडे का बयान: बंगाल की राजनीति पर साधा निशाना, TMC सरकार पर लगाए गंभीर आरोप

**समाज जागरण**
**पटना, बिहार 05 मई 2026**

पश्चिम बंगाल बीजेपी प्रभारी मंगला पांडे ने पटना में मीडिया से बातचीत के दौरान पश्चिम बंगाल की राजनीति और वहां की मौजूदा स्थिति को लेकर बड़ा बयान दिया। उन्होंने तृणमूल कांग्रेस (TMC) सरकार पर तीखे आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य में उद्योग, रोजगार और विकास की संभावनाओं को नुकसान पहुंचा है।

मंगला पांडे ने कहा कि जब पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी के नेतृत्व में सरकार बनी थी, तब जनता ने लंबे समय से चल रहे कम्युनिस्ट शासन को हटाकर एक नई उम्मीद के साथ बदलाव का समर्थन किया था। लेकिन उनके अनुसार, बाद में स्थिति उम्मीद के विपरीत हो गई।




### TMC सरकार पर गंभीर आरोप

उन्होंने आरोप लगाया कि TMC सरकार के कार्यकाल में राज्य में कई उद्योग बंद हो गए, रोजगार के अवसर घटे और युवाओं को मजबूरी में दूसरे राज्यों की ओर पलायन करना पड़ा। उनके अनुसार, इससे राज्य की आर्थिक स्थिति और सामाजिक संतुलन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा।

### डर के बिना हुआ मतदान का दावा

बीजेपी नेता ने यह भी कहा कि इस बार पश्चिम बंगाल में लोगों ने बिना किसी डर के मतदान किया और परिणाम सामने आए हैं। उन्होंने दावा किया कि जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर भरोसा जताया है और अब राज्य में परिवर्तन की दिशा दिखाई दे रही है।

मंगला पांडे ने आगे कहा कि आने वाले समय में पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने की संभावनाएं मजबूत हो रही हैं, क्योंकि जनता बदलाव चाहती है।

### राजनीतिक सरगर्मी तेज

इस बयान के बाद राजनीतिक हलकों में हलचल तेज हो गई है। पश्चिम बंगाल की राजनीति को लेकर लगातार आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है, और अब इस ताजा बयान ने एक बार फिर सियासी बहस को हवा दे दी है।

# रिश्तों को किया शर्मसार: 8 वर्षीय बच्ची की हत्या में चाची गिरफ्तार, 48 घंटे में खुलासा

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

5 मई। कोढ़ोबारी थाना क्षेत्र के दुगार्पुर गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना का पुलिस ने महज 48 घंटे के भीतर सफल उद्भेदन कर लिया है। 8 वर्षीय मासूम बच्ची शहरानी उर्फ साली प्रवीण की हत्या के मामले में उसकी सगी चाची (बड़ी मां) हैरूण निशा को गिरफ्तार किया गया है।



जानकारी के अनुसार, 2 मई को गांव के एक मकई के खेत से बच्ची का शव बरामद हुआ था। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई थी। इस संबंध में कोढ़ोबारी थाना में कांड संख्या 71/26 दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-2 के नेतृत्व में विशेष जांच टीम (SIT) का गठन किया गया।

विशेष जांच टीम ने लगातार छापेमारी, तकनीकी विश्लेषण और पूछताछ के जरिए मामले की परतें खोलनी शुरू कीं। जांच के दौरान परिजनों से भी गहन पूछताछ की गई, जिसमें बच्ची की चाची हैरूण निशा के व्यवहार पर संदेह हुआ। सख्ती से पूछताछ करने पर उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया।

आरोपी ने बताया कि घटना के दिन उसका बेटा और बच्ची आपस में झगड़ रहे थे। इसी दौरान गुस्से में आकर उसने बच्ची को थप्पड़ मारकर धक्का दे दिया, जिससे वह गिरकर बेहोश हो गई। बाद में घटना उजागर होने के डर से उसने गला दबाकर उसकी हत्या कर दी।

हत्या के बाद आरोपी ने शव को घर में छिपाकर रखा और मौका पाकर मकई के खेत में ले जाकर ठिकाने लगा दिया। इसके बाद वह खुद ही बच्ची की खोजबीन में शामिल होकर लोगों को गुमराह करती रही।

पुलिस ने आरोपी के निशानदेही पर घटनास्थल से टूटी हुई चप्पल, खून से सने कपड़े और मच्छरदानी का टुकड़ा बरामद किया है। फॉरेंसिक टीम द्वारा विभिन्न स्थानों से साक्ष्य एकत्र कर जांच को आगे बढ़ाया जा रहा है।

पुलिस ने आरोपी हैरूण निशा (40 वर्ष), निवासी दुगार्पुर, थाना कोढ़ोबारी, जिला किशनगंज को गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया शुरू कर दी है। अधिकारियों के अनुसार, मामले के अन्य पहलुओं की भी गहन जांच जारी है।

पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार ने बताया कि त्वरित कार्रवाई, सटीक अनुसंधान और टीम वर्क के कारण इस जघन्य हत्याकांड का जल्द खुलासा संभव हो सका।

# पटना के बिहटा औद्योगिक क्षेत्र में आंधी-बारिश का कहर

## फैक्ट्रियों में घुसा पानी, लाखों का नुकसान

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के बिहटा प्रखंड में 4 मई को आई तेज आंधी और मूसलाधार बारिश ने औद्योगिक क्षेत्र में व्यापक तबाही मचाई है। अचानक आए इस प्राकृतिक प्रकोप से कई औद्योगिक इकाइयों में उत्पादन ठप हो गया और करोड़ों की मशीनें व कच्चा माल पानी में डूब गए। इस घटना ने औद्योगिक क्षेत्र के ड्रेनेज सिस्टम और आपदा प्रबंधन की पोल खोलकर रख दी है। भारी बारिश के कारण फैक्ट्रियों के भीतर जलभराव हो गया है। सबसे अधिक नुकसान सिकंदरपुर स्थित प्लॉट संख्या बी-6 की एक प्रमुख इकाई को हुआ है। फैक्ट्री प्रबंधन के अनुसार, परिसर में पानी भरने से तैयार उत्पाद और कच्चा माल पूरी तरह नष्ट हो गया है,



जिससे प्रारंभिक तौर पर 70 से 80 लाख रुपये के नुकसान का अनुमान है। उत्पादन बंद होने से आपूर्ति श्रृंखला पर भी बुरा असर पड़ा है। उद्योग संचालकों का कहना है कि जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण वर्षा का पानी फैक्ट्रियों के अंदर तक पहुंच गया। उद्यमियों ने बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण (BIADA) और राज्य सरकार से स्थायी जल निकासी व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। साथ ही, प्रभावित उद्योगों ने किराए में राहत और जल्द मुआवजे की अपील की है। प्रबंधन ने बीमा कंपनियों को सूचित कर दिया है, लेकिन उद्यमियों में इस बात को लेकर संशय है कि उन्हें पूर्ण मुआवजा मिल पाएगा या नहीं। उनका मानना है कि यदि बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ नहीं किया गया, तो सरकार के औद्योगिक विकास के दावों के बावजूद निवेश और उत्पादन पर भविष्य में भी खतरा मंडराता रहेगा। फिलहाल, प्रशासन की ओर से राहत कार्यों और नुकसान के विस्तृत आकलन का इंतजार है।

# पटना के मोहम्मदपुर में युवक की संदिग्ध मौत

## हत्या या आत्महत्या की गुत्थी में उलझी पुलिस

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के दानापुर थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर गांव में एक 30 वर्षीय युवक की गोली लगने से संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान स्वर्गीय मुन्ना राय के पुत्र अनुरोध कुमार के रूप में हुई है। इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। पुलिस के अनुसार, युवक के शरीर पर दो गोलियां लगने के निशान मिले हैं–एक छाती में और दूसरी सिर में। परिजनों ने आनन-फानन में युवक को निजी अस्पताल पहुंचाया, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पटना पश्चिमी सिटी एसपी भानु प्रताप सिंह और दानापुर डीएसपी-2 अमरेंद्र कुमार झा ने मौके पर पहुंचकर जांच की। देर शाम एफएसएल की टीम ने भी घटनास्थल से वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाए। प्रारंभिक जांच में मामला काफी संदिग्ध लग रहा है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, ग्रामीणों से गुप्त सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। आरोप है कि परिजनों ने घटना को हादसा बताकर मामले को दबाने और साक्ष्य मिटाने का प्रयास किया। पुलिस पूछताछ में परिवार के सदस्यों के बयानों में भारी विसंगतियां पाई गई हैं। ग्रामीणों के बीच चर्चा है कि घर में लंबे समय से तनाव चल रहा था। बताया जा रहा है कि 25 अप्रैल को मृतक के भाई की शादी के दौरान एक विवाद हुआ था, जिसमें छोटे भाई ने अपनी साली की मांग भर दी थी। इसके अलावा कथित अवैध संबंधों को लेकर भी विवाद की बात सामने आ रही है। पुलिस इन सभी पहलुओं और छोटे भाई की भूमिका की जांच कर रही है। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगी।



# पटना के नदियों में नाव संचालन पर प्रशासन सख्त

## सूर्यास्त के बाद परिचालन पर रोक, लापरवाही पर होगी जेल

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ गंगा और अन्य नदियों के घाटों पर नाव संचालन में बढ़ती लापरवाही और सुरक्षा मानकों की अनदेखी को देखते हुए जिला प्रशासन ने कड़ा रुख अपना लिया है। जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एस.एम. ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यात्रियों की जान से खिलवाड़ करने वाले नाविकों और संचालकों को बख्शा नहीं जाएगा। जिलाधिकारी ने दीघा पाटीपुल, जेपी सेतु, गायघाट और नासरीगंज समेत विभिन्न घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान पाया गया कि नावों पर क्षमता से अधिक यात्री, मवेशी और भारी वाहन लादे जा रहे थे। जिलाधिकारी ने इसे गंभीर अपराध बताते हुए अंचल अधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों को नियमित निगरानी व त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया है। अब लागू नियमो के अनुसार सूर्यास्त के बाद और सूर्योदय से पहले नावों का परिचालन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। प्रत्येक नाव पर लाइफ जैकेट, लाइफ रिंग और फर्स्ट एड किट का होना अनिवार्य है। बिना निबंधन के नाव चलाने पर सीधे दंडात्मक कार्रवाई और नाव की जब्ती की जाएगी। नाव पर नाविक का विवरण, निबंधन संख्या और अधिकतम यात्री क्षमता स्पष्ट रूप से अंकित करनी होगी। खराब मौसम, तेज हवा या भारी बारिश के दौरान संचालन पर पूर्ण रोक रहेगी।प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि केवल चिन्हित सुरक्षित घाटों से ही परिचालन होगा, खतरनाक घोषित घाटों को बंद रखा जाएगा। जिला परिवहन पदाधिकारी को निबंधन प्रक्रिया तेज करने का जिम्मा सौंपा गया है। प्रशासन की इस सख्ती से स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली है, क्योंकि लंबे समय से नियमों की अनदेखी के कारण हादसों का डर बना रहता था।



# पटना में किराया मांगने गई महिला पर चाकू से हमला, हालत गंभीर

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ राजधानी के जक्कनपुर थाना क्षेत्र के रोड नंबर-2 में किराए के विवाद को लेकर एक महिला पर जानलेवा हमले का मामला सामने आया है। आरोपियों ने वाहन चालक की पत्नी को बुलाकर न केवल बेरहमी से पीटा, बल्कि चाकू मारकर उसे मरणासन्न कर दिया। गंभीर रूप से घायल महिला, सुनीता कुमारी को प्राथमिक उपचार के बाद पीएमसीएच (PMCH) रेफर किया गया है। पीड़िता के अनुसार, उसके पति महेंद्र कुमार ने कुछ नर्तकियों को कार्यक्रम में पहुंचाने का काम किया था, जिसका 15 हजार रुपये किराया बकाया था। घटना के दिन सुनीता को बकाया पैसा देने के बहाने बुलाया गया। इत्तेफाक से उस दिन महिला की शादी की वर्षगांठ भी थी। उसे लगा कि पैसे मिलने पर वह नए कपड़े खरीदेगी, लेकिन वहां पहुंचते ही सचिन और काजल नामक आरोपियों ने उसे जमीन पर पटक कर पीटना शुरू कर दिया और सिर पर चाकू से वार कर दिया। चीख-पुकार सुनकर पहुंचे स्थानीय लोगों ने लहूलुहान हालत में महिला को निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया। घटना की सूचना मिलते ही जक्कनपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़िता का बयान दर्ज किया। पुलिस के अनुसार, मामला दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। स्थानीय निवासियों ने घटना पर रोष जताते हुए इलाके में पुलिस गश्त बढ़ाने और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# पटना के गांधी मैदान में 7 मई को भव्य मंत्रिमंडल विस्तार

## पीएम मोदी और अमित शाह के आने की संभावना

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली सरकार के गठन के 22 दिन बाद, आगामी 7 मई को राजधानी के ऐतिहासिक गांधी मैदान में मंत्रिमंडल विस्तार का भव्य समारोह आयोजित होने जा रहा है। इस आयोजन को लेकर प्रशासनिक और राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है। गांधी मैदान के इतिहास में यह संभवतः पहली बार होगा जब केवल मंत्रियों के शपथ ग्रहण के लिए इतना बड़ा आयोजन किया जा रहा है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी के अनुसार, इस समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत कई राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल हो सकते हैं। विधानसभा चुनाव के परिणामों में मिली सफलता के बाद, राजग (NDA) इस कार्यक्रम को एक बड़े शक्ति प्रदर्शन और राजनीतिक संदेश के रूप में देख रहा है। सूत्रों के मुताबिक, नए मंत्रिमंडल में कई नए चेहरों को जगह मिल सकती है। इसमें जातीय और क्षेत्रीय समीकरणों को साधने की पूरी कोशिश की जाएगी। चर्चा है कि भाजपा और जदयू के बीच मंत्रियों की संख्या लगभग समान रखी जाएगी ताकि गठबंधन में संतुलन बना रहे। संगठन में सक्रिय प्रभावी नेताओं को भी इस बार सरकार में शामिल होने का मौका मिल सकता है। विशिष्ट अतिथियों की लंबी सूची को देखते हुए जिला प्रशासन ने गांधी मैदान के आसपास सुरक्षा घेरा बेहद मजबूत कर दिया है। यातायात, पार्किंग और मीडिया कवरेज के लिए विशेष योजना बनाई गई है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह विस्तार न केवल सरकार के आगामी कार्यकाल की प्राथमिकताओं को तय करेगा, बल्कि बिहार की भविष्य की राजनीति की दिशा भी स्पष्ट करेगा।



# पटना के किशोर सिंह बने दिल्ली प्रदेश जदयू के सचिव

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जनता दल (यूनाइटेड) ने दिल्ली प्रदेश संगठन का विस्तार करते हुए पटना के किशोर सिंह को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार द्वारा जारी नई संगठनात्मक सूची में किशोर सिंह को प्रदेश सचिव मनोनीत किया गया है। उनके मनोनयन की खबर मिलते ही समर्थकों और पार्टी कार्यकताओं में उत्साह का माहौल है। प्रदेश अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार द्वारा 05 मई 2026 को जारी पत्रांक के अनुसार, दिल्ली प्रदेश संगठन को धार देने के लिए नए पदाधिकारियों की घोषणा की गई है। सचिव पद की जिम्मेदारी संभालने वाले नेताओं में किशोर सिंह के साथ डॉ. सत्यानंद (एस.एन.) ठाकुर, लक्ष्मी नारायण झा, सुनील सिंह, विक्रम पटेल, अशरफ इकबाल, सुनील कुमार और राम प्रवेश राय के नाम शामिल हैं। किशोर सिंह की नियुक्ति पर खुशी जाहिर करते हुए स्थानीय कार्यकताओं ने कहा कि वे लंबे समय से पार्टी की विचारधारा से जुड़े रहे हैं। उनके सांगठनिक अनुभव का सीधा लाभ दिल्ली में रह रहे बिहार मूल के लोगों को जोड़ने और पार्टी का जनाधार बढ़ाने में मिलेगा।

पार्टी कार्यकताओं का कहना है कि किशोर सिंह का अनुभव दिल्ली प्रदेश में जदयू को एक नई ऊर्जा प्रदान करेगा। उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक प्रभावी ढंग से कार्य करेगा। वही मनोनयन के पश्चात प्रदेश अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी है। उन्होंने आह्वान किया कि सभी पदाधिकारी पार्टी की नीतियों और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 'न्याय के साथ विकास' के मॉडल को दिल्ली के जन-जन तक पहुंचाएं ताकि आगामी समय में पार्टी की स्थिति और मजबूत हो सके।

# पटना के गौरीचक पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## 2016 के मारपीट मामले में पांच वारंटी गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के गौरीचक थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए करीब आठ साल पुराने मारपीट के मामले में फरार चल रहे पांच वारंटियों को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए सभी आरोपी वर्ष 2016 से ही पुलिस की पकड़ से बाहर थे और न्यायालय द्वारा उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। ट्रेनी आईपीएस सह थानाध्यक्ष सुषमा सागर के नेतृत्व में पुलिस ने एक विशेष टीम का गठन किया। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने योजनाबद्ध तरीके से गौरीचक और मिरहजीचक इलाकों में अलग-अलग स्थानों पर दबिश दी। इस छापेमारी के दौरान पुलिस ने बबलू कुमार, राहुल कुमार और राजेश कुमार (तीनों के पिता पूजन राम), रंजीत कुमार (पिता नारायण राम) तथा मिरहजीचक निवासी उमा पासवान (पिता गनौरी पासवान) को उनके ठिकानों से दबोच लिया।पुलिस के अनुसार, मामला वर्ष 2016 में दर्ज हुई मारपीट की एक गंभीर घटना से संबंधित है। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद से ही ये सभी आरोपी अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार ठिकाने बदल रहे थे। हाजिर न होने की स्थिति में अदालत ने इनके खिलाफ गैर-जमानती वारंट निर्गत किया था। ट्रेनी आईपीएस सुषमा सागर ने बताया कि न्यायालय के आदेशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने और कानून का राज स्थापित करने के लिए फरार वारंटियों के खिलाफ आगे भी सघन तलाशी अभियान जारी रहेगा। सभी गिरफ्तार आरोपियों को कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।



# नबीनगर थाना पुलिस की कारवाई: फिरौती के लिए अपहरण मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार )नवीनगर थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने फिरौती के लिए अपहरण के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान नवीनगर स्टेशन रोड निवासी विजय सिंह के पुत्र विकास कुमार सिंह उर्फ छोटू कुमार के रूप में हुई है।थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय ने बताया कि आरोपी विकास कुमार सिंह पर नवीनगर थाना कांड संख्या 357/25 तहत मामला दर्ज है।घटना के बाद से ही वह फरार चल रहा था।पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि आरोपी विकास कुमार सिंह नवीनगर स्टेशन रोड इलाके में देखा गया है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया।आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।पुलिस ने कहा कि अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। फिरौती और अपहरण जैसी घटनाओं में शामिल किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा।



# नबीनगर में युवक की हत्या मामले में एसपी ने लिया जायजा, परिजनों से की मुलाकात

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) नबीनगर थाना क्षेत्र के दिग्घी गांव निवासी विजय सिंह के 20 वर्षीय पुत्र पीयूष कुमार की हुई हत्या के मामले को पुलिस ने गंभीरता से लिया है। सोमवार को औरंगाबाद के पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल खुद नबीनगर थाना क्षेत्र पहुंचे। एसपी ने मृतक के घर जाकर शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात की और घटना की पूरी जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने घटनास्थल का भी बारीकी से जायजा लिया।मौके पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक ने मामले के त्वरित उद्भेदन के लिए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि कांड का जल्द से जल्द खुलासा किया जाए और घटना में शामिल सभी अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए। एसपी ने कहा कि इस तरह की घटनाओं में पुलिस की जीरो टॉलरेंस नीति है। पुलिस अधीक्षक ने मृतक के परिजनों से बातचीत की और उन्हें सांत्वना दी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पुलिस इस मामले में निष्पक्ष और त्वरित कार्रवाई करेगी। दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। परिजनों ने भी पुलिस अधीक्षक के सामने अपनी बात रखी।फिलहाल पुलिस हत्या के पीछे के कारणों का पता लगाने में जुटी है। पुरानी रंजिश, आपसी विवाद समेत सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है। फॉरेंसिक टीम भी साक्ष्य जुटाने में लगी है। एसपी ने कहा कि जल्द ही मामले का पदार्फाश कर लिया जाएगा। मौके पर नबीनगर थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय, एस आई राजू कुमार सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।



# पटना के जेठूली हत्याकांड में 50 हजार का इनामी मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। नदी थाना क्षेत्र के चर्चित और रोंगटे खड़े कर देने वाले जेठूली हत्याकांड में फरार चल रहे 50,000 रुपये के इनामी अपराधी पप्पू राय को पुलिस ने बेऊर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है। करीब तीन साल से पुलिस की आंखों में धूल झोंक रहे इस शातिर अपराधी की गिरफ्तारी को पुलिस प्रशासन के लिए एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। ग्रामीण एसपी कुन्दन कुमार ने गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि पप्पू राय बेऊर थाना क्षेत्र में किसी गुप्त ठिकाने पर छिपा हुआ है। सूचना के आधार पर पुलिस की एक विशेष टीम ने योजनाबद्ध तरीके से इलाके की घेराबंदी की और छापेमारी कर उसे दबोच लिया। एसपी के अनुसार, पप्पू राय हत्याकांड के बाद से ही लगातार फरार चल रहा था और अपनी पहचान छिपाकर अलग-अलग ठिकानों पर शरण ले रहा था। उल्लेखनीय है कि 19 फरवरी 2023 को नदी थाना के जेठूली गांव में पार्किंग को लेकर हुए मामूली विवाद ने भीषण हिंसक रूप ले लिया था। इस दौरान हुई गोलीबारी और हिंसा में कई लोगों की जान चली गई थी और करोड़ों की संपत्ति आग के हवाले कर दी गई थी। इस मामले ने पूरे राज्य को झकझोर कर रख दिया था। घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अब तक 21 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जबकि पप्पू राय जैसे मुख्य आरोपी पुलिस के लिए चुनौती बने हुए थे। पुलिस ने बताया कि अभियुक्त की गिरफ्तारी के बाद उससे गहन पूछताछ की जा रही है ताकि गिरोह के अन्य सदस्यों और फरारी के दौरान उसे संरक्षण देने वालों का पता लगाया जा सके। ग्रामीण एसपी ने स्पष्ट किया कि मामले में संलिप्त अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए भी छापेमारी जारी है। पप्पू राय को विधिवत कार्रवाई के बाद न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। इस कार्रवाई से पीड़ित परिवारों ने न्याय की उम्मीद जताते हुए राहत की सांस ली है।



# पटना के रुद्र गेस्ट हाउस में युवक की संदिग्ध मौत

## परिजनों ने महिला मित्र पर लगाया हत्या का आरोप

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ के जीरो माइल बस स्टैंड स्थित रुद्र गेस्ट हाउस में मंगलवार को जहानाबाद के एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान शकुराबाद (जहानाबाद) निवासी संतोष कुमार शर्मा (30 वर्ष) के रूप में हुई है। घटना के समय वह अपनी महिला मित्र चंचल कुमारी उर्फ रिया के साथ होटल के कमरे में ठहरा हुआ था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और महिला मित्र को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। रामकृष्ण नगर थानाध्यक्ष राजीव कुमार के अनुसार, हिरासत में ली गई महिला मित्र ने पुलिस को बताया कि वह सो रही थी और उसे इस बात की जानकारी नहीं हुई कि संतोष ने कब पंखे से चादर का फंदा लगाकर जान दे दी। जब उसकी नींद खुली, तब तक संतोष की मौत हो चुकी थी। दूसरी ओर, सूचना पाकर पहुंचे मृतक के परिजनों ने इस दावे को सिरे से खारिज कर दिया है। परिजनों का आरोप है कि यह आत्महत्या नहीं बल्कि सोची-समझी साजिश के तहत की गई हत्या है। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने एफएसएल (FSL) टीम को बुलाकर वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाए हैं। छानबीन के दौरान कमरे से कुछ संदिग्ध दवाएं भी बरामद हुई हैं, जिससे मामला और उलझ गया है। हालांकि, पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जांच में मृतक के शरीर पर चोट या संघर्ष के कोई बाहरी निशान नहीं मिले हैं। पटना सदर डीएसपी-2 रंजन कुमार ने बताया कि संतोष अक्सर इस गेस्ट हाउस में आता रहता था। इस बार वह पटना की रहने वाली और वर्तमान में कोलकाता में रह रही अपनी महिला मित्र के साथ ठहरा था। डीएसपी ने कहा, "परिजनों के आरोपों और महिला मित्र के बयान की गहनता से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असली वजह साफ हो पाएगी।" फिलहाल पुलिस होटल के सीसीटीवी फुटेज और बरामद दवाओं के सुरागों को खंगाल रही है।




# पुलिस की सख्ती के बावजूद नहीं थम रहा अवैध बालू खेल, ईचागढ़ में हाइवा जब्त, चालक फरार

**दैनिक समाज जागरण, संवाददाता**

ईचागढ़ः एक ओर प्रशासन अवैध बालू खनन पर लगातार नकेल कसने की कोशिश कर रहा है, वहीं दूसरी ओर बालू माफिया नए-नए तरीके अपनाकर नियमों को धता बता रहे हैं। इसी कड़ी में मंगलवार सुबह ईचागढ़ थाना क्षेत्र के मिलन चौक-सालुकडीह मार्ग पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बालू लदा एक हाइवा जब्त किया।

पुलिस गश्ती दल ने सुबह करीब 7 बजे वाहन को रोककर जब जांच की, तो चालक वैध कागजात दिखाने में असमर्थ रहा। स्थिति बिगड़ता देख चालक मौके से फरार हो गया, जिससे अवैध परिवहन की पुष्टि और मजबूत हो गई।






थाना प्रभारी बजरंग महतो ने बताया कि जब्त हाइवा को थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है और आगे की विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। साथ ही संबंधित अधिकारियों को भी सूचना दे दी गई है।

उन्होंने कहा कि अवैध बालू के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है, बावजूद इसके माफिया चोरी-छिपे परिवहन करने से बाज नहीं आ रहे हैं। कई बालू घाटों को ट्रेंच काटकर अवरुद्ध किया गया है, लेकिन इसके बावजूद अवैध धंधा पूरी तरह थम नहीं रहा है।

पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और किसी भी सूरत में इस तरह के कार्य को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# केंद्र सरकार ने किसानों को दी बड़ी राहत, कर्नाटक में सूरजमुखी और महाराष्ट्र में चना खरीद को मंजूरी

नई दिल्ली। किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य दिलाने एवं बाजार में मजबूरी में फसल बेचने की स्थिति से बचाने के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कर्नाटक में रबी 2026 सीजन के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर 9,023 मीट्रिक टन सूरजमुखी खरीद को मंजूरी प्रदान की है। वहीं महाराष्ट्र में रबी 2025-26 सीजन के दौरान चना खरीद की अधिकतम सीमा बढ़ाकर 8,19,882 मीट्रिक टन कर दी गई है।

इन दोनों निर्णयों के माध्यम से किसानों को 4,886.46 करोड़ रुपये से अधिक की एमएसपी सुरक्षा उपलब्ध होगी।

कर्नाटक सरकार के प्रस्ताव को स्वीकृति देते हुए केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस) के अंतर्गत सूरजमुखी खरीद को मंजूरी दी है। इस खरीद का कुल एमएसपी मूल्य 69.66 करोड़ रुपये से अधिक होगा। इससे राज्य के सूरजमुखी उत्पादक किसानों को उनकी उपज का उचित एवं लाभकारी मूल्य प्राप्त हो सकेगा।

# विधान परिषद स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्याशी एडवोकेट प्रमेन्द्र सिंह भाटी का गांव सदरपुर में स्वागत

## स्नातक वोटर अभियान तेज करने पर दिया जोर, कैंप लगाने की घोषणा

**समाज जागरण/ संदीप गर्ग**

नोएडा, 05 मई 2026: विधान परिषद स्नातक मेरठ-सहारनपुर खंड निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्याशी एवं पूर्व अध्यक्ष बार एसोसिएशन गौतमबुद्धनगर एडवोकेट प्रमेन्द्र सिंह भाटी गांव सदरपुर, सेक्टर-45 पहुंचे। यहां समाजवादी पार्टी नोएडा विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष ठा0 बबलू चौहान के निवास एवं कैंप कार्यालय पर उनका भव्य स्वागत किया गया।

गांव पहुंचने पर ठा0 बबलू चौहान सहित ग्रामीणों ने एडवोकेट प्रमेन्द्र सिंह भाटी का फूल-मालाओं एवं



पटका पहनाकर तथा बुके भेंट कर स्वागत किया।

स्नातक वोटर अभियान पर जोर

इस अवसर पर श्री भाटी ने कहा कि आगामी विधान परिषद स्नातक मेरठझ्सहारनपुर खंड निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव के लिए सभी स्नातक मतदाताओं को अपने वोट अवश्य बनवाने चाहिए। उन्होंने कहा कि अभी भी बड़ी संख्या में स्नातक मतदाता वोट बनवाने से वंचित हैं, जिन्हें शीघ्र जोड़ने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते अधिक से अधिक स्नातक वोट बनवा लिए जाएंगे तो चुनाव के समय मतदान प्रक्रिया में आसानी होगी।

**कैंप लगाने की घोषणा**

श्री भाटी ने नोएडा विधानसभा क्षेत्र में स्नातक वोट बनवाने के लिए कैंप आयोजित करने पर भी विचार-विमर्श किया और घोषणा की कि समाजवादी पार्टी संगठन के सहयोग से शीघ्र ही विभिन्न क्षेत्रों में वोटर रजिस्ट्रेशन कैंप लगाए जाएंगे।

**सरकार पर साधा निशाना**

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में आम जनमानस, मजदूर, किसान, नौजवान और स्नातक बेरोजगारी व महंगाई से परेशान हैं। जनता बदलाव चाहती है और आगामी चुनाव में समाजवादी पार्टी को मजबूत समर्थन मिलेगा। उन्होंने दावा किया कि विधान परिषद चुनाव में समाजवादी पार्टी सभी सीटों पर विजय प्राप्त करेगी तथा आगामी विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में पीडीए सरकार बनेगी। इस मौके पर समाजवादी पार्टी नोएडा विधानसभा अध्यक्ष ठा0 बबलू चौहान, प्रदेश सचिव चौधरी जयकरण सिंह, पूर्व महासचिव एवं प्रवक्ता राघवेंद्र दुबे, विनोद चौहान, राजेंद्र चौहान, चमन चौहान, सुखपाल चौहान (मुंशीजी), जयप्रकाश सिंह, वीर सेन, कुणाल, वीरेंद्र चौहान, एडवोकेट निखिल चौहान, हरेंद्र चौहान, शिवम चौहान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भारतीय जनता पार्टी नोएडा महानगर की जिला कार्यसमिति बैठक सम्पन्न

## जिला प्रशिक्षण वर्ग को लेकर रणनीति पर हुआ मंथन




**समाज जागरण / संदीप गर्ग**

नोएडा, 05 मई 2026: भारतीय जनता पार्टी नोएडा महानगर द्वारा जिला कार्यालय सेक्टर-116 में जिला अध्यक्ष श्री महेश चौहान के नेतृत्व में जिला प्रशिक्षण वर्ग के निमित्त जिला कार्यसमिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

**मुख्य अतिथियों की उपस्थिति में बैठक सम्पन्न**

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष किसान मोर्चा श्री राजा वर्मा तथा विशिष्ट अतिथियों के रूप में भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री गोपाल कृष्ण अग्रवाल, पूर्व महिला आयोग अध्यक्ष श्रीमती बिमला बॉथम एवं पूर्व महिला आयोग उपाध्यक्ष श्रीमती सुषमा सिंह उपस्थित रहीं।

**प्रशिक्षण वर्ग को बताया संगठन की रीढ़**

मुख्य अतिथि श्री राजा वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि प्रशिक्षण वर्ग प्रत्येक कार्यकर्ता के सर्वांगीण विकास की कुंजी है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को संगठन की अपेक्षाओं के अनुरूप स्वयं को तैयार करना चाहिए, जिससे संगठन और अधिक मजबूत बन सके।

**कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़: महेश चौहान**

जिला अध्यक्ष श्री महेश चौहान ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ होते हैं। प्रशिक्षित कार्यकर्ता ही सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से जनता तक पहुंचाते हैं और संगठन की वास्तविक ताकत बनते हैं।

**23-24 मई को होगा जिला प्रशिक्षण वर्ग**

बैठक में जानकारी दी गई कि आगामी 23 एवं 24 मई को अग्रसेन भवन, नोएडा में जिला प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ता भाग लेंगे।

**बड़ी संख्या में पदाधिकारी रहे उपस्थित**

बैठक में पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा, मनोज गुप्ता, वी.एस. चौहान, एन.पी. सिंह, चंदगीराम यादव, अमित त्यागी, ओमवीर अवाना, महेश अवाना, संजय बाली, विनोद शर्मा, डिंपल आनंद, अशोक मिश्रा, सुचित्रा कक्कड़, शारदा चतुर्वेदी सहित बड़ी संख्या में प्रदेश, क्षेत्र एवं जिला स्तर के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें।
न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रुपये रोज मे।

# नौएडा प्राधिकरण में जनस्वास्थ्य कार्यों को लेकर बैठक सम्पन्न

## स्वच्छ सर्वेक्षण के दृष्टिगत सफाई व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के निर्देश

**समाज जागरण/ संदीप गर्ग**

नोएडा, 05 मई 2026: नोएडा प्राधिकरण की अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्रीमती वंदना त्रिपाठी द्वारा जनस्वास्थ्य से संबंधित कार्यों को लेकर प्राधिकरण में कार्यरत विभिन्न संविदाकारों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में संविदाकारों के अतिरिक्त नोएडा प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक श्री कपिल सिंह, श्री प्रवीण सलोनिया, श्री राजकमल सिंह तथा प्रबंधक श्री अरुण कुमार उपस्थित रहे।

**स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर दिए सख्त निर्देश**

अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने स्वच्छ सर्वेक्षण के दृष्टिगत नोएडा में जनस्वास्थ्य संबंधी कार्यों को उच्च गुणवत्ता के साथ संपादित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी संविदाकारों को सफाई व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देने को कहा।

**नालियों की सफाई पर विशेष जोर**

महोदया ने निर्देश दिए कि नोएडा के सभी ग्रामों एवं सेक्टरों में वर्षा ऋतु से पूर्व नालियों की सफाई का अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि नालियों के किनारे उगी घास एवं झाड़ियों को भी अनिवार्य रूप से हटाया जाए, ताकि जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो।

**नियमित सफाई और के.सी. ड्रेन की व्यवस्था**

उन्होंने निर्देश दिए कि सभी सड़कों एवं सार्वजनिक स्थलों पर प्रतिदिन नियमित झाड़ू लगाई जाए। साथ ही के.सी. ड्रेन में जमा कूड़ा एवं मलबा हटाने के लिए विशेष अभियान चलाकर नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए।

**निरीक्षण और अनुशासन पर जोर**

अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने सभी संविदाकारों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में स्वयं नियमित निरीक्षण करें। साथ ही सफाई कार्य में लगे कर्मचारियों को वर्दी पहनकर ही कार्य करने के निर्देश दिए गए। समाज जागरण ब्यूरो गौतमबुद्धनगर

# टीएमयू में सीए डॉ. अभिनव अग्रवाल ने स्टुडेंट्स को दिए एंटरप्रेन्योरशिप के टिप्स

*तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूशन इन्नोवेशन काउंसिल-आईआईसी की ओर से एंटरप्रेन्योरशिप डवलपमेंट थ्रू क्रेडिट अवेयरनेस एंड फाइनेंशियल प्लानिंग पर अवेयरनेस प्रोग्राम*




सीनियर सीए डॉ. अभिनव अग्रवाल ने कहा, एंटरप्रेन्योरशिप की शुरूआत सही सोर्स ऑफ मनी से होती है, जिसमें परिवार की बचत- मार्जिन मनी का महत्वपूर्ण योगदान होता है। उन्होंने बचत और निवेश के अंतर को समझाते हुए कहा, बचत को एफडी और म्यूचुअल फंड सरीखे विकल्पों में निवेश करके बेहतर रिटर्न प्राप्त किया जा सकता है। क्रेडिट और लीवरेज की अवधारणा को सरल भाषा में समझाते हुए बोले, सही तरीके से लिया गया ऋण व्यवसाय की वृद्धि को तेज कर सकता है। साथ ही उन्होंने ऋण स्वीकृति और वित्तीय विश्वसनीयता के लिए जरूरी आवश्यक दस्तावेज जैसे आधार, पैन और आयकर रिटर्न और फाइलिंग की महत्ता भी बताई। अच्छा क्रेडिट स्कोर भविष्य में आसान ऋण और कम ब्याज दर दिलाने में मदद करता है। डॉ. अग्रवाल तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के इंस्टीट्यूशन इन्नोवेशन काउंसिल-आईआईसी की ओर से एंटरप्रेन्योरशिप डवलपमेंट थ्रू क्रेडिट अवेयरनेस एंड फाइनेंशियल प्लानिंग पर जागरूकता कार्यक्रम में बतौर एक्सपर्ट बोल रहे थे। इससे पूर्व सीए डॉ. अभिनव अग्रवाल ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शंखनाद किया। मुख्य वक्ता सीए डॉ.अभिनव अग्रवाल को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। सीए डॉ. अभिनव अग्रवाल ने क्रेडिट कार्ड के फीचर्स, उपयोग, बिलिंग अनुशासन, क्रेडिट स्कोर और क्रेडिट रिपोर्ट के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने डिजिटल लेंडिंग एवम् सुरक्षित लेनदेन पर जागरूक करते हुए आरबीआई के दिशा-निर्देश, फर्जी लोन ऐप्स की पहचान और साइबर धोखाधड़ी से बचाव के उपाय बताए। साथ ही स्टुडेंट्स को सलाह दी, वे अपनी व्यक्तिगत जानकारी सुरक्षित रखें और किसी भी प्लेटफॉर्म की सत्यता अवश्य जांचें। कार्यक्रम में उपभोक्ता अधिकार एवं शिकायत निवारण प्रणाली पर भी चर्चा करते हुए आरबीआई ओम्बड्समैन व्यवस्था और फेयर प्रैक्टिस कोड को समझाया गया।

# पटवध पेयजल योजना का डीएम ने किया औचक निरीक्षण, लापरवाही पर सख्त चेतावनी

**समाज जागरण/ विजय कुमार अग्रहरी**

सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने मंगलवार को पटवध पेयजल समूह योजना का औचक निरीक्षण कर पेयजल आपूर्ति व्यवस्था की जमीनी हकीकत परखी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए स्पष्ट कहा कि जनपद में पेयजल आपूर्ति से जुड़ी किसी भी प्रकार की लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता, जल निगम एवं अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) को निर्देशित करते हुए कहा कि वे प्रतिदिन कम से कम 25 ग्रामों का भ्रमण कर पेयजल आपूर्ति की वास्तविक स्थिति का स्थलीय सत्यापन करें और इसकी दैनिक रिपोर्ट अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि निरीक्षण केवल औपचारिकता न रहे, बल्कि वास्तविक स्थिति का आंकलन कर समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। डीएम ने निर्देश दिया कि योजना के अंतर्गत प्रतिदिन 40 से 45 एमएलडी जलापूर्ति हर हाल में सुनिश्चित की जाए और इसकी नियमित मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने कहा कि पटवध पेयजल समूह योजना से जुड़े सभी गांवों में निर्बाध पेयजल आपूर्ति कराना शासन की प्राथमिकता है, इसलिए इसमें किसी भी स्तर पर शिथिलता अत्यंत गंभीर मानी जाएगी। उन्होंने संबंधित



कार्यदायी संस्था के डीसीएम/जीएम को निर्देशित किया कि वे प्रतिदिन मौके पर उपस्थित रहकर जलापूर्ति व्यवस्था की समीक्षा करें और जमीनी स्तर पर व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाएं। साथ ही पाइपलाइन, पंपिंग और वितरण प्रणाली में किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या होने पर तत्काल समाधान सुनिश्चित करने को कहा। जिलाधिकारी ने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि यदि निरीक्षण या मॉनिटरिंग के दौरान किसी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता पाई जाती है, तो संबंधित अधिकारियों एवं एजेंसी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी और इसकी सूचना शासन को भेजी जाएगी। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) रोहित यादव, अधिशासी अभियंता जल निगम, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी संतपाल वर्मा, अपर जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी जय सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# एटीएम कार्ड बदलकर ठगी करने वाले दो शातिर आरोपी गिरफ्तार

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद, 05 मई 2026: थाना जसराना पुलिस ने एटीएम कार्ड बदलकर ठगी करने वाले गैंग का खुलासा करते हुए गैंगस्टर सहित दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की एक बाइक, विभिन्न बैंकों के 32 एटीएम कार्ड, ठगी के 10 हजार रुपये तथा एक अवैध असलहा बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार नगला सामंती निवासी धर्मेंद्र सिंह पुत्र रामप्रकाश ने 24 फरवरी को थाना जसराना में शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़ित के मुताबिक वह मां कामाख्या धाम के पास स्थित एक एटीएम पर बैलेंस चेक करने गया था, जहां मौजूद दो युवकों ने उसका पिन देख लिया और चालाकी से उसका एटीएम कार्ड बदल लिया। इसके बाद जब वह दूसरे एटीएम पर बैलेंस चेक करने पहुंचा तो उसके पास किसी अन्य व्यक्ति के नाम का कार्ड निकला। पासबुक अपडेट कराने पर खाते से छह बार में 50 हजार रुपये से अधिक की निकासी सामने आई। इसके बाद उसने तत्काल अपना खाता होल्ड कराया। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने अमन खान पुत्र शब्बीर खान निवासी थाना खंदौली, जिला आगरा तथा प्रेम पुत्र जयपाल सिंह निवासी थाना मटसेना को चिन्हित किया। सोमवार को पुलिस ने बाईपास मार्ग से दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने संप्रेक्षण गृह व जिला कारागार का किया निरीक्षण

## व्यवस्थाएं संतोषजनक, सुधार एवं निगरानी के दिए निर्देश



**समाज जागरण**

फिरोजाबाद, 05 मई 2026: उच्च न्यायालय के निदेर्शों के क्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फिरोजाबाद की सचिव सुश्री योगेश शिवा ने मंगलवार को राजकीय संप्रेक्षण गृह (बालक), आगरा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संस्थान की आवासीय व्यवस्था, स्वच्छता, सुरक्षा तंत्र, अभिलेख संधारण एवं किशोरों की दैनिक दिनचर्या का गहन परीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान सचिव ने किशोरों से संवाद स्थापित कर उनके व्यवहार, स्वास्थ्य एवं मानसिक स्थिति का भी अवलोकन किया, जो सामान्य एवं संतोषजनक पाया गया। उन्होंने संस्थान प्रशासन को व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ करने, नियमित निरीक्षण एवं प्रभावी निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए।

**जिला कारागार का भी किया निरीक्षण**

इसी क्रम में जिला कारागार, फिरोजाबाद का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान बंदियों की आवासीय व्यवस्था, स्वच्छता, भोजन, चिकित्सा सुविधाएं, सुरक्षा प्रबंध एवं दैनिक दिनचर्या का विस्तृत परीक्षण किया गया।

निरीक्षण में कारागार की व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। बंदियों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सकीय सुविधाओं की उपलब्धता का भी जायजा लिया गया। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि स्वच्छता एवं अनुशासन बनाए रखते हुए व्यवस्थाओं में निरंतर सुधार सुनिश्चित किया जाए।

**राष्ट्रीय लोक अदालत में भाग लेने की अपील**

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जानकारी दी गई कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 09 मई 2026 (शनिवार) को आयोजित की जाएगी। जनसामान्य से अपील की गई है कि वे अपने वादों के त्वरित, सुलहपूर्ण एवं कम खर्च में निस्तारण के लिए लोक अदालत का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फिरोजाबाद न्याय को सरल, सुलभ एवं प्रभावी बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है तथा समाज के प्रत्येक वर्ग तक विधिक सहायता पहुंचाने हेतु सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। समाज जागरण ब्यूरो फिरोजाबाद

# परमपिता परमेश्वर से संबंध कैसे बनाएं? विषय पर ऑनलाइन गोष्ठी सम्पन्न

## सुमिरन, समर्पण, नरसेवा और कृतज्ञता से बनता है प्रभु से संबंध : विमलेश बंसल

**समाज जागरण/**

गाजियाबाद, 05 मई 2026: केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में "परमपिता परमात्मा से संबंध कैसे बनाएं?" विषय पर एक ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कोरोना काल से अब तक का 779वां वेबीनार था।

**प्रभु से जुड़ने के सरल मार्ग बताए गए**

वैदिक विदुषी विमलेश बंसल दर्शनाचार्या ने अपने उद्बोधन में कहा कि परम अदृश्य सत्ता से जुड़ने के लिए किसी धार्मिक स्थल की बाध्यता नहीं है, यह पूर्णतः मन और भाव का संबंध है।

उन्होंने प्रभु से जुड़ने के सरल मार्ग बताते हुए कहा–




सुमिरनः निरंतर प्रभु का स्मरण करना

समर्पणः सुख-दुख को ईश्वर की इच्छा मानकर स्वीकार करना

सेवाः नर में नारायण का भाव रखकर सेवा करना

मौनः आत्मचिंतन द्वारा भीतर की शांति को महसूस करना

शुक्रानाः जीवन की हर छोटी-बड़ी कृपा के लिए कृतज्ञता व्यक्त करना

उन्होंने कहा कि अहम को त्यागकर प्रेम, सेवा और कृतज्ञता का भाव रखने से प्रभु से संबंध स्वतः स्थापित हो जाता है।

**अतिथियों ने भी रखे विचार**

मुख्य अतिथि डॉ. कल्पना रस्तोगी एवं अध्यक्ष कुसुम भंडारी ने भी अपने विचार व्यक्त किए और आध्यात्मिक संदेश को जीवन में अपनाने पर बल दिया। कार्यक्रम का कुशल संचालन राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने किया, जबकि प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण आर्य ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

**भजन संध्या ने बांधा समां**

कार्यक्रम में गायिका कौशल्या अरोड़ा, जनक अरोड़ा, पिंकी आर्या, कमला हंस, संतोष धर, सुधीर बंसल आदि द्वारा मधुर भजनों की प्रस्तुति दी गई, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। समाज जागरण ब्यूरो गाजियाबाद

# मरणासन्न हालत में छोड़कर फरार हुए तीन आरोपी गिरफ्तार

## चाकू व लाठी-डंडों से हमला कर दो यु वकों को किया था गंभीर घायल

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद, 05 मई 2026 : थाना रसूलपुर पुलिस ने मारपीट कर दो युवकों को मरणासन्न अवस्था में छोड़कर फरार हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने तीनों अभियुक्तों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार आगा साहब मस्जिद निवासी शकील पुत्र नजीर ने कुछ दिन पूर्व थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। शिकायत में बताया गया कि नईम पुत्र जमील, शाहरूख पुत्र जमील (दोनों निवासी आगा साहब मस्जिद के पास) तथा शोएब पुत्र मोहम्मद कय्यूम निवासी मेवाती मोहल्ला, पुरानी तहसील, थाना अकबरपुर (जिला कानपुर देहात) ने उसके पुत्र समीर और मोरिस के साथ गाली-गलौज की।




विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों और चाकू से हमला कर दोनों युवकों को गंभीर रूप से घायल कर दिया और उन्हें मरणासन्न हालत में छोड़कर मौके से फरार हो गए थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई थी। मंगलवार को थाना रसूलपुर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को आगा साहब मस्जिद के पास से गिरफ्तार कर लिया।

थाना प्रभारी प्रदीप कुमार ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया गया था। तीनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है और मामले में आगे की कार्रवाई जारी है। समाज जागरण ब्यूरो फिरोजाबाद

दैनिक समाज जागरण नेशनल अखबार मे विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें।

# शिक्षामित्र सम्मान समारोह का लाइव प्रसारण देख खुश हुए शिक्षामित्र

**मानदेय बढ़ाकर 10 हजार से 18 हजार किए जाने पर जताया आभार**

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद, 05 मई 2026: पालीवाल हॉल में आयोजित कार्यक्रम में जनपद के शिक्षामित्रों ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मानदेय वृद्धि के उपलक्ष्य में आयोजित सम्मान समारोह का लाइव प्रसारण देखा। इस दौरान शिक्षामित्रों में खासा उत्साह देखने को मिला और उन्होंने सरकार के फैसले पर खुशी जाहिर की। कार्यक्रम में आयुक्त आगरा मंडल नागेंद्र प्रताप, सदर विधायक मनीष असीजा, मेयर कामिनी राठौर, मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष पांडे समेत अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने शिक्षामित्रों का उत्सहवर्धन करते हुए उनके योगदान की सराहना की।

समारोह में जनपद के 586 शिक्षामित्र शामिल हुए, जिनमें से 20 शिक्षामित्रों को प्रतीकात्मक रूप से मानदेय के चेक वितरित किए गए। चेक प्राप्त करने वालों में श्याम सिंह, चंद्रकला सिंगर, प्रमोद कुमार, सरोज राजपूत, गीतांजलि, मुरारी लाल शर्मा, रूबी यादव और पूनम प्रमुख रहे। इस अवसर पर यह जानकारी दी गई कि राज्य सरकार ने शिक्षामित्रों का मानदेय ₹10,000 से बढ़ाकर ₹18,000 प्रतिमाह कर दिया है, जिससे उनके आर्थिक स्तर में सुधार होगा और परिवारों को मजबूती मिलेगी।

सदर विधायक मनीष असीजा ने शिक्षामित्रों को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी मेहनत और निष्ठा का सम्मान करना सरकार की प्राथमिकता है और हर परिस्थिति में सरकार उनके साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए कार्य किया जा रहा है और यह निर्णय उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

कार्यक्रम के दौरान शिक्षामित्रों ने एक स्वर में मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में अपने योगदान को और मजबूत करने का संकल्प भी दोहराया।

इस मौके पर उप जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय, फिरोजाबाद एवं अरांव सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# स्मार्ट सिटी की पोल खुली, एक घंटे की बारिश में डूबा फिरोजाबाद

## जलभराव से सड़कें बनीं तालाब, लोगों को उठानी पड़ी भारी परेशानी

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद, 05 मई 2026: स्मार्ट सिटी का दावा करने वाले नगर निगम की व्यवस्थाओं की हकीकत उस समय सामने आ गई, जब महज एक घंटे की बारिश में पूरा शहर जलमग्न हो गया। शहर के अधिकांश क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति बन गई, जिससे आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बारिश के बाद हालात यह रहे कि शहर की लगभग हर सड़क पर पानी भर गया और कई इलाके टापू जैसे नजर आने लगे। लोगों का आरोप है कि स्मार्ट सिटी के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं और भारी भरकम टैक्स भी वसूला जा रहा है, लेकिन जमीनी स्तर पर व्यवस्थाएं पूरी तरह फेल साबित हो रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते नालों और नालियों की समुचित सफाई कराई गई होती तो इस तरह की स्थिति उत्पन्न नहीं होती। जलभराव के कारण स्कूली बच्चों को पानी से होकर गुजरना पड़ा, वहीं कई लोग सड़कों पर बने गड्ढों में गिरकर घायल भी हो गए। चंद्रवार गेट और परमेश्वर गेट के पुल पर पानी भर जाने से शहर दो हिस्सों में बंट गया, जिससे आवागमन पूरी तरह प्रभावित रहा। लोगों को लंबा इंतजार करना पड़ा और वैकल्पिक मार्ग तलाशने पड़े।

वहीं जिला अस्पताल की स्थिति भी बदहाल नजर आई। अस्पताल परिसर में पानी भर जाने से मरीजों और तीमारदारों को दवाएं लेने के लिए पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ा। जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण अस्पताल में भी अव्यवस्था का माहौल बना रहा।

शहरवासियों का कहना है कि नगर निगम की लापरवाही के चलते हर वर्ष बारिश में यही स्थिति बनती है, लेकिन स्थायी समाधान के लिए अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

# पशु भी चाहते हैं आजादी और प्रेमपूर्ण व्यवहार





दरअसल, देश भर में जंगलों की तेजी से कटाई के कारण वन्य पशुओं का आशियाना दिनोंदिन उजड़ता जा रहा है। आज विश्व की कुल जनसंख्या 08 अरब (08 अरब साढ़े 17 करोड़) से भी अधिक हो चुकी है और प्रत्येक वर्ष इससे दो गुना से भी ज्यादा लगभग 18 अरब तक वृक्षों की कटाई हो रही है। बढ़ती जनसंख्या और घटती वन-संपदा ने जिन कुछ प्रमुख समस्याओं को जन्म दिया या बढ़ाया है, उनमें सर्वाधिक चिंतनीय और घातक समस्या वन्य पशुओं का लगातार बढ़ता हुआ आतंक है। उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती जिले बहराइच का प्रकरण सामने है, जहां मार्च 2024 में शुरू हुए भेड़ियों के खूनी हमलों के सर्वाधिक शिकार इलाके के छोटे-छोटे बच्चे हुए। इन हमलों में अब तक लगभग 10 बच्चों समेत कम-से-कम एक दर्जन लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 40 से अधिक लोग घायल हुए हैं। दुर्भाग्य से घायलों में भी अधिकतर बच्चे ही हैं। वैसे देखा जाए तो भेड़िए ही नहीं, बल्कि हाथी, शेर, सियार, तेंदुआ, चीता, भेड़िया, भालू और बाघ जैसे बेहद खूंखार और भयावह वन्य पशुओं का मानव बस्तियों में अतिक्रमण और उनके द्वारा मनुष्यों, विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं पर हमले किए जाने की घटनाएं दिनोंदिन बढ़ती ही जा रही हैं। गौरतलब है कि महाराष्ट्र में बाघों, भालुओं, तेंदुओं और जंगली हाथियों, मध्य प्रदेश में सियारों एवं पूर्वोत्तर भारत के राज्यों में जंगली हाथियों के हमले मनुष्यों कोई नई बात नहीं है। निर्विवाद रूप से ये घटनाएं अत्यंत दुरूखद और भयावह हैं। इसलिए लोगों का आक्रोशित होना उचित है, लेकिन प्रश्न है कि आखिर जंगल में आजाद विचरण करने, छोटे वन्य पशुओं का शिकार कर अपना तथा परिवार का भरण-पोषण करने और सामान्यतः अपने परिवार के साथ जीवन यापन करने वाले ये भेड़िए इतने खूंखार क्यों हो गए कि हमारे छोटे-छोटे मासूम बच्चों को मारकर खाने लगे। दरअसल, देश भर में जंगलों की तेजी से कटाई के कारण वन्य पशुओं का आशियाना दिनोंदिन उजड़ता जा रहा है। आज विश्व की कुल जनसंख्या 08 अरब (08 अरब साढ़े 17 करोड़) से भी अधिक हो चुकी है और प्रत्येक वर्ष इससे दो गुना से भी ज्यादा लगभग 18 अरब तक वृक्षों की कटाई हो रही है। पेड़ों की इस अंधाधुंध कटाई की भरपाई किए जाने का एक ही तरीका हो सकता है और वह है तीव्र गति से नए पौधों का रोपण और उनकी देखभाल करना यानी जितने पेड़ प्रत्येक वर्ष काटे जा रहे हैं, कम-से-कम उतने पौधे भी दुनिया भर में लगाए जाएं। हालांकि उन पौधों के पेड़ बनने में कई वर्ष लग जाते हैं। इसलिए वास्तव में पौधरोपण की जो वर्तमान दर और गति है, उससे लगातार नष्ट किए जा रहे जंगलों के एवज में नए जंगल उगा पाना संभव नहीं है। तात्पर्य यह कि पौधरोपण वन्य पशुओं के प्राकृतिक रहवास और पर्यावरण दोनों को बचाने का सर्वश्रेष्ठ विकल्प तो अवश्य है, किंतु इस कार्य में पूर्ण रूप से सफलता प्राप्त करने के लिए पौधरोपण की गति को हमें इस हद तक बढ़ाना होगा कि जितने वृक्ष प्रत्येक वर्ष दुनिया भर में काटे जाते हैं, कम-से-कम उससे डेढ़ गुना तक पौधे तो अवश्य ही लगाए जाएं, जबकि प्रत्येक वर्ष 18 अरब काटे जाने वाले वृक्षों की तुलना में आज दुनिया भर में मात्र पांच अरब पौधे ही लगाए जा रहे हैं। जाहिर है कि इस प्रकार पेड़ों की अंधाधुंध कटाई की भरपाई संभव नहीं होगी। यह विडंबना ही है कि भारत में भी वृक्षों की अंधाधुंध कटाई जारी है। लोकसभा में एक सवाल के जवाब में केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने 21 मार्च 2022 को बताया था कि वर्ष 2020-21 के दौरान भारत में सार्वजनिक बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के निर्माण और विकास के लिए लगभग 31 लाख पेड़ काट दिए गए। वन (संरक्षण) अधिनियम के अंतर्गत काटे गए पेड़ों के बदले में प्रतिपूरक वनीकरण की योजना चलाकर मोदी सरकार ने 359 करोड़ रुपये की लागत से 3.6 करोड़ से अधिक पौधे लगाए, जो नाकाफी प्रतीत होते हैं, क्योंकि फिलहाल इससे संबंधित कोई आंकड़ा उपलब्ध नहीं है कि उनमें से कितने पौधे बचाए गए और कितने नष्ट होने के लिए छोड़ दिए गए। बहरहाल, वनों की अंधाधुंध कटाई के कारण दिनोंदिन वन्य पशुओं का प्राकृतिक रहवास सिकुड़ता जा रहा है, इससे इनके लिए भोजन-पानी की बहुत बड़ी समस्या पैदा हो गई है। इसीलिए वन्य पशु भोजन-पानी की तलाश में मानव बस्तियों की ओर पलायन करने के लिए मजबूर हुए हैं। वैसे भेड़ियों की बात करें तो ये स्वभाव से खूंखार तो होते हैं, परंतु सारे भेड़िए आदमखोर नहीं होते। हालांकि प्रतिशोध लेने में ये अत्यंत माहिर होते हैं। इसलिए यदि इनको या इनके परिवार के सदस्यों को क्षति पहुंचाने का प्रयास किया जाए तो ये कतई सहन नहीं करते और अपने शत्रुओं से चुन-चुनकर बदला लेते हैं। ऐसे कुछ उदाहरण दुनिया में मौजूद हैं, जिनमें भेड़ियों अथवा उनके बच्चों को मनुष्यों के द्वारा क्षति पहुंचाए जाने के बाद ये खूंखार हो गए और जब तक अपना बदला पूरा नहीं कर लिया, तब तक इनकी आक्रामकता कम नहीं हुई। आज से लगभग 25 वर्ष पूर्व ऐसी ही एक घटना उत्तर प्रदेश के जौनपुर और प्रतापगढ़ जिलों में सई नदी के कछार पर घटी थी, जिसमें भेड़ियों के हमलों में इलाके के 50 से भी अधिक मासूम बच्चों की मौत हो गई थी। उस समय पड़ताल करने पर यह पता चला था कि कुछ इंसानी बच्चों ने भेड़ियों की एक मांद में घुसकर उनके दो बच्चों को मार डाला था, जिसके प्रतिशोध स्वरूप भेड़ियों ने जोरदार हमले कर मनुष्यों के 50 से भी अधिक मासूम बच्चों को मौत के घाट उतार दिया था। उस दौरान वन विभाग के द्वारा चलाए गए भेड़ियों के धर-पकड़ अभियान में कुछ भेड़िए पकड़े भी गए थे, लेकिन उनके बीच में मौजूद आदमखोर जोड़ा हमेशा बचता रहा और बदला लेने के मिशन में लगातार कामयाब भी होता गया। हालांकि बाद में आदमखोर भेड़ियों को वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा गोली मार दी गई और अंततरू भेड़ियों का खूनी आतंक खत्म हो पाया था। गौर करें तो इस बार भी बहराइच की घटनाओं में भेड़ियों का वही व्यवहार... वही पैटर्न सफल होता हुआ प्रतीत हो रहा है। सबसे बड़े दुरूख की बात तो यह है कि एक बार फिर इन भेड़ियों की जान खतरे में आ गई है, क्योंकि शासन-प्रशासन की ओर से बेकाबू हो चुके इन आदमखोर भेड़ियों को गोली मार देने का आदेश दे दिया गया है। वैसे भेड़ियों के विरूद्ध की जाने वाली सरकारी कार्रवाइयों पर गौर करें तो उनके जीवन का सर्वाधिक स्याह पक्ष अंग्रेजों के समय का है, जब ब्रिटिश सरकार की ओर से भेड़ियों को मारने का बड़ा अभियान चलाकर 40 सालों में एक लाख से भी अधिक भेड़ियों को शिकारियों ने मार डाला था और ब्रिटिश राज की तरफ से ईनाम भी प्राप्त किया था। देखा जाए तो मनुष्य और वन्य पशुओं के बीच जारी संघर्षों का यह सिलसिला बेहद गंभीर और चिंताजनक है। इसलिए समय रहते इसका हल ढूंढना जरूरी है। अन्यथा यह समस्या अत्यंत विकराल रूप भी ले सकती है। ऐसे में जरूरी है कि केंद्र और राज्य सरकारें वन्य प्राणी विशेषज्ञों की सलाह लेकर वन्य पशुओं के प्राकृतिक आवासों को संरक्षित करने तथा बड़े स्तर पर वनीकरण अभियान चलाकर वनों के विकास करने की दिशा में कुछ ठोस और सकारात्मक कदम उठाएं, ताकि हमारे वन्य साथी आजादी से अपने घरों में बेफिक्र होकर रह सकें। संभव है कि इन प्रयासों के फलीभूत होने में कई वर्ष लग जाएं, लेकिन इस दौरान एक कार्य किया जा सकता है, वह है इन वन्य प्राणियों के साथ प्रेमपूर्ण आचार और व्यवहार करना। इसमें कोई संदेह नहीं कि यदि इन वन्य पशुओं के विरूद्ध क्रूरता के बदले में दया का भाव दर्शाया जाए और इनको लाड़-प्यार दिया जाए तो मनुष्यों के प्रति इनके हिंस्र व्यवहारों में भी परिवर्तन आ सकता है।

# रात में देर से सोते हैं तो हो जाएं सावधान! नींद पूरी ना होने से हो सकती हैं डायबिटीज



जब हम सोते हैं तो हमारे दिमाग में कई तरह के केमिकल रिएक्शन होते हैं जिससे हमारे शरीर को ठीक तरह से काम करने में मदद मिलती है। अगर हम कम सोएं या हमारी नींद पूरी ना हो तो इससे हमारे शरीर में कई तरह की समस्याएं होने लगती हैं।सोना हमारे लिए कितना जरुरी है यह तो आप जानते ही होंगे। दिनभर की भागदौड़ और थकान के बाद जब हम सोते हैं तो हमारे दिमाग में कई तरह के केमिकल रिएक्शन होते हैं जिससे हमारे शरीर को ठीक तरह से काम करने में मदद मिलती है। अगर हम कम सोएं या हमारी नींद पूरी ना हो तो इससे हमें थकान महसूस होने लगती है। यदि हम लगातार कम सोएं तो इससे हमारे शरीर में कई तरह की समस्याएं होने लगती हैं। आज के इस लेख में हम आपको बताएंगे कि कम सोने की वजह से हमारी सेहत को क्या नुकसान होता है -

**डायबिटीज़**

नींद ना पूरी होने के कारण डायबिटीज़ का खतरा भी बढ़ जाता है। जब हम पर्याप्त नींद नहीं लेते हैं तो इससे हमारे शरीर में इंसुलिन का लेवल कम होने लगता है। जो लोग 5 घंटे या उससे कम नींद लेते हैं उनका ब्लड शुगर लेवल ज्यादा होता है और ऐसे लोगों में टाइप 2 डायबिटीज का खतरा बढ़ जाता है।

**वजन बढ़ना**

आपको यह जानकर हैरानी होगी कि आपके बढ़े हुए वजन का कारण नींद की कमी भी हो सकता है। दरअसल, जब हम लगातार 5 घंटे या उससे कम सोते हैं तो इससे हमारे दिमाग में कई केमिकल रिएक्शन होते हैं। इसके परिणामस्वरूप पेट भरा होने के बावजूद हमारा दिमाग हमें और खाने का संकेत देता है। ऐसे में हम भूख से अधिक खा लेते हैं जिससे हमारा वजन बढ़ता है।

**सेक्स ड्राइव में कमी**

नींद ना पूरी होने के कारण हमारी सेक्स लाइफ भी प्रभावित हो सकती है। जब हम 5 घंटे या उससे कम नींद लेते हैं तो इससे हमारे शरीर में हॉर्मोनल असंतुलन होने लगता है। इससे हमारी सेक्स ड्राइव भी कम होने लगती है और हम अपनी सेक्स लाइफ एंजॉय नहीं कर पाते हैं।

नींद के दौरान हमारे दिमाग में कई केमिकल एक्शंस होते हैं। जब हम सोते हैं तो हमारा दिमाग में कुछ ऐसे केमिकल फंक्शन होते है जो हमें चीज़ों को याद रखने में मदद करते हैं। नींद ना पूरी होने के कारण ये फंक्शन ठीक से नहीं हो पाते हैं जिसके कारण हमारी याद्दाश्त पर प्रभाव पड़ता है। जब हम ठीक से नहीं सोते हैं तो हमें याद्दाश्त संबंधित समस्याएं होने लगती हैं।

**एंग्जायटी और डिप्रेशन**

नींद पूरी ना होने के कारण हमारे दिमाग पर भी प्रभाव होता है। जब हम ठीक से नहीं सो पाते हैं तो इससे हमारा दिमाग थका हुआ महसूस करता है। नींद ना पूरी होने के कारण स्ट्रेस, एंग्जायटी और डिप्रेशन जैसी समस्याओं का खतरा अधिक बढ़ जाता है। नींद ना पूरी होने के कारण व्यक्ति थका हुआ और चिड़चिड़ापन महसूस करता है।

**इम्युनिटी कमजोर होना**

नींद ना पूरी होने के कारण हमारी इम्युनिटी पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इससे हमारा शरीर आंतरिक तौर पर कमजोर हो जाता है। ऐसी स्थिति में हमारा शरीर बीमारियों के चपेट में जल्दी आ जाता है। नींद ना पूरी होने के कारण सर्दी-जुखाम, संक्रमण आदि का खतरा अधिक बढ़ जाता है।